राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 224
लखनऊ, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु तैयारी बैठक सम्पन्न 10

सहायता राशि में वृद्धि कार्मिकों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा : दयाशंकर सिंह 03

### महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में बोले पीएम मोदी

## विरोध करने वालों को लंबे वक्त तक चुकानी पड़ेगी कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण अधिनियम संबंधी संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि इसे राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं है और जो भी इसका विरोध करेंगे उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

उन्होंने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर यह भी कहा कि इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, राष्ट्र के जीवन में कुछ महत्वपूर्ण पल आते हैं और उस समय समाज की मनःस्थिति और नेतृत्व क्षमता उस पल को कैप्चर करके एक राष्ट्र की अमानत और धरोहर बना देती है। संसदीय इतिहास में आज ऐसा ही एक पल है।

**▶ महिला को मिलने वाले अधिकार का जिस-जिस ने विरोध किया, महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया**

मोदी ने कहा, महिला को मिलने वाले अधिकार का जिस-जिस ने विरोध किया, महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया, उनका बुरा हाल हुआ। 2024 के चुनाव में यह नहीं हुआ, क्योंकि (2023 में) सबने मिलकर इसे पारित किया था। उन्होंने कहा कि जिन्हें इसमें राजनीतिक बू आ रही है, वे पहले के परिणामों को देख लें।

उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि इसे राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं है। मोदी ने कहा, जो विरोध करेंगे उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र के जीवन में कुछ बड़े पल आते हैं उस समय समाज की मनोस्थिति एक मजबूत धरोहर तैयार कर देती हैं। मैं समझता हूं संसद के इतिहास में ये वैसे ही पल हैं। आवश्यकता यही थी कि 25 से 30 साल पहले जब ये विचार सामने आया। जरूरत महसूस हुई तब इसे लागू कर देते और आज तक इसे परिपक्वता तक पहुंचा देते। हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहे हैं। हमारी हजार साल की विकास यात्रा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण को राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं है, अतीत में जिन्होंने विरोध किया, महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया। इससे पहले लोकसभा में महिलाओं के आरक्षण और परिसीमन से जुड़े अहम विधेयकों पर गुरुवार को चर्चा शुरू हुई।

केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 देश में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और इससे किसी भी राज्य को नुकसान नहीं पहुंचेगा।

### महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने से किसी राज्य की संसदीय सीटें कम नहीं होंगी : शाह



गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोक सभा में कहा कि महिलाओं को विधायिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी विधेयकों को पारित करने से दक्षिण के राज्यों का सदन में प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा। श्री शाह ने परिसीमन विधेयक 2026, संविधान ( एक सौ इकतीसवां संशोधन ) विधेयक 2026 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2026 पर सदन में एक साथ हो रही चर्चा के दौरान कहा कि एक बड़ा आख्यान गढ़ा जा रहा है कि इन विधेयकों के माध्यम से दक्षिण के राज्यों की लोक सभा में क्षमता कम हो जायेगी, उनका बड़ा नुकसान होगा। वह स्पष्ट कर रहे हैं कि दक्षिण के किसी राज्य को लोक सभा की सीटों के लिहाज से कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में अभी लोक सभा की 38 सीटें हैं, जो महिलाओं को आरक्षण लागू होने के बाद 42 हो जायेंगी। आंध्र प्रदेश में अभी 25 सीटें हैं, जो बढ़कर 38 हो जायेंगी। तेलंगाना में अभी 17 सीटें हैं, जो बढ़कर 26 हो जायेंगी। तमिलनाडु में अभी 39 सीटें हैं, जो बढ़कर 59 हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि अभी लोक सभा की 543 सीटें हैं और उनमें 129 सीटें दक्षिण के राज्यों की हैं, जो बढ़कर 195 हो जायेंगी। श्री शाह ने कहा कि जो सदस्य सदन के समक्ष कुछ राज्यों की सीटें कम होने की भ्रांति फैला रहे हैं, तो वह भारत के गृह मंत्री के रूप में यहां कह रहे हैं कि सीटों के लिहाज से किसी राज्य का कोई नुकसान नहीं होगा। गृह मंत्री ने कहा कि यह भी भ्रम फैलाया जा रहा है कि सरकार जाति जनगणना कराना नहीं चाहती। वह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय कर लिया है। मंत्रिमंडल ने निर्णय किया है कि अगली जनगणना में जाति गणना करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पहले सभी मकानों की गणना की जा रही है, जब व्यक्तियों की गणना की जायेगी, तो उनकी जातियों की गणना की जायेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 2029 से पहले जो भी चुनाव होंगे, वे सीटों की पुरानी व्यवस्था के अनुसार ही कराये जायेंगे।

## 19-21 अप्रैल तक दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भारत दौरे पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग 19-21 अप्रैल तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। राष्ट्रपति ली की यह भारत की पहली यात्रा होगी।

विदेश मंत्रालय के अनुसार ली म्युंग के साथ प्रथम महिला किम हे क्युंग और उनके मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी तथा व्यापारिक नेताओं का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा।

इस दौरान राष्ट्रपति ली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। वह प्रधानमंत्री मोदी से जहाज निर्माण, व्यापार, निवेश, एआई, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण तथा उभरती प्रौद्योगिकियां, लोगों से लोगों का जुड़ाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा दोनों नेता आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी उनके सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु म्युंग के सम्मान में एक राजकीय भोज का आयोजन करेंगी।

उल्लेखनीय है कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच एक बहुआयामी साझेदारी है जिसकी जड़ें प्राचीन सभ्यतागत संबंधों और लोकतंत्र तथा कानून के शासन के साझा मूल्यों में निहित हैं।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,720/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,750/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,830/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,70,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

#### इंदिरापुरम की झुग्गियों में लगी भीषण आग, पूरे इलाके में धुएं का गुबार



**गाजियाबाद।** यूपी की राजधानी लखनऊ के बाद गुरुवार दोपहर को गाजियाबाद में इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी इलाके में पन्नी के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग तेजी से पास बसी झुग्गियों तक फैल गई, जिससे इलाका धुएं के गुबार से भर गया। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिनमें ऊंची आग की लपटें और घने काले धुएं का गुबार साफदिखाई दे रहा है। आग पन्नियों के गोदाम में शुरू हुई और वहीं पन्नी बीनने वालों की कुछ झुग्गियों में भी पहुंच गई। गाजियाबाद के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मादंड ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, आग में किसी के फंसने या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

#### 5.78 करोड़ की संपत्ति कुर्क, तीन लग्जरी कार जब्त

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत 5.78 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क कर दी। यह कार्रवाई मोहनलालगंज और नगराम पुलिस की संयुक्त टीम ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर की। पुलिस के मुताबिक गैंग लीडर प्रमोद कुमार उपाध्याय और उसके साथी विनोद कुमार उपाध्याय समेत अन्य सदस्य रियल एस्टेट के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

#### पंजाब में आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**चंडीगढ़/अमृतसर।** एक महत्वपूर्ण काउंटर-टेरर ऑपरेशन में, पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित सीमा-पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए, स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) की अमृतसर और मोहाली इकाइयों ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया, जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से चार हैंड ग्रेनेड, दो विदेशी निर्मित पिस्तौलें और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया।

## सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा : सीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिस कर्मियों के कार्य की गति बढ़ी है। परिणाम है कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना और सुशासन का बेहतरीन मॉडल खड़ा हुआ।

सीएम योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों में मंदिर सुरक्षा से जुड़े अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस स्टोर रूम और मेंटिनेंस वर्कशाप बनाई गई है। इसके निर्माण पर 9.18 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा भवनों में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त होती है। हर व्यक्ति को सुरक्षा चाहिए। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। परहम उसका एक ही पक्ष देख पाते थे। पुलिस का सामान्य सिपाही हो या सब इंस्पेक्टर व डिप्टी एसपी, यदि उसकी ट्रेनिंग नहीं है तो वह भी एक कॉमन मैन ही होगा।



**▶ समय पर पुलिस भर्ती, ट्रेनिंग व सुविधाओं से सुरक्षा का बेहतर माहौल : योगी**

पहले की सरकारों में भर्ती, ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता था। इसका परिणाम यह होता था कि बहुत से नौजवान पुलिस भर्ती में नहीं आना चाहते थे। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, एडीजी गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन, एडीजी सुरक्षा तरुण गाबा, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### बीते 9 वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया

मुख्यमंत्री ने पुलिस महकमे में वर्ष 2017 के बाद आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि 9 साल पहले जब उनकी सरकार आई तो उस समय पुलिस बल में आधे से अधिक पद खाली थे। बीते 9 वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता एक समय में 3 हजार से अधिक नहीं थी, जबकि वर्तमान में अवस्थापना सुविधाओं के विकास का परिणाम है कि अब एक समय में 60 हजार पुलिस कार्मिकों की ट्रेनिंग करवाई जाती है। समय पर निर्णय, और समय पर दिए गए संसाधनों के परिणामस्वरूप पुलिस को 200 गुना अधिक सुविधाओं से सम्पन्न किया गया है। पहले थाना हो, चौकी हो, पुलिस लाइन हो या पीएसी वाहिनी, कहीं भी पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा और अच्छे बैरक नहीं थे। पुलिसकर्मी किराए पर रहकर जैसे-तैसे जीवन व्यतीत करता था। कई बार शिकायत आती थी कि पुलिस वाले ने घर पर कब्जा कर लिया है। वह कब्जा नहीं करता था। पहले पुलिस थाने का भवन बनता था, लेकिन उसमें बैरक नहीं बनते थे। अन्य सुविधाएं भी नहीं उपलब्ध हो पाती थीं। बहुत बार पुलिस किसी अपराधी को पकड़कर लाती थी तो उसे रखने की व्यवस्था नहीं होती थी।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर पार्किंग एरिया में दो विमान आपस में टकराए, बड़ा हादसा टला, सभी यात्री सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज यानी गुरुवार को एक बड़ा विमान हादसा टल गया, जब ग्राउंड पर टैक्सी करते समय स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। यह घटना एयरपोर्ट के पार्किंग एरिया में हुई, जहां अकासा एयर का विमान पहले से खड़ा था। टक्कर के कारण दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा, लेकिन राहत की बात यह रही कि सभी यात्री और क्रू सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार स्पाइसजेट का बी737-700 विमान टैक्सी करते हुए आगे बढ़ रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह अकासा एयर के खड़े विमान से जा टकराया। इस टक्कर में स्पाइसजेट के विमान का राइट विंग क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद तुरंत ग्राउंड स्टाफ और सुरक्षा टीम मौके पर पहुंच गई। अकासा एयर की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उनकी फ्लाइट क्यूपी 1406 दिल्ली से हैदराबाद के लिए तैयार थी और पार्किंग एरिया में खड़ी थी। इसी दौरान स्पाइसजेट का विमान उससे टकरा गया, जिससे अकासा विमान के लेफ्ट हैंड हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद फ्लाइट को तुरंत रोक दिया गया।




हादसे के तुरंत बाद दोनों विमानों में मौजूद यात्रियों और क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी और एयरलाइंस के कर्मचारियों ने मिलकर स्थिति को संभाला और किसी भी तरह की अफरा-तफरी नहीं होने दी। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए गए। इस घटना के बाद स्पाइसजेट के विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर ही ग्राउंड कर दिया गया है। जब तक उसकी पूरी जांच और मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक उसे उड़ान के लिए उपयोग में नहीं लिया जाएगा। तकनीकी टीम अब इस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। अकासा एयर ने बताया कि उनके विमान के यात्रियों को जल्द से जल्द गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। ग्राउंड टीम यात्रियों को दूसरी फ्लाइट या अन्य विकल्प उपलब्ध कराने में जुटी हुई है। एयरलाइंस ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद भी जताया है।

## भारत-ऑस्ट्रिया के बीच खाद्य सुरक्षा सहित कई समझौते

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के बीच गुरुवार को यहां हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की महत्वपूर्ण वार्ता हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच खाद्य सुरक्षा सहित कई समझौते हुए।

बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद रहे। वार्ता में व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। इससे पहले चांसलर स्टॉकर ने नई दिल्ली स्थित राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गांधीजी के शांति, अहिंसा और वैश्विक सद्भाव के संदेश को याद किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ऑस्ट्रिया के चांसलर ने बापू और उनके आदर्शों को याद करते हुए राजघाट पर श्रद्धांजलि दी और उनके सार्वकालिक संदेश पर चिंतन किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने अनिवार्य मतदान की मांग वाली याचिका खारिज की



**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अनिवार्य मतदान लागू करने के निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि जो लोग मतदान करने से इनकार करते हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर देना चाहिए और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।

न्यायालय ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि चुनावों में भागीदारी को दमनकारी या बाध्यकारी उपायों से लागू नहीं कर सकते।

## लश्कर का सह-संस्थापक अमीर हमजा गोलीबारी में घायल

**एजेंसी, लाहौर।**

पाकिस्तान के लाहौर शहर में अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में लश्कर-ए-तैयबा के सह-संस्थापक और वरिष्ठ नेता अमीर हमजा गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह हमला शहर के एक न्यूज चौनल के दफ्तर के बाहर हुआ, जहां हमलावरों ने उसे निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। हमजा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां वह फिलहाल आईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। पूरे घटनाक्रम की गति और सटीकता को देखते हुए इसे एक सुनियोजित हमला माना जा रहा है। इस घटना ने पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि यह हमला एक व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुआ। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां हमलावरों की पहचान और उनके मकसद का पता लगाने में जुटी हैं। अमीर हमजा को लश्कर-ए-तैयबा का प्रमुख रणनीतिकार और वैचारिक चेहरा माना जाता है। अमीर हमजा ने आतंकी हाफिज सईद के साथ मिलकर 1987 में लश्कर-ए-तैयबा नामक आतंकी संगठन की स्थापना की थी। भारत में कई आतंकी हमलों में अमीर हमजा की भूमिका रही है।



**▶ भारत में कई आतंकी हमलों में अमीर हमजा की भूमिका**

साल 2018 में हमजा ने खुद का संगठन भी बनाया था। इस संगठन का नाम जैश-ए-मनकाफा रखा गया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, हमजा केवल एक ऑपरेशनल कमांडर नहीं, बल्कि संगठन के लिए विचारधारा तैयार करने वाला प्रमुख व्यक्ति रहा है। वह कथित तौर पर नए सदस्यों की भर्ती, प्रशिक्षण और वैचारिक मार्गदर्शन में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। अमेरिका ने उसे वैश्विक आतंकवादी घोषित कर रखा है और उस पर कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध भी लागू हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी को राहत देने से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



उच्चतम न्यायालय ने अनिल अंबानी की उस याचिका पर राहत देने से इनकार कर दिया है जिसमें उन्होंने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें बैंकों को उनके ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की अनुमति दी गई थी। यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले से संबंधित है जिसमें दो बैंकों को अनिल अंबानी के लोन खाते को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने दिसंबर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें अनिल अंबानी को अंतरिम राहत दी गई थी।

## चार ज्येष्ठ खनन अधिकारी सहित कुल सात पर कार्रवाई

**▶ समयबद्धता के साथ खदानों को संचालित कराने व सरकार के राजस्व व पारदर्शिता के साथ समझौता नहीं**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा महबूब, तत्कालीन खान अधिकारी, सोनभद्र सम्प्रति ज्येष्ठ खान अधिकारी, जे. पी. द्विवेदी, तत्कालीन ज्येष्ठ खान अधिकारी, सोनभद्र सम्प्रति सेवानिवृत्त, कमलेश कुमार राय, तत्कालीन खान अधिकारी, सोनभद्र सम्प्रति ज्येष्ठ खान अधिकारी, आशीष कुमार, तत्कालीन ज्येष्ठ खान अधिकारी, सोनभद्र, चन्द्र प्रकाश तिवारी, तत्कालीन खनिज मोहर्रिर, सोनभद्र कमला शंकर उपाध्याय, तत्कालीन खनिज मोहर्रिर, सोनभद्र, सुनील कुमार, तत्कालीन खनिज मोहर्रिर/लिपिक, सोनभद्र पर कार्रवाई का आदेश जारी किया गया है।




प्रकरण यह है कि वर्ष 2017 में चूना पत्थर की आवंटित खदान को वर्ष 2019 तक संचालित किया जाना निर्धारित था, जो नहीं सुनिश्चित किया गया। समयसीमा में विस्तार के लिये कोई प्रस्ताव उपरोक्त अधिकारियों द्वारा जनपद सोनभद्र में तैनात रहने के बावजूद समय से प्रेषित नहीं किया गया, जिसके फलस्वरूप खदान संचालन सुचारू रूप से व समय से नहीं हुआ।

इस संबंध में मण्डलायुक्त, मिर्जापुर की आख्या व संस्तुति के आधार पर कार्रवाई के आदेश देते हुए राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सरकार के राजस्व व पारदर्शिता से कोई समझौता व कोई शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

शासकीय राजस्व हित में व पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्यों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं।

**खुलासा** — भड़काऊ पोस्ट करने वाले अकाउंट सीमा पार से हो रहे थे संचालित

## नोएडा हिंसा की साजिश के तार पाकिस्तान से जुड़े

**एजेंसी, नोएडा।**

यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में वेतन बढ़ाने के नाम को लेकर श्रमिकों के हिंसक आंदोलन के तार पाकिस्तान से जुड़े है। श्रमिकों के आंदोलन का भड़काने के लिए प्रयोग किए सोशल मीडिया के अकाउंटों को पाकिस्तान से संचालित किया जा रहा था। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। यह खुलासा नोएडा की पुलिस कमिश्नर ने किया है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने गुरुवार की शाम को एक प्रेस वार्ता में बताया कि 13 अप्रैल को वेतन वृद्धि को लेकर श्रमिकों के किए गए उग्र और हिंसक आंदोलन के पीछे पाकिस्तानी लोगों का हाथ है। उन्होंने बताया कि जांच में यह पाया गया कि कुछ लोग सोशल मीडिया एक्स और अन्य प्लेटफार्म के माध्यम से श्रमिकों को भड़का रहे थे। इस मामले में थाना सेक्टर 20 में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान पता चला कि जिन अनुषि तिवारी, और मीर इलियास (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नामित सोशल मीडिया समन्वयक) के नाम से एक्स हैंडल बनाए गए थे, वे वास्तव में पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जांच मे वीपीएन का भी दुरुपयोग पाया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जांच जारी है और नगर में आज स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। सुबह से ही पुलिस बल ने कई जगह फ्लैग मार्च किया तथा पेट्रोलिंग कराई जा रही है। जनपद गौतमबुद्ध नगर की विभिन्न इकाइयां और संस्थान खुली है तथा



श्रमिक शांतिपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रमिकों के वेतन बढ़ाने के लिए वेज बोर्ड का गठन किया है। श्रमिकों के साथ हुए समझौते की शर्तों का लागू कराया जा रहा है। इस समय श्रमिकों में संतोष है तथा पुलिस के अधिकारी लगातार श्रमिकों से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जो हिंसा प्रदर्शन हुआ था, उसमें ज्यादातर शरारती तत्व बाहरी थे। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि कुछ विशेष लोग आंदोलनकारियों को भड़का रहे थे। इसी जांच के तहत बीते 11 अप्रैल की रात को रूपेश राय और मनीषा को गिरफ्तार किया गया था। अभी कुछ लोग फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो बाहरी तत्व श्रमिक हिंसा के दौरान जांच में प्रकाश में आए हैं, उनके बैंक खातों की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार 66 लोगों में 42 लोग मजदूर नहीं है। इससे साफ जाहिर होता है कि अशांति फैलाने के लिए बाहरी तत्वों ने साजिश रची। इस मामले में अब तक 13 मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

## पति बाहर, पत्नी ने घर में लगा लिया फांसी का फंदा

- विवाहिता की संदिग्ध मौत से सनसनी

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत लक्खारामपुर के मजरा मुन्ना सिंह पुरवा में सोमवार शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना करीब शाम 4 बजे की बताई जा रही है। मृतका कौशल्या (32) पत्नी राधेश्याम ने घर की छत में लगी कुंडी में मोबाइल डेटा केबल का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसका पति राधेश्याम हरियाणा के अंबाला में रोजी-रोटी कमाने गया हुआ था और मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का मोबाइल फोन भी पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतका की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व हुई थी और वह अपने पीछे एक पुत्र व दो पुत्रियों को छोड़ गई है। मां की असमय मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध अतिक्रमणों पर तहसील प्रशासन की नज़रें हुई टेढ़ी

- एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अगुवाई में दौड़ रही है जेसीबी
- सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माण हुए ज़मींदोज़



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र नानपारा अन्तर्गत ग्राम रामनगर सेमरा, परगना चरदा स्थित गाटा संख्या 56 रकबा 0.122हे. जोकि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज है, पर ग्राम के ही व्यक्ति के द्वारा लंबे समय से पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। अवैध कब्जे की जानकारी होने पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार नवाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर जे.सी.बी के माध्यम से सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित पक्के बने निर्माण को ध्वस्त करवा दिया गया। अवैध अतिक्रमण पर तहसील प्रशासन द्वारा की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से जहां जिला प्रशासन का इकबाल बुलन्द हुआ है वहीं अवैध रूप से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों में बेचैनी बढ़ गई है। एसडीएम श्रीमती जौहरी ने स्पष्ट किया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जों को किसी भी सूरत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध तहसील प्रशासन द्वारा निरन्तर अभियान चलाया जायेगा। एसडीएम ने आमजन को सुझाव दिया है कि यदि उनके द्वारा सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी प्रकार की अवैध कब्जा किया गया है तो उसे तत्काल हटा लें अन्यथा की स्थिति में अवैध कब्ज़ों को हटाने के साथ-साथ सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

## घाघरा घाट पुल मरम्मत के लिए हुआ बंद



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल में स्थित घाघरा नदी पर बना संजय सेतु मरम्मत के लिए आज से दो महीने के लिए बंद कर दिया गया है। यह पुल बहराइच, गोंडा, बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों को प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जोड़ता है। पुल के जर्जर होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। पुल बंद होने के कारण छोटे और आपातकालीन वाहनों के लिए वैकल्पिक रूप से पीपा पुल की व्यवस्था की गई है। इन वाहनों को पीपा पुल के रास्ते राजधानी लखनऊ भेजा जाएगा। जिला प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए डायवर्जन प्लान लागू किया है। 14 मई तक पुल की मरम्मत के चलते, बहराइच से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन (ट्रक, बस, डंपर, टैंकर) टिकोरा मोड़ से चहलारी घाट, रेउसा होते हुए लखनऊ पहुंचेंगे। श्रावस्ती और बलरामपुर जनपदों से आने वाले भारी वाहनों को भी टिकोरा मोड़ के रास्ते ही भेजा जाएगा। पुल की मरम्मत के कारण बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और बलरामपुर के निवासियों को राजधानी लखनऊ पहुंचने के लिए अब अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी। हल्के वाहन जैसे बाइक और कार, साथ ही एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस जैसे आपातकालीन सेवा वाहन पीपा पुल के रास्ते रामनगर होते हुए राजधानी जा सकेंगे।

# शराब ठेका खोलने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

## डीएम कार्यालय पहुंचकर लोगों ने सौंपा ज्ञापन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के सुजौली इलाके में प्रस्तावित देशी शराब की दुकान के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ठेका न खोलने या उसे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। ग्रामीणों का तर्क है कि गांव के पास शराब की दुकान खुलने से सामाजिक माहौल खराब होगा और युवाओं पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं और बुजुर्गों ने भी भाग लिया और प्रशासन से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर देसी शराब की दुकान को गांव से दूर किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि इलाके में शराब की दुकान खुलने से न केवल माहौल खराब होगा, बल्कि अराजक तत्वों का जमावड़ा होने से आम लोगों को भी परेशानी होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। वहीं, प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## कक्षा 10 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वेदांग पटवा को किया गया सम्मानित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड मुख्यालय पर वेदांग पटवा को अधिकारी, कर्मचारी, तथा सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं तथा शिक्षकों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 के परिणाम के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय बहराइच के छात्र वेदांग पटवा ने 96.25 प्रतिशत अंक अर्जित करके अपने माता पिता तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है। मेधावी छात्र वेदांग पटवा द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ब्लॉक मुख्यालय फखरपुर में ब्लॉक के अधिकारी तथा कर्मचारियों के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षकों के द्वारा वेदांग पटवा को माला पहनकर स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता पेशकार यादव, सौरभ अवस्थी, रामपलटन पांडे, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला, सौरभ अवस्थी सहित तमाम क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## वैकल्पिक मार्ग चहलारी घाट पुल का एसपी ने किया निरीक्षण

- घाघरा पुल के मरम्मत कार्य के दृष्टिगत भारी वाहनों का अब आवागमन होगा चहलारी पुल से



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने वैकल्पिक मार्ग चहलारी घाट पुल का निरीक्षण किया। लखनऊ-बहराइच मार्ग पर स्थित घाघरा पुल के पुनर्निर्माण कार्य के दृष्टिगत भारी वाहनों के आवागमन को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किए जाने के क्रम में जनपद पुलिस द्वारा वैकल्पिक यातायात व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सघन निरीक्षण एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी गुरूवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारी पुल एवं उससे संबंधित वैकल्पिक मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यातायात संचालन, मार्ग की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था एवं संभावित जाम बिंदुओं का गहन अवलोकन किया। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैकल्पिक मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा यातायात का सुचारु एवं सुरक्षित संचालन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही, मार्गों पर संकेतक बोर्ड, बैरिकेडिंग एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की स्पष्ट व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए, जिससे वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जनसामान्य एवं विशेषकर भारी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह, यातायात प्रभारी व थानाध्यक्ष हरदी भी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### एक निरीक्षक 21 उपनिरीक्षक सहित चार चौकी प्रभारी बदले गए

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए जिले के एक निरीक्षक 21 उपनिरीक्षक सहित चार चौकी प्रभारी को बदल दिया। निरीक्षक रमाशंकर राय को अतिरिक्त निरीक्षक उमरीबेगम गंज उपनिरीक्षक अवनीश यादव को थाना खोड़ारे उपनिरीक्षक वीर बहादुर यादव को थाना मनका पुर उपनिरीक्षक सीता राम यादव शिव नाथ गुप्ता संजय त्रिपाठी को थाना उमरी बेगम गंज उपनिरीक्षक अखिलेश तिवारी को चौकी प्रभारी मुग़रा बाजार थाना उमरी बेगम गंज उपनिरीक्षक सरफराज खान धर्मेंद्र यादव शमशुद्दीन को थाना धाने पुर सुमित कुमार सिंह को चौकी प्रभारी कस्बा कर्नल थाना कर्नल गंज वैभव सिंह को चौकी प्रभारी एस सी पी एम से हटा कर चौकी प्रभारी दर्जी कुआं थाना कोतवाली देहात रोहित रणवीर को चौकी प्रभारी एस सी पी एम कोतवाली नगर उपनिरीक्षक आकाश दीप को थाना परस पुर उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद को थाना खोड़ारे उपनिरीक्षक रामचंद्र यादव वीरेंद्र यादव को थाना नवाब गंज उपनिरीक्षक राम केश भारती को थाना इटियाथोक उपनिरीक्षक शंशाक मौर्या को थाना कर्नल गंज शेष नाथ पांडेय को थाना कौड़ियां उपनिरीक्षक अशोक कुमार जयसवाल को वाचक कोतवाली नगर उपनिरीक्षक गजेंद्र पांडेय का स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया।

### श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत आयोजित हुआ लोकगीत कार्यक्रम



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मिशन शक्ति इकाई के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 की संकल्पना महिलाओं की भूमिका विषय पर लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्रचार प्रोफेसर जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में संयोजक डॉक्टर रेखा शर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए देश के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉक्टर प्रियंका श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर स्मृति शिशिर ने किया। उक्त अवसर पर प्रियांशी सिंह, वर्षा, सौम्या पांडे, दिव्यांशी उपाध्याय एवं रंजिता यादव ने मधुर एवं सुरीली आवाज में लोकगीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में डॉक्टर संजय कुमार, कृष्णमोहन त्रिपाठी, ड्रिंकल यादव एवं अमित दूबे का सहयोग सराहनीय रहा।

### पशु चिकित्सालय में अव्यवस्था को लेकर विवाद

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** नगर स्थित पशु चिकित्सालय इन दिनों चर्चाओं में है, जहां एक ओर पशुपालकों द्वारा इलाज के नाम पर अवैध वसूली के आरोप लगाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर चिकित्सालय प्रशासन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। इस पूरे प्रकरण ने स्थानीय स्तर पर बहस की स्थिति पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों और पशुपालकों का कहना है कि पशु चिकित्सालय में इलाज कराने के लिए आने पर कुछ कर्मचारियों द्वारा 50 से 100 रुपये तक की धनराशि की मांग की जाती है। उनका आरोप है कि बिना पैसे दिए समय पर इलाज नहीं किया जाता, जिससे पशुओं की हालत बिगड़ने का खतरा बना रहता है। चूंकि यहां आने वाले अधिकांश पशुपालक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से जुड़े हैं, ऐसे में यह कथित वसूली उनके लिए अतिरिक्त बोझ बन रही है। वहीं, दूसरी ओर पशु चिकित्सक डॉ. आनन्द प्रकाश सिंह ने इन सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में सभी पशुपालकों का इलाज नियमानुसार किया जाता है और अब तक किसी प्रकार की लिखित या मौखिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मचारी की संलिप्तता इस तरह के कृत्य में पाई जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले को लेकर स्थानीय नागरिकों में भी दो तरह की राय देखने को मिल रही है। कुछ लोग जहां आरोपों को गंभीर मानते हुए जांच की मांग कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग चिकित्सालय की कार्यप्रणाली को संतोषजनक बता रहे हैं।

हालांकि, आमजन का मानना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होने से स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और यदि कोई अनियमितता है तो उस पर अंकुश लगाया जा सकेगा। कुल मिलाकर, यह मामला सरकारी संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस प्रकरण को किस प्रकार संज्ञान में लेकर आगे की कार्रवाई करता है, ताकि आम जनता का भरोसा कायम रह सके।

# स्कूल चलो अभियान, छात्राओं ने निकाली जनसंपर्क रैली




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रामनगर सेमरा नानपारा नवाबगंज में बृहस्पतिवार को 'स्कूल चलो अभियान' के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एक जनसंपर्क रैली निकाली। इस रैली का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों, विशेषकर कक्षा 9 की छात्राओं, के नामांकन के लिए प्रेरित करना था। छात्राओं ने 'पढ़ी लिखी नारी घर घर की उजियारी ', 'शिक्षा से देश सजाएंगे, हर बच्चे को पढ़ाएंगे ', 'हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा ', 'एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा' और 'पापा सुन लो विनय हमारी, पढ़ने की उम्र हमारी' जैसे नारों के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गों पर रैली निकाली। यह रैली बक्सी गांव रोड, थाना रोड, हज्जिन मस्जिद चौराहा, चौक घंटाघर, छावनी चौराहा और मिर्जापुर रोड सहित कई प्रमुख स्थानों से गुज़री।

# पंपों पर उमड़ी भीड़, आपूर्ति अधिकारी बोले: 'तेल की कोई कमी नहीं'

- जिले में पेट्रोल-डीजल की अफवाह



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहों के कारण एक बार फिर पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस वजह से शहर और ग्रामीण इलाकों के कई पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म हो गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने लोगों से आवश्यकता से अधिक तेल न खरीदने की अपील की है। जनपद मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल खरीदने वालों की भारी भीड़ देखी गई। नगर के डिगिहा समेत ग्रामीण इलाकों के कई पंपों पर तेल खत्म होने के कारण उन्हें बंद करना पड़ा। गुरुवार सुबह तेल पहुंचने के बाद कुछ पेट्रोल पंपों पर वितरण फिर से शुरू हुआ, लेकिन इस दौरान भी बड़ी संख्या में लोग तेल लेने पहुंचे, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में तेल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि लोग अफवाहों के कारण आवश्यकता से अधिक तेल खरीद रहे हैं, जिसके चलते कई स्थानों पर वितरण में दिक्कतें आ रही हैं।

**सुबह से लगी कतारें लोगों में नोंकझोंक का माहौल**

जिले के रिसिया कस्बे में पिछले तीन दिनों से जारी डीजल की किल्लत के बाद अब पेट्रोल का संकट गहरा गया है। बृहस्पतिवार को कस्बे के पांच पेट्रोल पंपों में से केवल एक पर पेट्रोल उपलब्ध होने के कारण सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं। इटकौरी स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर पेट्रोल मिलने की खबर फैलते ही वाहन स्वामियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पेट्रोल भरवाने को लेकर लोगों के बीच और पंप कर्मचारियों से नोंकझोंक होने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सोखा गांव, रविदास नगर और मछली मंडी चौराहा स्थित अन्य पेट्रोल पंपों पर तेल उपलब्ध न होने के कारण सन्नाटा पसरा रहा। कस्बे से लगभग 4 किलोमीटर दूर नरसिंडीहा पेट्रोल पंप पर भी डीजल नहीं मिल रहा था, हालांकि वहां पेट्रोल के लिए वाहनों की कतारें देखी गईं। इटकौरी पेट्रोल पंप पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए कस्बा चौकी प्रभारी ने हेडकांस्टेबल प्रभाकर राज सिंह और शुभम वर्मा को मौके पर भेजा। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित कर स्थिति को संभाला। क्षेत्र में पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) भी सभी पेट्रोल पंपों पर लगातार निगरानी रख रही है।डीजल की कमी से किसान भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। किसान जिलेदार, पीतांबर वर्मा, विनोद यादव, राम प्रकाश, कोइली और फिरोज खान ने बताया कि गेहूं की फसल कट चुकी है, लेकिन डीजल न मिलने के कारण मड़ाई का काम रुका हुआ है।

# प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की मांग की



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पंचायत चुनाव का कार्यकाल बढ़ाने और मनरेगा के तहत किए गए कार्यों का बकाया भुगतान कराने की मांग उठाई है। यह ज्ञापन नवाबगंज, मिहिपुरवा और रिसिया विकास खंडों के प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। प्रधानों ने मांग की है कि यदि समय पर पंचायत चुनाव नहीं कराए जा सकते हैं, तो वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए। साथ ही उन्होंने कार्यकाल समाप्त होने से पहले मनरेगा के अंतर्गत कराए गए कार्यों का लंबित भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की है। ज्ञापन में कहा गया है कि मनरेगा अधिनियम 2005 के तहत कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है। श्रमांश और सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हैं, जिससे प्रधानों पर आपूर्तिकर्ता फर्मों का दबाव लगातार बढ़ रहा है और आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। प्रधानों ने बताया कि उनका कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। यदि इससे पहले भुगतान नहीं हुआ, तो प्रधानों और संबंधित फर्मों के सामने गंभीर वित्तीय संकट खड़ा हो सकता है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 और 19 जुलाई 2026 को समाप्त होना है। मौजूदा परिस्थितियों में समय पर चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। इसके पीछे मतदाता सूची पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और आरक्षण के लिए आवश्यक 'ट्रिपल टेस्ट' प्रक्रिया का अधूरा रहना प्रमुख कारण बताए गए हैं। पंचायत विकास मंच ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू करने के लिए 'ट्रिपल टेस्ट' जरूरी है और निर्वाचित संस्थाओं के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति केवल अस्थायी स्थिति में ही उचित मानी जाती है। संगठन ने सरकार से मांग की है कि यदि समय पर पंचायत चुनाव संभव नहीं हो, तो वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाए।

### ईंधन संकट से जूझता उतरौला कतारों में आमजन और खेतों में ठहर गए किसान

**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल की कमी ने एक बार फिर जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि जहां पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, वहीं खेतों में किसानों के कार्य ठप पड़ते नजर आ रहे हैं। गेहूं की कटाई के इस महत्वपूर्ण समय में डीजल की किल्लत ने किसानों की चिंता कई गुना बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि डीजल की अनुपलब्धता के कारण ट्रैक्टर और हार्वेस्टर जैसे कृषि उपकरण खड़े हो गए हैं, जिससे गेहूं की कटाई प्रभावित हो रही है। यदि समय पर फसल की कटाई नहीं हो पाती है, तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ सकता है।

## शादी, भागवत, मुंडन, भण्डारा, सामाजिक व पारिवारिक आयोजनों के लिए कामर्शियल गैस सिलेंडर के लिए करें आवेदन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में घरेलू एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में गैस सिलेंडर के सुव्यवस्थित उपयोग एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 अप्रैल, 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने की, जिसमें सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं एरिया मैनेजर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शादी, भागवत, मुंडन, भण्डारा आदि सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए कामर्शियल गैस सिलेंडर प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाए। इसके अंतर्गत संबंधित व्यक्ति को निर्धारित आवेदन पत्र के साथ परिवार रजिस्टर की नकल (कॉपी) संलग्न करनी होगी। साथ ही, आवेदन पत्र पर संबंधित विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी पंचायत (एडीओ पंचायत) एवं ग्राम पंचायत से सत्यापन व हस्ताक्षर कराना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूर्ण रूप से सत्यापित आवेदन पत्र जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में जमा किए जाएंगे, जिसके पश्चात आवेदन की समीक्षा कर ही कामर्शियल गैस सिलेंडर जारी किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकना तथा जरूरतमंदों को समय पर गैस उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे इस प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें तथा बिना अनुमोदन के किसी भी प्रकार का सिलेंडर वितरण न करें। साथ ही, आमजन को भी इस नई व्यवस्था के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने स्तर पर इस व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## नोएडा सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के मजदूरों के ऊपर बर्बर पुलिसिया लाठी चार्ज व गिरफ्तारी घोर निन्दनीय



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** नोएडा सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों के ऊपर बर्बर पुलिसिया लाठी चार्ज के खिलाफ सीटू सहित तमाम ट्रेड यूनियनों कर्मचारियों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी गोण्डा कार्यालय पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार के माध्यम से दिया गया। प्रदर्शन को वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कॉमरेड सत्यनारायण तिवारी ने कहा कि मजदूरों कर्मचारियों व किसानों की मांगों और उनकी समस्याओं का निराकरण करने में ये प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों पूरी तरह विफल रही हैं जिसका परिणाम नोएडा जैसी घटनाएं मजदूरों के आक्रोशित होने के कारण बन रहे हैं। सीटू प्रदेश उपाध्यक्ष कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि उत्तर प्रदेश सरकार न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड का गठन पिछले आठ वर्षों से नहीं कर रही है जिससे वेतन पुनरीक्षण सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों, मजीठिया आयोग की रिपोर्ट न लागू होने, शुगर उद्योग कांच चूड़ी उद्योग बीड़ी ईंट भट्टे आदि सभी 75 शेड्यूल के कर्मियों के वेतन नहीं बढ़ रहे हैं तथा सारे श्रम कानून ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के नाम पर सस्पेंड चल रहे हैं और मजदूरों कर्मचारियों में गुस्से का कारण बन रहा है जिसे तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। प्रदर्शन को ईश्वर शरण, संतोष शुक्ला, हरिओम श्रीवास्तव , किसान सभा संयोजक अमित शुक्ला आदि ने संबोधित किया। मांग पत्र में चारो लेबर कोड रद्द किया जाय तथा न्यूनतम वेतन रूपये 26000/ किया जाय। काम के घंटे 8 घंटे प्रतिदिन तथा सहित साप्ताहिक अवकाश भी सुनिश्चित किया जाय। नियोक्ता द्वारा अतिरिक्त कार्य कराए जाने पर ओवरटाइम प्रतिदिन वेतन के प्रति घंटे को दुगने रुपए में दिया जाय। श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई किया जाय। अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण के रूप में किए जा रहे व्यापार समझौते को रद्द किया जाय तथा बीज बिल विधेयक 2025, इलेक्ट्रिसिटी विधेयक 2025 को तत्काल निरस्त किया जाय, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन 2.0, बीवी जी राम जी अधिनियम 2025 व शांति विधेयक को निरस्त किया जाय, उत्तर प्रदेश में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों, संविदा निविदा आउटसोर्सिंग स्कीम वर्कर्स जिसमें आंगनवाड़ी आशा रसोईया पंचायत मित्र रोजगार सेवक आदि सभी को न्यूनतम वेतन रूपये 26000/ व अन्य सामाजिक हित लाभों जिसमे फंड बीमा बोनस आदि दिया जाय। सभी श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन किया जाय तथा सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के लिए सेल्स प्रमोशन एम्पलाइज एक्ट 1976 को संरक्षित किया जाय तथा 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन में लिए गए निर्णयों को लागू कर पुनः अगला सम्मेलन बुलाया जाय, रेलवे स्टेशन गोण्डा सहित उत्तर प्रदेश के सभी ठेका मजदूरों संविदा निविदा आउटसोर्सिंग स्कीम वर्कर्स व अन्य सभी मजदूरों कर्मचारियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) सुविधा प्रदान किया जाय तथा जब तक ईएसआई सुविधा नहीं मिलती है।

# घबराइए मत, बच्चे के इलाज में बाधा नहीं आने देंगे : सीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बच्चों के इलाज में कोई बाधा नहीं आने देगी।



मां की गुहार पर भावुक हुए सीएम योगी, तुरंत दिए आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। जनता दर्शन में श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। साथ में आए बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने महिला से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। महिला ने कहा कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे और विवेकाधीन कोष से भी बच्चे के इलाज में आर्थिक सहायता देंगे। महिला का प्रार्थना पत्र लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को इस निर्देश के साथ थमाया कि इसे श्रावस्ती के जिलाधिकारी को भेजकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए और साथ ही डीएम के जरिए इलाज का इस्टीमेट भी शासन को उपलब्ध कराया जाए। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मिनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी

अलग- अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए सीएम ने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं पर तुरंत संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने उनसे मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराएं मत। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।

# ऊर्जा मंत्री नाराज, वायरल वीडियो मामले में एक्शन

## लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस, एसडीओ सस्पेंड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एसडीओ अमित कुमार के कथित वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल कड़ा रुख अपनाया।

उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से वार्ता कर मामले की गहन जांच कराते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

श्री शर्मा के निर्देशों के क्रम में एमडी शंभू कुमार द्वारा उपखंड अधिकारी अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

- दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई, जांच शुरु
- शासन की छवि को धूमिल करने वाले व अनुशासनहीनता में लिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई



मुख्य अभियंता आजमगढ़ ने अवगत कराया कि मऊ के डिवीजन प्रथम के एसडीओ द्वितीय अमित कुमार के विरुद्ध वायरल आपत्तिजनक वीडियो के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है और प्रकरण की विभागीय जांच जारी है। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के मामले किसी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। शासन की छवि को धूमिल करने वाले तथा अनुशासनहीनता में लिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### स्मार्ट मीटर के विरोध में बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में स्मार्ट मीटर का विरोध बढ़ता जा रहा है। गुरुवार दोपहर इंदिरानगर के लोगों का आक्रोश सेक्टर-14 के पावर हाउस में फूट पड़ा। लोगों ने वहां पहुंचकर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और विभागीय अधिकारियों के खिलाफमुर्दाबाद के नारे लगाए। करीब एक घंटे तक पावर हाउस में प्रदर्शन किया तो अधिकारियों ने कहा कि चलिए समस्या देखते हैं। इसके बाद वे पैदल ही प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ उनके गांव तक 1 किमी पैदल गए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे बिल जमा करते हैं तो कुछ ही देर में उनका बिल माइनस में हो जाता है। जब तक नए वाले मीटर बदले नहीं जाएंगे तब तक बात नहीं होगी। बिजली विभाग के एसडीओ का कहना है कि यहां पर 2 हजार रुपए तक का अधिकतम बिल लोगों का आ रहा है। इस दौरान लोग सिर्फबिजली मीटर बदलने की मांग पर डटे हुए हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्राओं और शिक्षिकाओं ने मिलकर एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई, जिसके माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। इसी क्रम में छात्राओं, अध्यापकों और विभिन्न महिला समूहों ने जागरूकता के लिए एक पैदल यात्रा निकाली। यह यात्रा महाविद्यालय से शुरू होकर चारबाग तक पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने श्नारी है तो कल हैश् जैसे नारों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई। छात्राओं ने हाथों में कार्ड और बैनर लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।इस पूरे आयोजन का उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम को आम लोगों तक पहुंचाना और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### औरैया की पर्यटन विकास परियोजनाओं के लिए 278 लाख स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पर्यटन विभाग द्वारा राज्य सेक्टर में कानपुर मण्डल के औरैया की तीन विधानसभाओं के लिए 370.53 लाख रूपये के सापेक्ष 278 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से धार्मिक स्थलों का पर्यटन विकास किया जायेगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित हनुमान मंदिर सेहुद धाम के पर्यटन विकास के लिए 105 लाख रूपये, विधुना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्वासा आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 1 करोड़ रूपये तथा इसी विधानसभा के अंतर्गत कुल देवता गंगा बाबा नवी मोहान मधवापुर विकासखण्ड सहार के पर्यटन के लिए 73 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है।इन कार्यों के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। निर्माण कार्यों को गुणवत्ता तथा समयबद्धता के साथ पूरा करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यटन विकास की योजनायें स्वीकृत की गयी हैं। इसका उद्देश्य प्राचीन धार्मिक स्थलों का पुनरूद्धार एवं सौन्दर्यीकरण करके श्रद्धालुओं को आकर्षित करना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए युवा पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ना है।

# विकास नगर अग्निकांड सिर्फ हादसा या साजिश?

- आग की लपटें नहीं यह गरीबों के सपनों का अंत था, फटते सिलेंडरों ने पल भर में वर्षों के बसे आशियाने किये राख, जिंदगियां छिनी, नम आंखों से राख के ढेर में पीड़ितों की तलाश जारी



**शोएब गाज़ी**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उम्रें बीत जाती हैं एक आशियां बनाने में, कुदरत को तरस नहीं आता बस्तियां जलाने में यह दो लाइनें अपने आप में बहुत कुछ बयां करती हैं विकास नगर इलाके की रिंग रोड किनारे स्थित झोपड़पट्टियों में बुधवार शाम लगी आग ने सैकड़ों परिवारों की खुशियों को मातम में बदल दिया।

गरीबों के खून पसीने से बनाई गृहस्थी देखते ही देखते जलकर ख़ाक हो गई हर तरफ़ चीख पुकार मदद की गुहार से इलाका सहम गया, एक बुजुर्ग महिला जिसकी आंखों में सिर्फ धुआं नहीं बल्कि पूरी उम्र की कमाई जलने का दर्द था बार-बार बस एक ही बात दोहरा रही थी कि सब कुछ चला गया कुछ भी नहीं बचा।

वहीं एक छोटा बच्चा जो शायद अभी समझ भी नहीं पा रहा था कि हुआ क्या है अपनी मां का दामन पकड़े आग की लपटों को बस देखे जा रहा था। एक आदमी जलती झोपड़ी के सामने खड़ा था उसकी आंखों में आंसू नहीं थे शायद इसलिए क्योंकि आंसुओं से ज्यादा गहरा उसका दर्द था वह सिर्फ देख रहा था अपनी पूरी दुनिया को राख में बदलते हुए उस शाम मैंने महसूस किया की खबरें सिर्फ शब्द नहीं होती यह किसी की जिंदगी का सच होती हैं। अपनी आंखों के सामने अपने सपने जलते देख कई लोग तो गश खाकर ज़मीन पर गिर गए।

आग की चपेट में आकर कई बच्चे झुलस गए, दो बच्चों की मौत होने की भी सूचना गुरुवार को प्राप्त हुई। हंसते खेलते परिवारों की खिलखिलाहट पल भर में चीख पुकार में तब्दील हो गई, आंखों के सामने गृहस्थी राख होते देख गरीबों की जुबां पर बस अपनों को बचा लेने की गुहार, बदहवास होकर मदद के लिए दौड़ते लोगों को देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। हालांकि दमकलकर्मियों की बहादुरी से राजधानी में एक बड़ी तबाही मचने से बचाया जा सका और किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया परन्तु तब तक उक्त स्थान पर बसे गरीबों की गृहस्थी जलकर खाक हो चुकी थी, मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सहित एडीजी फायर सुजीत कुमार पाण्डेय, लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार, और जिलाअधिकारी सहित कई अफ़सर पहुंचे।

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भी तबाह हुए परिवारों के लिए हर संभव मदद का ऐलान किया। वहीं मौके पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने हादसे की उच्च स्तरीय जांच कराने की भी बात कही। अब देखना दिलचस्प यह है कि वाक़ई में जांच होती है या जांच के आदेश हमेशा की तरह सिर्फ़ हवा हवाई साबित होंगे। खैर सूत्रों द्वारा यह भी जानकारी मिली है कि भू माफियाओं द्वारा कई महीनों से उक्त स्थान पर बसी झोपड़पट्टियों को हटाने का प्रयास किया जा रहा था। हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सीधा आरोप ज़मीन मालिक पर लगाते हुए उनके घर पर पथराव तक कर दिया। हालांकि पुलिस ने स्थिति कंट्रोल कर ली, इन्हीं हालातों को देखते हुए लोगों के मन में सवाल आता है कि यह सिर्फ़ हादसा है या सुनियोजित साज़िश? क्या ज़मीन के ठेकेदारों में गरीबों की जान की कोई क़ीमत नहीं, क्या रोते बिलखते सबकुछ खो चुके परिवारों के प्रति कोई हमदर्दी नहीं कई सवाल हैं जो इस हादसे के बाद लोगों के मन में कांटे की तरह चुभ रहे हैं।

क्या गरीबी हटाओ देश बचाओ के नारे के विपरीत भू माफियाओं द्वारा गरीबों को ही हटाने का प्रयास किया गया? बिना पुष्टि कुछ भी कहना जल्दबाज़ी होगी पर इस भयावाह मंज़र का जिम्मेदार कौन है इसकी उच्च स्तरीय जांच बेहद ज़रूरी है, यदि यह एक हादसा ही है तो हादसों का गवाह सिर्फ़ ईश्वर ही है, बाकी सरकार को संज्ञान लेकर बर्बाद हुए परिवारों के लिए उचित मुआवजे का इंतज़ाम किया जाना चाहिए।

# सहायता राशि में वृद्धि कार्मिकों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा : दयाशंकर सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- मृत कार्मिक के आश्रित को तत्काल मिलेंगे 20 हजार रुपये
- परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों, कार्मिकों के लिए दिनों दिन बेहतर एवं उत्कृष्ट सुविधायें प्रदान किये जाने के किए जा रहे निरंतर प्रयास

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा यात्री राहत योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत किसी बस दुर्घटना में किसी चालक,परिचालक की मृत्यु होने की दशा में उसके आश्रित को आर्थिक राहत प्रदान करने का प्राविधान किया गया है।

योजना के प्राविधानों के तहत निगम में कार्यरत नियमित, संविदा तथा आउटसोर्स कार्मिक जिनकी कार्यरत रहने के दौरान किन्ही भी कारणों से मृत्यु हो जाती है, तो ऐसे कार्मिकों के आश्रितों को अंतिम संस्कार हेतु तत्काल 20000 रुपए का भुगतान निगम आय से किया जायेगा और उस धनराशि का समायोजन यात्री राहत एवं सुरक्षा योजना से किया जायेगा। इसके पूर्व कार्मिकों के आश्रितों को अंतिम संस्कार के लिए 5000 रुपए की आकस्मिक धनराशि प्रदान की जाती थी और बाद में उन रुपयों को उनके मासिक वेतन से कटौती की जाती थी। परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों कार्मिकों के लिए दिनों दिन बेहतर एवं उत्कृष्ट सुविधाये प्रदान किये जाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। यह फैसला कार्मिकों के हितों को ध्यान में रख कर लिया गया है।

परिवहन निगम अपने चालकों परिचालकों को निरंतर प्रशिक्षित करने का कार्य कर रहा है जिससे कि बस दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके लेकिन फिर भी यदि किसी दुर्घटना में किसी चालक परिचालक की मृत्यु हो जाती है तो यह धनराशि उसके लिए मदद का काम करेगी।


# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सितारों ने रचा इतिहास, 10th बोर्ड में 100% परिणाम

## भविष्य की ओर बढ़ते कदम

स्कूल के इस शानदार प्रदर्शन से न केवल छात्र-छात्राएं बल्कि संपूर्ण शाहजहांपुर क्षेत्र उत्साहित है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के अनुशासित परिवेश, आधुनिक लैब सुविधाओं और शिक्षकों के स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन को दिया है।

## वातानुकूलित छात्रावास

इसी सफलता से प्रेरित होकर स्कूल प्रबंध समिति ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्णतः वातानुकूलित एवं सर्वसुविधायुक्त छात्रावास की सुविधा भी प्रारंभ की है, जो मेधावियों के स्वर्णिम भविष्य को गढ़ने में मील का पत्थर साबित होगी। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सफलता



नवरोज कौर
92 प्रतिशत
★★★



आराध्या शुक्ला
90 प्रतिशत
★★★



शुभ वर्मा
90 प्रतिशत
★★★



ध्रुव दीक्षित
90 प्रतिशत
★★★



आराध्या सिंह
90 प्रतिशत
★★★



विधि कटियार
89 प्रतिशत
★★★



वैभव शर्मा
89 प्रतिशत
★★★



जसमीत कौर
89 प्रतिशत
★★★



यश पटेल
89 प्रतिशत
★★★

**मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है।**



सुमनदीप कौर
97.4 प्रतिशत



एकजोत कौर
96 प्रतिशत



गुरमन सिंह
95 प्रतिशत



रकीब कादरी
93 प्रतिशत



अभिषेक सक्सेना
93 प्रतिशत



विमलप्रीत कौर
93 प्रतिशत

**पुवायां।** शाहजहांपुर में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का पर्याय बन चुके दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर ने सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। आज घोषित हुए परीक्षा परिणाम में स्कूल के बच्चों ने शत-प्रतिशत (100%) सफलता प्राप्त कर जनपद में गौरव का परचम लहराया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

छात्र छात्राओं को कई दिनों से परीक्षा परिणाम का बेसब्री से इंतजार था। अभिभावक, शिक्षक और स्कूल प्रबंधन भी परीक्षा परिणाम को लेकर उत्सुक थे। 10वीं का परीक्षा परिणाम आते ही स्कूल में उत्सव का माहौल बन गया। परीक्षा परिणाम देखकर बच्चों के साथ उनके माता, पिता भी हर्षोल्लास से भर गए। इस बार अच्छे परिणाम को लेकर बच्चों मे उत्साह देखने को मिला।

स्कूल में 10वीं में सुमनप्रीत कौर ने 97.4 प्रतिशत, इकजोत कौर ने 96 प्रतिशत, गुरमन सिंह ने 95 प्रतिशत ने प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा रकीब कादरी, अभिषेक सक्सेना और विमलप्रीत कौर ने 93-93 प्रतिशत, नवरोज कौर ने 92 प्रतिशत, आराध्या शुक्ला, शुभ वर्मा, ध्रुव दीक्षित और आराध्या सिंह ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

मेधावी छात्र छात्राओं को स्कूल के चेयरमैन राकेश यादव और वाइस चेयरमैन आदित्य यादव, डॉयरेक्टर आकाश यादव ने बच्चों को माला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर भविष्य में और सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सफलता के संस्कार दे रहा है



- यह केवल एक परीक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों के चरित्र और धैर्य की जीत है। हमने सदैव एक ऐसा वातावरण देने का प्रयास किया है जहाँ हर बच्चा अपनी क्षमता को पहचान सके। हम अपने बच्चों के अभिभावकों के अटूट विश्वास की भी सराहना करते हैं।

**राकेश यादव, चेयरमैन**

-----------**** ------ **** -----------



सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। आज हमारे स्कूल के बच्चों ने अपनी रातों की नींद और दिन के चैन को सार्थक कर दिखाया है। यह तो बस एक शुरुआत है, अभी बच्चों को छूने को सारा आसमान बाकी है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं में हमारे छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने पर गर्व है। यह परिणाम शैक्षणिक उत्कृष्टता, केंद्रित मार्गदर्शन और हर बच्चे के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब हैं। हमारा मानना है कि शिक्षा पाठ्यपुस्तकों से कहीं आगे जाती है। हमारा स्कूल समग्र विकास के केंद्र के रूप में खड़ा है, जहां छात्रों को हर क्षेत्र में खोज करने, नवाचार करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, चाहे वह शिक्षा हो, खेल हो, कला हो या नेतृत्व हो।

**आदित्य यादव, वाइस चेयरमैन**

-----------**** ------ **** -----------



हमारा लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना भी है। 100% परीक्षा परिणाम हमारी सामूहिक कार्यक्षमता और अनुशासन का जीवंत उदाहरण है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों सुविधाओं के साथ, छात्र छात्राओं ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जो प्रयास किए वह परीक्षा परिणाम के रूप में सामने आए हैं। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पुवायां के बच्चों ने इस बार भी ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है और बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई और शिक्षकों, कर्मचारियों को उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों के शैक्षणिक कौशल को दर्शाती है, बल्कि भविष्य की सफलता के लिए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की प्रतिष्ठा को भी रेखांकित करती है।

**आकाश यादव, डॉयरेक्टर**



### कुशल प्रबंधन और शैक्षणिक सुदृढ़ता

एक शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थी के भीतर की जिज्ञासा को जगाना है। आज का दिन स्कूल परिवार के लिए गौरव का दिन है। आज हमारे स्कूल परिवार के मुखिया राकेश यादव का सपना छात्रों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करना साकार होते हुए नजर आ रहा है। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

**जॉली जॉर्ज, प्रधानाचार्या**

-----------**** ------ **** -----------

प्रबंधन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग और जमीनी स्तर पर विद्यार्थियों के साथ जुड़ाव ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्कूल में तैयार की गई विशेष कक्षाओं और मूल्यांकन प्रणालियों ने मेधावियों को तराशने का काम किया है।

**जावेद आलम, उप प्रधानाचार्य**

A MEDIA SOLUTION INITIATIVE

## गुरुजनों का निस्वार्थ समर्पण प्रेरणास्रोत

इस सफलता की सबसे अहम कड़ी विद्यालय के शिक्षकगण हैं। शिक्षकों ने केवल पाठ्यक्रम पूरा नहीं कराया, बल्कि एक 'मार्गदर्शक' की भूमिका निभाते हुए कमजोर कड़ियों को मजबूती में बदला। उनकी दिन और रातों की मेहनत और अतिरिक्त कक्षाओं का ही परिणाम है कि आज दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के आंगन में सफलता की गूंज है। शिक्षक वह मोमबत्ती है जो खुद जलकर दूसरों की दुनिया में उजाला भर देती है।



आयुष शर्मा
86 प्रतिशत
★★★



रेयान खान
86 प्रतिशत
★★★



लकी खान
86 प्रतिशत
★★★



कुनाल कोली
85 प्रतिशत
★★★



हरनीत कौर
85 प्रतिशत
★★★



हेतल शर्मा
85 प्रतिशत
★★★



हरमनदीप सिंह
85 प्रतिशत
★★★



यशराज सिंह
85 प्रतिशत
★★★



कार्तिकेय पटेल
85 प्रतिशत
★★★

## खबरें एक नजर में

### सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनने पर राज्यसभा सांसद ने दी बधाई

**शाहजहांपुर।** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने भारतीय जनता पार्टी से सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर हर्षोल्लास के साथ बधाई दी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने अपने पुवायां स्थित कैंप कार्यालय में लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। सांसद कठेरिया ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सम्राट चौधरी के सक्षम नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार में सुशासन, विकास और जनकल्याण के नए मानक स्थापित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार निश्चित रूप से प्रगति के नए आयाम छूएगा। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और सम्राट चौधरी के सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

### शाहजहांपुर में फैज बने सोनू चौहान

**शाहजहांपुर।** 35 वर्षीय फैज ने स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाते हुए अपना नाम सोनू चौहान रख लिया। खिरनी बाग स्थित काली माता मंदिर में विधि विधान के साथ हवन पूजन और शुद्धिकरण संस्कार कराया गया। यह पूरा कार्यक्रम हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों के साथ हिंदूवादी नेता राजेश अवस्थी के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। सोनू चौहान ने बताया कि उनकी आस्था वर्ष 2000 से ही सनातन धर्म में रही है और वह उसी समय से शिव भक्ति से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि पिछले 4 से 5 वर्षों से वह इस निर्णय पर विचार कर रहे थे और अब विधिवत रूप से सनातन धर्म अपना लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है और इसमें किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं है। सोनू के अनुसार वह लंबे समय से विभिन्न मंदिरों और आश्रमों में जाते रहे हैं जहां से उन्हें आध्यात्मिक प्रेरणा मिली। उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में हिंदू पट्टी तिलहर के निवासी हैं और उनका स्थायी पता मानक नगर कृष्णा नगर आलमबाग है। उन्होंने कहा मैं पहले से ही शिव भक्त था मेरी आस्था सनातन धर्म में लंबे समय से रही है आज विधि विधान के साथ इसे अपनाकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है यह मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार कठिन परिस्थितियों में उन्हें भगवान से सहारा मिला जिससे उनका विश्वास और मजबूत हुआ।

### कटरा नगरपंचायत उप चुनाव के लिए अब तक हुए 17 पर्चे दाखिल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कटरा के अध्यक्ष पद के उपचुनाव में सपा की ओर से भरत पटेल के नामांकन कराने से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। गुरुवार को कई प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गुरुवार को अचानक समाजवादी पार्टी की ओर से भरत पटेल ने पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, जिला अध्यक्ष तनवीर खां आदि सपा नेताओं के साथ तहसील पहुंचकर अपना नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी एसडीएम जीत सिंह राय को सौंपा। सपा द्वारा चुनाव मैदान में आने से कल तक त्रिकोणीय होने वाला मुकाबला अब अलग ही रंग दिखाएगा। इसी के साथ पूजा कसाना, सोनम गुप्ता, अब्दुल समर, सर्वेद अंसारी, रचना, रजी अहमद, वसीम एवं वाजिद ने भी अपने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव अधिकारी जीत सिंह राय ने बताया कि 11 लोगों के द्वारा कुल 17 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं इनकी जांच 18 अप्रैल को पूरी की जाएगी।

### चिनौर में लायन क्लब शक्ति ने लगाया डायबिटीज कैंप




**शाहजहांपुर।** लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर के द्वारा चिन्नौर गांव में डायबिटीज कैंप लगाया गया। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया कि इस बार डायबिटीज कैंप शहर में न लगाकर गांव में लगाया गया है। क्योंकि शहर में लोग थोड़ा बहुत अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक है, लेकिन गांव में लोग जागरुक नहीं है। वहां पर ऐसे कैंप की अधिक जरूरत है। इसलिए हम गांव जाकर ऐसे सेवा कार्य कर रहे हैं। शिक्षिका लायन ललिता यादव ने बताया कि कैंप में लगभग 40 लोगों का सैंपल लेकर डायबिटीज ,ब्लड ग्रुप हीमोग्लोबिन की जांच के लिए सैंपल पैथोलॉजी भेज दिए गए। इन लोगों की रिपोर्ट व्हाट्सएप पर भेज दी जाएगी। इसके साथ ही बीपी की जांच भी की गई, कई लोगों का बीपी बढ़ा हुआ था, उनको डॉक्टर से परामर्श करने के लिए कहा गया। डायबिटीज के लक्षण और बचाव लोगों को बताया गया कि उन लोगों को नियमित व्यायाम करें, मोटा अनाज तथा सलाद का प्रयोग करें चीनी और मीठा खाने से बचे और अगर आपको अपने शरीर में कुछ बदलाव लग रहे हैं। जैसे बार-बार पेशाब आना, अधिक भूख लगना, वजन का गिरनाष कमजोरी आना तो आप डॉक्टर से परामर्श करें और अपनी जांच कराये। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव ,लायन खुशी, लायन गौरी ,ममता, तेजस्विनी तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

### किसान नेताओं ने शुरू किया धरना प्रदर्शन, आमरण अनशन पर भी बैठे



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** विकासखंड परिसर में किसान यूनियन राष्ट्रवादी के बैनर तले किसानों का धरना-प्रदर्शन जारी है। आंदोलन के दौरान शकील मंसूरी, मिथुन कुमार कठेरिया, राम भजन, श्रीपाल और दीनदयाल आमरण अनशन पर बैठ गए हैं, जिससे प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। जिला अध्यक्ष हरिराम वर्मा ने बताया कि संगठन की कई पुरानी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिनका अब तक समाधान नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि विकासखंड कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन साल से तैनात कर्मचारियों का तत्काल स्थानांतरण किया जाए। साथ ही अस्पताल में बिना जन्म के ही बच्चों के फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। धरने में राशन वितरण से जुड़ी अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया गया। रेहरिया की रंजना पांडे ने आरोप लगाया कि स्वयं सहायता समूह द्वारा राशन उठान के बावजूद पोषाहार का वितरण नहीं किया गया। वहीं राजू गुप्ता ने सामूहिक विवाह योजना में नाम सूची से हटाए जाने की जांच की मांग की। किसानों ने जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर, बढ़े हुए बिजली बिल, गेहूं क्रय केंद्र न खुलने और सप्लाई इंस्पेक्टर द्वारा गलत तरीके से राशन कार्ड काटने पर भी नाराजगी जताई। महानंदपुर टोल प्लाजा पर वसूली बंद कराने, ईंट भट्टों से सड़कों पर फैल रही मिट्टी की समस्या दूर करने और विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई सुनिश्चित कराने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलाने, जन सेवा केंद्रों पर हो रही कथित धांधली की जांच, तिलहर के खैरपुर सीएचसी को पुनः चालू कराने तथा स्कूल के पास हो रहे दाह संस्कार पर रोक लगाने की मांग की गई। धरने में गुलजार सिंह, मुनेश्वर दयाल कठेरिया ,रनजोत सिंह, मोहित तिवारी, सहीम, शान मोहम्मद, अकिल खां समेत कई लोग मौजूद रहे।

### किसान पहचान पत्र अनिवार्य रूप से ले, बिचौलियों की भूमिका न रहेः मनीष

**शाहजहांपुर।** प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन-जनपद के नोडल अधिकारी मनीष चौहान ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ डा. अपराजिता सिंह के लखनऊब्बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट ग्राम सरायखास में निर्माणाधीन सर्किट हाउस परियोजना का निरीक्षण किया। परियोजना की लागत लगभग 22.23 करोड़ रुपये है। यह नया सर्किट हाउस वीआईपी सुइट, डोरमेट्री, आधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम और नवीनतम हाई-टेक सुविधाओं से युक्त होगा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्य को तेजी से कराये जाने के निर्देश दिये। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। नोडल अधिकारी ने रौजा मंडी स्थित गेंहू क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मंडी में स्थापित समस्त 12 क्रय केन्द्रों पर गेंहू क्रय कार्य संचालित पाया गया। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पाण्डेय ने बताया कि जनपद के अब तक 6000 एमटी गेहूं क्रय किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को कोई असुविधा न हो, टोकन निर्गत करते हुए क्रय कार्य कराया जा रहा है। किसानों से उनसे फार्मर रजिस्ट्री,किसान पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लिया जाए,जिससे बिचौलियों की भूमिका न रहे। मंडियों में बोरो की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है,जिससे कोई किसान न्यूनतम समर्थन योजना के लाभ से वंचित न रहे। किसानों से वार्ता कर संतोष जाहिर किया। नोडल अधिकारी द्वारा किसानों से तेजी से क्रय कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# चन्दी कॉन्वेंट स्कूल ने रचा इतिहास, शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**▸ विद्यालय मैनेजर अवतार सिंह ने मेधावियों को किया पुरस्कृत**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**












गंगसरा स्थित चन्दी कान्वेंट स्कूल ने एक बार फिर शैक्षिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए कक्षा सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है।

इस वर्ष की परीक्षा में हरमनप्रीत कौर ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं नवनीत सिंह ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा अंशिका राठौर ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर सफलता की इस कहानी को और भी गौरवपूर्ण बना दिया। विद्यालय के मैनेजर अवतार सिंह एवं डायरेक्टर बलदेव सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। प्रधानाचार्या प्रीति चौधरी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। वहीं उप-प्रधानाचार्य बलजिंदर सिंह एवं एडमिनिस्ट्रेटर मिस जूही सिंह ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण ने सभी बच्चों को बधाई दी तथा इस उपलब्धि को गर्व और उल्लास के साथ मनाते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प दोहराया।

## हाईस्कूल के मेधावियों ने सेंटमेरी स्कूल को किया गौरवान्वित

**▸ उत्कर्ष सक्सेना 97.2 प्रतिशत पाकर हुए टॉपर**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा दस सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कुल 68 छात्र सम्मिलित हुए । जिसमें 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर संस्था को गौरवान्वित किया। उत्कर्ष सक्सेना 90.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर रहे। प्रबंधक लाइजू एंटोनी ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 14 छात्रों , 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 28 छात्रों को मेधावी सम्मान से अलंकृत किया। जिसमें उत्कर्ष सक्सेना ने 97.2 प्रतिशत पाकर प्रथम , शाहनवाज़ अंसारी ने 94.8 प्रतिशत पाकर द्वितीय , मयंक शर्मा ने 94 प्रतिशत पाकर तृतीय , आल्विया ने 93.6 प्रतिशत तथा बैतुल नूर ने 93.6 प्रतिशत अंक पाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक श्री एंटोनी ने बताया कि विषयवार उत्कृष्टता में , मयंक शर्मा ने विज्ञान में पूरे अंक प्राप्त किए। बैतुल नूर और उत्कर्ष सक्सेना ने कंप्यूटर में पूरे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। शेष सभी छात्रों ने भी सम्मानजनक अंक प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन किया। जिससे विद्यालय का समग्र परिणाम और भी प्रशंसनीय रहा। विद्यालय प्रबंधक फादर रेव. लिजू एंटोनी ने शिक्षकों के मार्गदर्शन और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सभी छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और प्रयासों के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अवैध कॉलोनियों में नहीं मिल सकेंगे विद्युत कनेक्शनः डीएम



**शाहजहांपुर।** डीएम द्वारा अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग को निर्देश किया गया है,कि जिस भी कॉलोनी द्वारा विद्युत कनेक्शन की मांग की जाती है। उस कॉलोनी की स्वीकृत के संबंध में सूचना शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण से प्राप्त करते हुए ही विद्युत कनेक्शन देने की कार्रवाई की जाए। किसी भी स्थिति में अवैध कॉलोनियों में विद्युत कनेक्शन न दिए जाएं। डीएम ने अधीक्षण अभियंता को कहा कि शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत ले-आउटमानचित्र स्वीकृत कराये बिना विकसित किये जा रही कॉलोनियों, निर्माणों, उपविभाजन को रोकने व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही किए जाते समय यह तथ्य प्रकाश में आ रहा है कि आपके विभाग द्वारा ऐसी अवैध कॉलोनियो,निर्माणों, उपविभाजन किये जा रहे स्थलों को विद्युत कनेक्शन बिना किसी जांच के प्रदान कर दिये जाते हैं। यह प्रक्रिय विकास प्राधिकरण जोनिंग रेगुलेशन को प्रभावी रूप से लागू करने में बाधा उत्पन्न कर रही है। भविष्य में किसी भी कॉलोनी को विद्युत कनेक्शन दिये जाने से पूर्व इस तथ्य की जाँच कर लें।

## बाबा साहब का जीवन और उनके विचार भारतीयों के लिए प्रेरणापुंज



**पुवायां, शाहजहांपुर।** भारतीय संविधान के शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 136वीं जयंती के पावन अवसर पर 14 अप्रैल मंगलवार को पुवायां अंबेडकर नगर के डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में संदेश भारतीय समिति द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर बाबा साहब जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक पुवायां शकुंतला देवी , नगर अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, चेयरमैन संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विनायक अग्रवाल, मंजू आनंद, नौशाद खान, महेश शर्मा, सुरेश वर्मा, विजेंदर प्रजापति, जय प्रकाश पांडे, विकास शुक्ला, राजेश शुक्ला, गौरव त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे। बाबा साहब का जीवन और उनके विचार करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणापुंज हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार बाबा साहब के अंत्योदय के सपने को साकार करने और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर संकल्पित है।

## नारी शक्ति वंदन दीवार स्थापना, हस्ताक्षर अभियान संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय शाहजहांपुर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं कार्यक्रमों की श्रृंखला में नारी शक्ति वंदन दीवार स्थापना, हस्ताक्षर अभियान एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से समर्थन को अभिव्यक्त किया। जिसमें छात्राओं ने नारी शक्ति दीवार पर इस अधिनियम के समर्थन में अपने विचार लिखित रूप से व्यक्त किए तथा स्लोगनों जैसे नारी शक्ति का सम्मान सशक्त लोकतंत्र की पहचान नारी शक्ति का वंदन नवयुग का अभिनंदन नारी शक्ति वंदन अधिनियम आधी आबादी की आवाज आदि के माध्यम से इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन किया। इसी क्रम में हस्ताक्षर अभियान में सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रूपांशुमाला एवं वरिष्ठ प्रोफेसर दुर्गावती सिंह ने हस्ताक्षर किए। तत्पश्चात अन्य शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा भी हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम की समाप्ति छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बना कर की गई। कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पद यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही समाज कल्याण विभाग शाहजहांपुर की ओर से महाविद्यालय में आज डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की मानसी सक्सेना ने प्रथम स्थान, महक अवस्थी ने द्वितीय व गरिमा और सौम्या सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना आवेदन आमंत्रित

**शाहजहांपुर।** जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी शिशुपाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा परंपरागत कुम्हारों, कारीगरों, शिल्पियों और उद्यमियों के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के माध्यम से माटीकला से जुड़े लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अधिकतम 10 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर बैंक द्वारा 95 प्रतिशत तक ऋण स्वीकृत किया जाएगा, जबकि पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत तक की धनराशि विभाग द्वारा अनुदान के रूप में दी जाएगी। इससे लाभार्थियों पर आर्थिक बोझ कम होगा और वे अपने व्यवसाय को आसानी से स्थापित कर सकेंगे। शिशुपाल ने बताया कि योजना के तहत माटीकला से जुड़े विभिन्न व्यवसाय जैसे खिलौना निर्माण, घरेलू उपयोग की वस्तुएं जैसे घड़ा, सुराही, कुल्हड़, गिलास, कटोरी, कप, प्लेट आदि के साथ-साथ सजावटी सामान जैसे गार्डन पॉट, गुलदस्ते, बोनसाई पॉट और लैम्प आदि बनाने के लिए उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में केवल व्यक्तिगत इकाइयों की स्थापना को ही प्राथमिकता दी जाएगी। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां 30 अप्रैल 2026 तक योजना के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए परियोजना विवरण, शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (जहां लागू हो) तथा माटीकला से संबंधित प्रशिक्षण या पारंपरिक ज्ञान आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी दूरभाष संख्या 8318374411 पर संपर्क कर सकते हैं या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सुभाषनगर तिराहा, निकट डायमंड मैरिज लॉन, शाहजहांपुर में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सशक्त नारी के संकल्प संग निकाली गई पदयात्रा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रचार अभियान के संदर्भ में नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कॉलेज के प्रवेश द्वार से आरंभ होकर बरेली मोड़ एवं पुनः कॉलेज गेट पर आकर पूर्ण होने वाली इस पदयात्रा में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। पदयात्रा का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर. के. आजाद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां और जोशीले नारों के साथ प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महिलाओं को समान अधिकार और अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी महिलाओं की स्थिति से आंकी जाती है। जब तक महिलाएं सशक्त नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज में लैंगिक समानता और सम्मान की भावना को मजबूत करें। उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह पदयात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि नारी का सम्मान ही सच्चे अर्थों में सभ्य समाज की पहचान है। हमें अपने व्यवहार और सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाकर महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण देना होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नारी का सम्मान, देश का अभिमान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नारी का मान, देश की शान आदि जागरूकता नारों के माध्यम से वातावरण में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. आलोक कुमार सिंह के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में प्रो. आदित्य कुमार सिंह, प्रो. कमलेश गौतम, एनएसएस अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव, डॉ. बरखा सक्सेना, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. प्रांजल शाही, डॉ. दुर्गविजय, डॉ. निधि त्रिपाठी, बृजलाली, डॉ. बृजनिवास, डॉ. शिवानी भारद्वाज सहित कॉलेज के समस्त शिक्षक, एनसीसी व एनएसएस के कैडेट तथा विभिन्न कक्षाओं की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो

**शाहजहांपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत खुटार ब्लाक सभागार में आयोजित विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एमएलसी बरेली बहोरन लाल मौर्य के साथ पुवायां विस की पूर्व विधायक शकुंतला देवी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, नामित दीक्षित ब्लॉक प्रमुख खुटार, ओमप्रकाश ब्लॉक प्रमुख बंडा, जिला उपाध्यक्ष अरुण शुक्ला, रोहित सिंह जिला उपाध्यक्ष, देव पटेल मंडल अध्यक्ष, सुखदेव सिंह जिला मंत्री, प्रशांत पटेल जिला मंत्री, बाबूराम चेयरमैन प्रतिनिधि खुटार सहित सम्मानित जन उपस्थित रहे। संगोष्ठी के माध्यम से हमने संकल्प लिया कि संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाएंगे और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती देंगे।

## जलालाबाद में श्री परशुराम मंदिर के सरोवर में भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना होगी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से श्री परशुराम मंदिर के विकास के चल रहे कार्यो में एक और महत्वपूर्ण प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है अब जलालाबाद स्थित श्री परशुराम मंदिर के सरोवर में परशुराम की मूर्ति की स्थापना होने जा रही है। श्री प्रसाद के आग्रह पर पुणे से आए प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से गत 13 अप्रैल को भेंट कर मूर्ति स्थापना को लेकर प्रशासनिक विषयों पर वार्ता की।

मूर्ति स्थापना संबंधी इस परियोजना के लिए पुणे से आए ब्रह्म कारपोरेशन के डायरेक्टर सी. पी. त्रिपाठी ने अपनी पूरी टीम के साथ जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात की। मंत्री जितिन प्रसाद से कई चरणों में वार्ता के उपरांत परशुराम जी की भव्य एवं विशाल विशेष पत्थर से बनी मूर्ति परशुराम मंदिर के प्रांगण में स्थित सरोवर में आकर्षक सजावट के साथ जल्द ही स्थापित की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में ब्रह्म ग्रुप के डायरेक्टर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि वह भी जलालाबाद के ही रहने वाले हैं और जितिन प्रसाद के आग्रह एवं उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने की प्रेरणा मुझे प्राप्त हुई । जिसके उपरांत उन्होंने भारत के प्रसिद्ध मूर्तिकार शाहीर चेतन रविंद्र जी हिंगे से वार्ता कर मूर्ति बनाने के संबंध में चर्चा की। सरोबर में स्थापित होने वाली मूर्ति की ऊंचाई 21 फिट होगी सरोवर में बनाए जा रहे स्थान पर 10 फुट का चबूतरा बनाया जाएगा जिसके ऊपर मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इस चबूतरे को मिलाकर कुल 31 फीट ऊंची मूर्ति जनता के आकर्षण का केंद्र रहेगी। उन्होंने कहा की विशेष पत्थर से बनाई जा रही मूर्ति का वजन लगभग 30 से 50 टन का होने की संभावना है मूर्ति महाराष्ट्र से बनकर आएगी। मूर्तिकार चेतन का परिवार लगभग पांच पीढीयो से मूर्ति का कार्य ही विशेष रूप से कर रहा है। जिला अधिकारी से हुई सकारात्मक वार्ता के उपरांत शीघ्र ही सभी अग्रिम प्रक्रिया पूर्ण कर मूर्ति का निर्माण महाराष्ट्र में प्रारम्भ हो जाएगा। साथ ही जितिन प्रसाद की मूर्ति स्थापना की परिकल्पना साकार रूप लेती नजर आएगी। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने श्री परशुराम जन्म स्थली के विकास में सदैव सहयोग के लिए तत्पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयबीर सिंह एवं समस्त अधिकारियों के सहयोग के साथ -साथ मूर्ति स्थापना का निर्णय लेने के लिए श्री त्रिपाठी का भी आभार व्यक्त किया है।

## खबरें एक नजर में

### छठे दिन भी नहीं थमा एआई कैमरों का विरोध, शिक्षकों ने उठाई हटाने की मांग

**शाहजहांपुर।** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में स्टाफ रूम व प्राध्यापक कक्षों में वॉइस रिकॉर्डिंग युक्त एआई कैमरे लगाए जाने को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। गुरुवार को छठे दिन भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। शिक्षकों का आरोप है कि निर्धारित समय पर महाविद्यालय पहुंचने के बावजूद कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. रूपांशु माला द्वारा उपस्थिति पंजिका उपलब्ध नहीं कराई गई और हस्ताक्षर नहीं करने दिए जा रहे हैं। शिक्षकों ने कहा कि वे नियमित रूप से कक्षाएं ले रहे हैं और छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दे रहे हैं, फिर भी उनकी बात नहीं सुनी जा रही।शिक्षकों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए, उपस्थिति विधिवत दर्ज कराई जाए और प्राध्यापक कक्षों में वॉइस रिकॉर्डिंग वाले कैमरे न लगाए जाएं। विरोध प्रदर्शन में डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. श्वेता सक्सेना, डॉ. एमपीएस चौहान, डॉ.आशीष गोयल, ऋतु शर्मा, नम्रता लता, डॉ. उपासना श्रीवास्तव, डॉ. प्रज्ञा वर्मा, संध्या भारती आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकली अंबेडकर जयंती यात्रा, बसपा नेताओं सहित सैकड़ों लोग हुए शामिल



**बंडा, शाहजहाँपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा बंडा के मुख्य चौराहे से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्वर्ण पैलेस पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी मुस्तैद रहा। यात्रा के दौरान बाबा साहब के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के दिग्गज नेताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। मुख्य रूप से उपस्थित मंडल कोऑर्डिनेटर शाहरुख शकील खां ने बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। वहीं जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र विक्रम सिंह उर्फ पप्पू भैया ने कहा कि बाबा साहब का संविधान ही देश की असली शक्ति है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बसपा विधानसभा अध्यक्ष जसपाल गौतम, नीरज प्रधान, और देव शंकर समेत भारी संख्या में क्षेत्रवासी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मानव जीवन कल्याण समिति ने 11 जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह



**तिलहर-शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद के तिलहर नगर क्षेत्र में गुरुवार को मानव जीवन कल्याण समिति के द्वारा द्वितीय वर्ष समरसता सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 11 जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा, क्षेत्रीय महामंत्री चंद्रेश गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी राजपूत , डॉ. दीपक पटेल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समिति के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की। विवाह कार्यक्रम वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार पंडित नवनीत शर्मा के संदिग्ध में संपन्न हुआ, जहां सभी 11 जोड़ों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। इस अवसर पर समिति द्वारा सभी 11 कन्याओं को उपहार भी वितरित किए गए, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। समिति के अध्यक्ष पप्पू शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष 25 अप्रैल 2025 को समिति द्वारा 3 कन्याओं का विवाह कराया गया था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 11 हो गई है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज में समरसता को बढ़ावा देना और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना है। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष आसाराम साहू, महिला प्रकोष्ठ चंद्रकांता त्रिवेदी, प्रबंधक अरविंद गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा 'अंशु', अनुज मिश्रा, मनोज शर्मा, संजीव गुप्ता सहित राष्ट्रीय गौ रक्षा संघ प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, अनिल गुप्ता भाजपा महामंत्री, एवं भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित साहू गुप्ता, संजय गुप्ता प्रभात सहाय, शिखा सिंह आरएसएस, डॉ कौशल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन चुनाव परिणाम घोषित, अजय पांडेय अध्यक्ष व गौरव शुक्ला महामंत्री बने



**पुवायां, शाहजहांपुर।** गुरुवार दोपहर तहसील बार एसोसिएशन पुवायां के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। मतदान के बाद घोषित परिणामों में अध्यक्ष पद पर अजय पांडेय तथा महामंत्री पद पर कुमार गौरव शुक्ला ने जीत दर्ज की। परिणाम आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया। अध्यक्ष पद के चुनाव में अजय पांडेय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंद्रजीत वर्मा को 55 मतों से हराकर जीत हासिल की। अजय पांडेय को 127, इंद्रजीत वर्मा को 75, सुनील पाठक को 58 तथा विजय त्रिवेदी को 13 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर कुमार गौरव शुक्ला ने कड़े मुकाबले में अनिल सिंह को 7 मतों से पराजित किया। गौरव शुक्ला को 82, अनिल सिंह को 75, आशीष दीक्षित को 54, प्रभाकर मिश्रा को 27, रणवीर सिंह को 21 और रामप्रताप को 4 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर सतीश कनौजिया ने 157 मत पाकर अपने प्रतिद्वंद्वी नवीन मिश्रा को 37 मतों से हराया। वहीं उपाध्यक्ष (10 वर्ष से अधिक) के दो पदों पर अभिनव सिंह और अवनीश गुप्ता निर्वाचित हुए। इससे पूर्व एकल नामांकन के आधार पर राजेश सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि संयुक्त मंत्री के तीन पदों पर ऋतिक वैश्य, रामगोपाल पांडेय और सुरेश चौधरी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जा चुका था। गवर्निंग बॉडी के 12 सदस्य भी पहले ही निर्विरोध चुने गए थे।

### गन्ना बीज वितरण और प्रशिक्षण से कॉरिडोर क्षेत्र में बढ़ेगी किसानों की आयः रेंजर सोवरन



**पीलीभीत।** गाढ़ा-लालपुर वन्यजीव कॉरिडोर की सतत उपयोगिता बनाए रखने और स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं विश्व वन्यजीव कोष (WWF) के संयुक्त प्रयासों से गन्ना खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।इस क्रम में कॉरिडोर से जुड़े गांव लालपुर, विधिपुर और दंगड़ी में इस वर्ष कुल 1200 कुंतल गन्ना बीज वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को ग्राम लालपुर में गन्ना बीज वितरण एवं बुवाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पीलीभीत टाइगर रिजर्व के सहयोग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. ढाका ने किसानों को गन्ना बुवाई की आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने खेत की तैयारी, बुवाई की सही विधि, उपयुक्त दूरी, गन्ना की अच्छी किस्मों तथा बुवाई के बाद की देखभाल और सावधानियों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष 1200 कुंतल गन्ना बीज वितरण का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 160 कुंतल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है। शेष बीज का वितरण पाँच चरणों में किया जाएगा। कार्यक्रम में इको-डेवलपमेंट समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल, सचिव रामभरत यादव, WWF के परियोजना अधिकारी कंधई लाल, फील्ड अधिकारी राजेंद्र कुमार, राहुल कुमार तथा बाघ मित्र सर्वजीत और महेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल उपाध्यक्ष समेत तीन लोगों ने मारपीट करने व कार में तोड़फोड़ का आरोप लगाया

**जहानाबाद।** थाना क्षेत्र के परेवा वैश्य गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर हुई कहासुनी के बाद भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता समेत तीन लोगों के साथ लाठी-डंडों और असलहों से मारपीट की गई। हमलावरों ने उनकी ईको कार का शीशा तोड़ दिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा बुलेट मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित पक्ष ने जहानाबाद थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित सचिन गुप्ता (कस्बा अमरिया निवासी) ने अपनी तहरीर में बताया कि 13 अप्रैल को वह अमरिया निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता और मुदित गुप्ता के साथ किसी काम से परेवा वैश्य गांव जा रहे थे। जब तीनों धार्मिक स्थल के पास पहुंचे तो ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर आरोपी सलीम से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर सलीम ने अपने साथियों शहरोज, अरबाज और तीन-चार अज्ञात लोगों को बुला लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और असलहों से लैस होकर ईको वाहन से मौके पर पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ितों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें घेरकर बुरी तरह मारपीट की। हमलावरों ने असलहों से धमकाते हुए उनकी कार का शीशा तोड़ दिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा बुलेट मोटरसाइकिल से टक्कर मारकर वाहन को भारी नुकसान पहुंचाया। किसी तरह जान बचाकर तीनों मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित पक्ष ने जहानाबाद थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान कर उन पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कार्यों में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएः प्रमुख सचिव

**▸ जनपद नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के नोडल अधिकारी मनीष चौहान की अध्यक्षता में जिला विकास, राजस्व, कानून एवं शांति व्यवस्था से संबंधित बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी सौरभ दीक्षित, सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, सीएमओ डा.विवेक कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद में विभिन्न प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में संतोषजनक प्रगति हुई है। अतिरिक्त ऊर्जा, विकास क्षेत्र के अंतर्गत संचालित योजनाओं में जनपद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्रेड 'ए' प्राप्त किया है। अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (स्प्रिंकलर) के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य पूर्ण कर लिए गए हैं। विद्युत विभाग की समीक्षा में खराब ट्रांसफॉर्मरों के संबंध में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण में जनपद को ग्रेड 'ए' प्राप्त हुआ है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक विद्युत आपूर्ति भी संतोषजनक पाई गई, जिसमें जनपद ग्रेड 'ए' पर रहा।

कृषि विभाग के अंतर्गत कृषि रक्षा डीबीटी योजना में प्राप्त सभी आवेदनों




का अनुमोदन किया जा चुका है, जिससे यह योजना ग्रेड 'ए' में रही। किसान सम्मान निधि योजना एवं फसल बीमा योजना में भी उत्कृष्ट प्रगति दर्ज करते हुए जनपद को ग्रेड 'ए' प्राप्त हुआ है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सभी पात्र आवेदकों को सोलर पंप स्थापित कराए गए हैं, जिससे यह योजना भी ग्रेड 'ए' में रही।मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिन्हें आगामी तीन माह की निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। विकलांग एवं महिला वर्ग हेतु भवन निर्माण के लक्ष्यों की पूर्ति करते हुए इस योजना में भी जनपद ने ग्रेड 'ए' प्राप्त किया है। सड़क निर्माण कार्यों में लक्ष्य पूर्ण किए गए हैं, जिससे यह क्षेत्र ग्रेड 'ए' में रहा, जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों के निर्माण में प्रगति ग्रेड 'बी' में पाई गई। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में जनपद का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिसमें समस्त स्वास्थ्य सेवाएं, मोबाइल मेडिकल यूनिट ओपीडी तथा सीटी स्कैन सेवा ग्रेड 'ए' में रहीं।दुग्ध विकास क्षेत्र में दुग्ध मूल्य भुगतान एवं सरकारी दुग्ध समितियों के माध्यम से भुगतान की स्थिति संतोषजनक रही, जिससे दोनों में ग्रेड 'ए' प्राप्त हुआ। दिव्यांग पेंशन योजना भी ग्रेड 'ए' में रही, जबकि वृद्धावस्था पेंशन योजना ग्रेड 'बी' में पाई गई। निराश्रित महिला पेंशन में आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण होने के कारण यह योजना ग्रेड 'ए' में रही।जल जीवन मिशन 'हर घर जल' योजना में भी जनपद ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ग्रेड 'ए' प्राप्त किया है। फैमिली आईडी कार्ड सृजन में लक्ष्य संशोधित होने के कारण यह ग्रेड 'बी' में रहा। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में जनपद ने ग्रेड 'ए' प्राप्त किया। ग्रामीण पर्यटन विभाग की योजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माणाधीन हैं, जिनमें प्रगति संतोषजनक पाई गई और उन्हें ग्रेड 'ए' में रखा गया। ऑपरेशन कायाकल्प कार्यक्रम, अंडा उत्पादन, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशुकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान सहित पशुपालन के सभी प्रमुख क्षेत्रों में जनपद ने ग्रेड 'ए' प्राप्त किया है। मत्स्य उत्पादन में भी लक्ष्य पूर्ण कर जनपद ग्रेड 'ए' में रहा।आईसीडीएस पोषण अभियान में जनपद की स्थिति ग्रेड 'बी' में रही। कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत 34 हजार आवेदनों को स्वीकृत किया जा चुका है। प्रोजेक्ट अलंकार में जनपद ग्रेड 'ए' में रहा। औद्योगिक एवं स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना (एमएसएमई) ग्रेड 'ए' में पाई गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत मार्जिन मनी का वितरण सुनिश्चित किया गया है। अनुसूचित जाति दशमोत्तर एवं पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनाएं ग्रेड 'ए' में रहीं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भी जनपद का प्रदर्शन ग्रेड 'ए' में दर्ज किया गया। अंत में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन योजनाओं में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, उनमें तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि जनपद की रैंकिंग में और सुधार हो सके।

### सीएचसी का प्रमुख सचिव ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं संतोषजनक पाईं

**शाहजहांपुर।** प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन भाषा विभाग/जनपद के नोडल अधिकारी मनीष चौहान ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी भावलखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ



उपस्थित पाया गया। निरीक्षण के समय प्रमुख सचिव ने ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या एवं उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। फार्मेसी कक्ष का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उपलब्ध दवाइयों का विवरण जाना और ड्रग लिस्ट के अनुसार दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही एक्सपायरी दवाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने एक्स-रे कक्ष का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि मरीजों को समय से एक्स-रे की फिल्म उपलब्ध कराई जा रही है या नहीं। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। सीएचसी पर प्रसव सेवाओं की भी समीक्षा की गई। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन औसतन चार से पांच प्रसव केंद्र पर कराए जाते हैं। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

# मुख्य सचिव का गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

**▸ किसानों से किया सीधे संवाद, सुनीं समस्याएं, पारदर्शिता व सुधार के दिए निर्देश**

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोजा मंडी में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव व नोडल अधिकारी मनीष चौहान ने गुरूवार की शाम अचानक समिति रौजा पहुंचकर गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक दौरे से मंडी परिसर में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई और अधिकारियों में सक्रियता बढ़ गई।

मुख्य सचिव ने विशेष रूप से आरएफसी (राज्य खाद्य निगम) के गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां अपना गेहूं तुलवा रहे किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों ने तौल प्रक्रिया, भुगतान की समयसीमा, पंजीकरण तथा अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी अपनी बात रखी। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीद प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केंद्र पर व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की, जिसमें तौल व्यवस्था, साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति और किसानों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य कर रही है और



किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मौके पर उपस्थित जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के अबतक 6000 मैटिक टन गेहूं क्रय कार्य किया गया है। किसानों को कोई असुविधा न हो,उन्हें टोकन निर्गत करते हुए क्रय कार्य कराया जा रहा है। किसानों से उनसे फार्मर रेजिस्ट्री/किसान पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लिया जा रहा है,जिससे विचौलियों की भूमिका न रहे। मंडियों में बोरो की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है,जिससे कोई किसान न्यूनतम समर्थन योजना के लाभ से वंचित न रहे। नोडल अधिकारी द्वारा किसानों से तेजी से क्रय कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत मुख्य सचिव का काफिला वहां से रवाना हो गया, लेकिन उनके दौरे का असर मंडी की व्यवस्थाओं पर स्पष्ट रूप से देखने को मिला। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को और अधिक दुरुस्त करने की दिशा में तत्परता दिखाई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त) रजनीश मिश्रा, डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे, मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप सहित कई विभागीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# किसान दिवस बैठक में कृषकों ने गिनाई अपनी-अपनी समस्याएं

**▸ डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नवीन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों के साथ जनपद के कृषकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक की शुरुआत जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने की, जिसमें पिछली किसान दिवस बैठक में उठाई गई समस्याओं के निस्तारण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। 20 किसानों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया।




जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राधारमन तिवारी ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी देते हुए बताया कि केसीसी पर सामान्यतः 7 फीसदी ब्याज दर होती है, जिसे समय पर भुगतान करने पर 3 फीसदी की अतिरिक्त छूट के साथ प्रभावी रूप से 4 फीसदी किया जा सकता है। बजट 2025-26 के अनुसार केसीसी की ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। साथ ही कार्डधारकों को दुर्घटना बीमा के तहत मृत्यु या स्थायी विकलांगता पर 50,000 तथा अन्य जोखिमों पर 25,000 तक का कवर भी मिलता है। डीएम ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए कहा कि इससे पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा एवं खाद-बीज सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ सीधे बैंक खाते में प्राप्त होता है। रजिस्ट्री के बाद बार-बार भूमि दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं रहती और बैंकों द्वारा सरल प्रक्रिया से कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है। चकबंदी ग्रामों के किसानों को छूट प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया कि वे गेहूं क्रय केंद्रों पर चकबंदी इंतखाब दिखाकर अपना गेहूं विक्रय कर सकते हैं। वृक्ष कटान संबंधी प्रश्नों पर डीएम ने 'वृक्ष संरक्षण अधिनियम' के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि सामान्यतः प्रति पेड़ 50 से 500 तक आवेदन शुल्क निर्धारित है तथा एक पेड़ के बदले 2 से 10 पौधे लगाने की शर्त होती है। एनओसी के लिए ई-नगरपालिका या निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा. महेन्द्र कुमार ने गेहूं व सरसों की कटाई के बाद ढैंचा एवं अन्य हरी खाद वाली फसलों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और अगली फसल की पैदावार में सुधार होता है।डीएम ने अगली किसान दिवस बैठक को कार्यशाला के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए, जिसमें जनपद एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, उप निदेशक कृषि पीके मिश्र, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक, मंडी सचिव रिंकू लाल, कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप निदेशक कृषि द्वारा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की गई।

## अंशिका सिंह ने 83.6 प्रतिशत अंक पाकर बढ़ाया गांव और परिवार का मान



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव ईटारोड़ा की होनहार छात्रा अंशिका सिंह ने सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। अंशिका, महेश सिंह की पुत्री हैं और राना पब्लिक स्कूल, धारा पुवायां की कक्षा 10 की छात्रा हैं। परीक्षा में अंशिका ने कुल 500 में से 418 अंक हासिल किए, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उनकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों व ग्रामीणों ने अंशिका को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो पाई है। स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने भी अंशिका की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा हैं। गांव में अंशिका की इस उपलब्धि को लेकर गर्व का माहौल है और सभी लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

## आईआईटी इंजी. अभिनव वर्मा का शव नदी से बरामद

**▸ घर में मचा कोहराम, सोमवार को घर से अचानक हो गया था लापता**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी के लापता बेटे आईआईटी इंजीनियर अभिनव वर्मा का तीसरे दिन नदी में शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । शव की उसके भाई अंशुमान वर्मा ने कोड़ों से भाई के रूप में शिनाख्त की । रात में ही शव नदी से बाहर निकाला गया । समाचार भेजे जाने तक पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। नगर के मोहल्ला हिंदूपट्टी निवासी राकेश वर्मा जो कलान ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात हैं। ने बताया कि सोमवार सुबह वह और उनकी पत्नी मीनाक्षी जो जूनियर हाई स्कूल विद्यालय शेरगढ़ में शिक्षिका हैं । रोज की तरह सोमवार को अपनी-अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। घर पर उनका पुत्र अभिनव वर्मा मौजूद था, जो आईआईटी से इंजीनियरिंग की बॉम्बे पढ़ाई पूरी कर चुका था। और सिविल सर्विस की ऑन लाइन तैयारी कर रहा था। शाम को जब दंपति घर लौटे तो अभिनव घर पर नहीं मिला। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका । जिसके बाद


फालोअप

राकेश वर्मा ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल तलाश शुरू कर दी थी। इसी बीच बुधवार को बख्तियार पुर गांव क्षेत्र स्थित गर्रा नदी में देर शाम एक युवक का शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान अभिनव वर्मा के रूप में कराई। शव मिलने की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तबादलेः सदानंद पुवायां एसडीएम, चित्रा बनीं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट

**पुवायां न्यायिक एसडीएम जीत को एक बार तिलहर तहसील की कमान**

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गुरुवार को तहसीलों में तैनात तीन एसडीएमों के कार्य क्षेत्र बदले है। डीएम द्वारा आदेश में पुवायां एसडीएम चित्रा निर्वाल का जिला मुख्यालय पर स्थानांतरण डिप्टी कलेक्टर एवं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पद पर किया गया। तिलहर एसडीएम सदानंद सरोज को पुवायां तहसील की जिम्मेदारी सौंपी गई। वही पुवायां एसडीएम न्यायिक जीत सिंह को अग्रिम आदेश तक पुनः एक बार तहसील तिलहर की कमान सौंपी गई है। बता दें कि जनपद में तहसील व ब्लाक मुख्यालयों के अधिकारियों के तबादलों ने रफ्तार पकड़ी है। कुछ दिनों पहले सीडीओ डा.अपराजिता सिंह द्वारा चार बीडीओ के कार्य क्षेत्रों में फेरबदल किया था। जिसके बाद अब डीएम द्वारा तीन एसडीएमों के स्थानांतरण किए गए हैं।

# राना पब्लिक स्कूल ने रचा इतिहास, 10वीं में छात्रों ने मारी बाजी

**▸ स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत, रिजल्ट पाकर खिले बच्चों के चेहरे**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राना पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्रों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10 के छात्र नूरवेज खान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फैजुद्दीन, शुभ त्रिवेदी एवं अविका वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। 93 प्रतिशत अंकों के साथ अंश शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं केशव सिंह ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित



किए। सहजप्रीत कौर एवं आस्था मिश्रा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरपर्सन जगतार सिंह राना ने कक्षा 10 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और पूरी निष्ठा के साथ


विद्यालय चेयरपर्सन जगतार सिंह राना


डायरेक्टर अवतार सिंह राना

आगे बढ़ते रहें। चेयरपर्सन ने विद्यालय की शिक्षण प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि राना पब्लिक स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के डायरेक्टर अवतार सिंह राना ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप पांडेय ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की, वहीं उपप्रधानाचार्य रुद्रेंद्र पटेल ने भी सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षक राम प्रकाश तिवारी, सुनील दीक्षित, लखविंदर सिंह, मनप्रीत कौर एवं प्रियंका सहित अन्य उपस्थित रहे।

**सूचना**

संस्था के मेंबर रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर, कैश बुक, एजेंडा रजिस्टर, संस्था का खाता रास्ते में कहीं वास्तव में गया है।

**अध्यक्ष-सिख एजुकेशन सोसायटी, शाहजहांपुर।**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र शिवम को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रमेश कुमार वर्मा पुत्र रामभजन नि.ग्रा.-बड़ागांव, थाना/तहसील-पुवायां, जनपद-शाहजहांपुर।**

## बढ़ेगा गरीबी का दायरा

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यानी यूएनडीपी की पश्चिम एशिया युद्ध से भारत पर पड़ने वाले प्रभावों को उजागर करने वाली रिपोर्ट के निष्कर्ष चिंता बढ़ाने वाले हैं। रिपोर्ट बताती है कि खाड़ी में ईरान-अमेरिकी युद्ध से उपजी परिस्थितियों के चलते भारत में और 25 लाख लोग गरीबी की दलदल में फंस सकते हैं। साथ ही मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका पैदा हो गई है। रिपोर्ट इस बात का भी खुलासा करती है कि पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियों में वृद्धि से एशिया प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट बताती है कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से लोगों की घरेलू क्रयशक्ति घट रही है, जिससे खाद्य असुरक्षा भी बढ़ रही है। वहीं विकास कार्यों के लिए निर्धारित सरकारी बजट पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा आजीविका के अवसर कम हो रहे हैं। इस संकट में जहां पूरे विश्व में 88 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने की आशंका है, वहीं भारत में यह अनुमानित संख्या 25 लाख है। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया में तनाव के चलते एशिया-प्रशांत में तकरीबन 299 अरब डॉलर तक का नुकसान होने की आशंका है। हालांकि, भारत की बड़ी आबादी के सामने बढ़ने वाली गरीबों की संख्या छोटी है, लेकिन इससे भारत में गरीबी की दर बढ़ सकती है, जिसके 35.40 करोड़ होने की आशंका है। दरअसल, आज भी भारत करीब 90 फीसदी तेल जरूरतों के लिए आयात पर आश्रित है। हम कच्चे तेल का 40 फीसदी से अधिक और रसोई गैस का 90 फीसदी आयात पश्चिम एशिया से करते हैं। साथ ही हम अपने उर्वरकों का 40 फीसदी हिस्सा युद्धग्रस्त पश्चिमी एशिया से आयात करते हैं। एलएनजी की कीमतों में वृद्धि से कोयला आधारित बिजली पर हमारी निर्भरता बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर व्यापार व आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित हुई। आशंका है कि संघर्ष से रेमिटेंस में भी कमी आएगी। निस्संदेह, मालभाड़ा शुल्क, युद्ध जोखिम बीमा, मार्ग परिवर्तन और देरी की वजह से आयातित तेल आदि की कीमतों में वृद्धि हो रही है, जिससे हमारे आयात मूल्य में वृद्धि व निर्यात का नुकसान बढ़ा है। असर हमारी खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। वहीं खाद की आपूर्ति में बाधा का असर खरीफकी फसल पर पड़ने की आशंका है। इस सब के चलते बढ़े दामों का प्रभाव आम आदमी की जेब पर हो रहा है, जिसका रोजगार और आय के मामले में असर बड़ी आबादी पर नजर आ रहा है। हाल ही में नोएडा और मानेसर में श्रमिक असंतोष को इसकी परिणति के रूप में महसूस किया जा सकता है। दरअसल, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो रही है। आर्थिक परेशानियों के चलते आम आदमी अब अपने जरूरी खर्चों में कटौती कर रहा है। वजह है उसकी आय के साधन सीमित होना। वहीं निम्न आय वर्ग के लोगों में इससे भरण-पोषण का संकट पैदा हो रहा है। श्रमिक असंतोष के बीच आक्रोश उभरा कि महंगाई के अनुपात में उनकी आमदनी नहीं बढ़ रही, फलतः जीवनयापन कठिन होता जा रहा है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में भी स्वीकार किया गया कि मार्च में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.4 हो गई है, जिसकी वजह पश्चिमी एशिया से उपजा संकट बताया जा रहा है। सवाल यह है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास सिरे क्यों नहीं चढ़ रहे हैं। यदि कदम प्रभावकारी हैं तो फिर महंगाई क्यों बढ़ रही है। वास्तव में खाद्य पदार्थों के दामों में वृद्धि को महंगाई का मुख्य कारण बताया जा रहा है। यद्यपि सरकार की दलील है कि खुदरा महंगाई दर केंद्रीय बैंक की रेड लाइन चार फीसदी से नीचे है। लेकिन वास्तव में स्थिर आय के चलते महंगाई अधिक महसूस की जा रही है। लेकिन लोगों की चिंता यह है कि यदि पश्चिम एशिया संकट का शीघ्र समाधान नहीं निकलता है तो महंगाई की मार असहनीय हो सकती है। यदि समय रहते सरकार की तरफसे ठोस प्रयास किए जाते हैं तो महंगाई पर अंकुश लगाना संभव हो पायेगा।

# आयुर्वेद को बड़ी दवा कंपनियों की नहीं, अच्छे वैद्यों की जरूरत

*प्रयाग पाण्डे*

धन लोलुपता के चलते कुछ स्वनामधन्य लोगों और संस्थानों ने भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद को अपनी तिजोरियां भरने का जरिया बना दिया है। कतिपय ऐसे लोगों और संस्थाओं की इस घोर वणिक प्रवृति एवं संकीर्ण सोच ने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिक आधार को पूर्ण रूप से खंडित कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से आयुर्वेद के नाम पर बाजारों में निम्न दर्जे की औषधियां एवं अन्य उत्पाद बेचने की गलाकाट प्रतियोगिता चल रही है। निहित स्वार्थों के कारण इस पुरातन चिकित्सा पद्धति का बाजारीकरण कर दिया गया है। आयुर्वेदिक के नाम पर बाजार में बेची जा रही निम्न स्तरीय दवाओं के कारण सदियों से जांची- परखी इस चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों में अविश्वास की भावना उत्पन्न हुई है।

वस्तुतः आयुर्वेद, प्रकृति को समझने और उस समझ का प्रकृति को नियंत्रित करने के लिए उपयोग करने की प्रक्रिया के दौरान प्राप्त अनुभव से उत्पन्न ज्ञान है। इसीलिए आयुर्वेद को प्राचीनतम विज्ञान कहा जाता है। आयुर्वेद का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना आदिम समाज का। वेद प्राचीनकाल से ही मानव सभ्यता की नींव रहे हैं। आयुर्वेद को अथर्ववेद का उप वेद माना जाता है। अथर्ववेद ही आयुर्वेद का मूल आधार है। ईसा पूर्व लगभग छठी शताब्दी में तक्षशिला के चिकित्सा विज्ञान के शिक्षक आत्रेय के शिष्य- जातुकर्ण,भेला, क्षारपाणी, हरिता और पारासर आदि विद्वानों ने औषधि विज्ञान पर अनेक ग्रन्थों की रचना की थी। पांचवीं सदी ईसा पूर्व से छठी सदी के कालखंड में आयुर्वेद पर मौलिक रचनाएं लिखीं गईं। ईसा पूर्व लगभग दूसरी शताब्दी में पतंजलि और उनके बाद अनेक विद्वानों ने भारतीय चिकित्सा पद्धति के मुख्य ग्रन्थ चरक संहिता पर टीकाएं लिखीं थीं। चरक संहिता और शल्य चिकित्सा के मूल ग्रन्थ सुश्रुत संहिता का रचनाकाल ईसा से छह सौ वर्ष पूर्व माना जाता है।

आयुर्वेद के इन प्राचीन ग्रन्थों में विभिन्न रोगों के लक्षण, निदान की सूची का वर्गीकरण, रोगों के उपचार पद्धतियों का वर्णन, औषधियों के गुण, औषधि देने की विधि और मात्रा आदि का सविस्तार वर्णन है। प्राचीनकाल से ही चरक संहिता और सुश्रुत संहिता आदि ग्रन्थ आयुर्वेद के मूलाधार रहे हैं। आयुर्वेद में सब बीमारियों के लिए वात, पित्त और कफ़, तीन दोष माने गए हैं। इन दोषों में वायु को बलवान माना गया है। नाड़ी परिक्षादि विधि दी गई है। सुश्रुत संहिता में रोग की छह प्रकार की परीक्षा बताई गई है। पांच श्रोत्रादि इंद्रियों से और छठी प्रश्न से। आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों में यह बात साफ तौर पर कही गई है कि बारंबार परीक्षा द्वारा ही रोग निश्चय करना चाहिए। यानी रोग की पहचान और उसके उपचार के लिए शोध को अनिवार्य बताया गया है।

भारत में प्राचीनकाल से ही समृद्ध स्वास्थ्य धरोहर रही है। 3000 ई. पू. के प्राचीन भारत में स्वच्छता और बेहतर जन स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया जाता था। वैदिक काल के दौरान सामुदायिक स्वच्छता के विभिन्न उपायों का उल्लेख वेदों में भी हुआ है। आयुर्वेद तथा मनु संहिता में स्वच्छता के प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता और छूत के रोगों के नियंत्रण से जुड़े रोग निवारण का उल्लेख हुआ है। चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में विभिन्न रोगों के रोकथाम के लिए एक विकसित जन स्वास्थ्य प्रणाली थी। उस दौर में साफ -सफाई और स्वच्छता के प्रबंधन की जिम्मेदारी राज्य की होती थी। मध्यकाल के दौरान प्रकाशित अनेक काव्य संग्रहों में भी रोगों की रोकथाम के लिए अपनाए



जाने वाले उपायों का उल्लेख हुआ है। देश में प्राचीन काल से ही रोगों के रोकथाम से जुड़ी अनेक प्रथाएं प्रचलित हैं। मसलन- भोजन से पहले और भोजन के बाद हाथ धोना, घर के भीतर जाने से पहले जूते - चप्पल बाहर उतारना, रोजाना स्नान करना, रसोईघर में सबको नहीं जाने देना, प्रसूति के बाद मां और बच्चे को एक निश्चित समय के लिए अलग रखन, ताकि मां और नवजात शिशु को संक्रमण से बचाया जा सके। प्राचीन भारत के निवासी टीकाकरण से भी बखूबी वाकिफ थे। उस काल में चिकित्सा के बजाय रोगों की रोकथाम पर अधिक ध्यान दिया जाता था। करीब ढाई हजार साल पहले भारत में चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई। लौह युगीन भारत में चरक और सुश्रुत के शिष्य गांव-गांव जाकर रोगियों की शल्य चिकित्सा करते थे। शल्य चिकित्सा से पहले रोगी को मदिरा पिलाई जाती थी। ताकि शल्य चिकित्सा के दौरान होने वाले दर्द की वजह से रोगी बेहोश न होने पाए और उसे उपकरणों की चुभन का भी अनुभव न हो। यह प्राचीन भारत की चिकित्सा पद्धति में अपनाए गए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीक का प्रारंभिक चरण था।हालांकि चरक और सुश्रुत के शिष्यों के इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण उन्हें अक्सर धर्माधिकारियों के क्रोध का भी सामना करना पड़ता था। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति आध्यात्मिक विश्वास पर आधारित है। लिहाजा प्रारंभिक वैदिक काल में रोगी के उपचार का दायित्व पुरोहितों का था। रोगियों का उपचार करना पुरोहित का कर्तव्य माना जाता था। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति पर शार्ङ्गधर नाम के एक विद्वान ने शार्ङ्गधरसंहिता लिखी है। शार्ङ्गधरसंहिता का रचनाकाल 12वीं शताब्दी माना जाता है। शार्ङ्गधरसंहिता में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में रोग की पहचान और संबंधित रोग के लिए दवा बनाने की लंबी और जटिल प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन है। शार्ङ्गधरसंहिता के श्लोक संख्या-तीन में लिखा गया है किः-

हेत्वादिरूपाकृतिसात्म्यजातिभेदै : समीक्ष्यातुरसर्वरोगान।।
चिकित्सितं कर्षणबृंहणाख्यं कुर्वीत वैद्यो विधिवत्सुयोगे :
।।3।।

अर्थात : प्रथम वैद्य हेतु आदिरूप आकृति सात्म्य जाति इन भेदों से रोगी के संपूर्ण रोगों को जान फिर यथाशास्त्र उत्तम प्रकार के प्रयोगों से कृषण और बृहण द्विविध चिकित्सा यथाक्रम करे। अन्यथा दोष लगता है। वाग्भट्ट लिखते हैं -कि जो बिना दोषों को जाने वैद्य चिकित्सा कर्म को करता है वो उस कर्म की सिद्धि को तथा सुख और सद्गति को नहीं प्राप्त होता।।3।।

शार्ङ्गधरसंहिता में औषधि कैसे, किस प्रकार और किस स्थान से लाई जा सकती है, इसका पूरा विधान दिया गया है। जड़ी- बूटियों की गुणवत्ता में स्थान और ऋतु का बहुत महत्व बताया गया है। शरद ऋतु ( आश्विन- कार्तिक ) महीने की संपूर्ण औषधि को रस से परिपूर्ण बताया गया है। शार्ङ्गधरसंहिता में श्मशान भूमि, बंजर, रास्तों की जड़ी - बूटियां और कीड़े की खाई, आग से जली तथा पाले की मार वाली जड़ी-बूटियों को वर्जित बताया गया है। औषधि लाने की जटिल विधि बताई गई है। कहा गया है कि औषधि लाने के निमित्त प्रातः काल उठ स्वस्थ्य चित्त करके, पवित्र होकर, उत्तम दिन, अर्थात-उत्तम तिथि, नक्षत्र, योग और लग्न में, सूर्य के सन्मुख मुख करके तथा सूर्य को प्रणाम कर और हृदय में परमात्मा का ध्यान कर, मौन में स्थिर हो, जंगल और अनुपरहित ऐसी साधारण पृथ्वी में उत्पन्न होने वाली और उत्तर दिशा में जो औषधि है, उनको ग्रहण करे। यह भी कहा गया है कि उत्तराश्रित अर्थात उत्तराभिमुख होकर औषधि उखाड़े।

औषधियों में जड़ी-बूटियों के किस भाग का उपयोग किया जाना चाहिए शार्ङ्गधरसंहिता में इसका भी विस्तार पूर्वक वर्णन है। कहा गया है कि जिन वृक्षों की बड़ी जड़ हो, जैसे नीम, वड़ और आम, उनकी छाल या जड़ की छाल लेनी चाहिए। जिन वनस्पतियों की छोटी जड़ हो, जैसे कटेरी, धमासा, गोखरू आदि उनके सभी अंग- जड़, पत्ता, फूल-फल और शाखाएं, सब लेनी चाहिए। आम धारणा है कि आयुर्वेद की दवाएं या उत्पाद कालातीत नहीं होते। पर ऐसा नहीं है। शार्ङ्गधरसंहिता में कहा गया है कि वन से लाई हुई औषधि एक वर्ष के पश्चात तेज और गुण रहित हो जाती है। कुछ चूर्ण दो महीने के पश्चात वीर्यहीन हो जाते हैं। हां, लवण भास्करादि चूर्ण, विजयादि गुटिका तथा खंडकादि अवलेह लंबे समय तक अपने गुणों को नहीं त्यागते। आसव, सुवर्ण आदि धातु की भस्म, चंद्रोदयादि रस और रसायन जितने पुराने हों, उतने ही गुण वाले होते हैं।

सोलहवीं शताब्दी के मध्य तक भारतीय विज्ञान का दर्जा यूरोपीय विज्ञान के बराबर था। मुगलकाल में भारत में विज्ञान की प्रगति में ठहराव आ गया। यह बात दीगर है कि अकबर के दरबार में चिकित्सकों की सूची में आयुर्वेदिक चिकित्सक भी थे। तब शल्य चिकित्सा सामान्य बात थी। कहा जाता है कि चिकित्सक अंग प्रत्यारोपण भी करते थे। औपनिवेशिक शासनकाल में भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की गौरवशाली भारतीय परंपरा का ह्रास प्रारंभ हो गया। कालांतर में भारतीय चिकित्सा विज्ञान की वैज्ञानिक ओजस्विता क्रमशः क्षीण होती चली गई। आयुवेर्दिक चिकित्सा पद्धति के बनिस्बत पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति एकदम नई है। यह कुछ शताब्दी पहले ही अस्तित्व में आई है।हालांकि पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति अत्याधुनिक है, बेहतरीन है और असरदार भी। लेकिन इसने दूसरी परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों का अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। भारत की प्राचीन स्वास्थ्य देखभाल पद्धति अत्यंत जीवंत थी। इस पद्धति का अपना यशस्वी अतीत रहा है। कुछ रोगों को दूर करने के लिए अभी भी इन्हें सर्वोत्तम समझा जाता है और ये हैं भी। बशर्ते कि जड़ी-बूटियों के एकत्रीकरण, दवा बनाने और रोगी को उपयुक्त समय एवं मात्रा में दवा खिलाने आदि के संबंध में आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थों में उल्लिखित विधान का निःस्वार्थ भाव से पूर्णतः पालन किया जाय। व्यावसायिक दृष्टि से व्यापक स्तर पर दवाओं के उत्पादन की स्थिति में यह संभव नहीं है। ऐसा निःस्वार्थ एवं परोपकारी प्रवृति के वैद्य ही कर सकते हैं। बड़े आयुर्वेदिक दवा निर्माता कंपनियों ने गांव क्षेत्र स्तर की परंपरागत वैद्यकी को अप्रासंगिक बना दिया है। बाजार में जिसने जो जड़ी-बूटी जिस नाम से बेची, दवा निर्माता उसे उसी नाम से खरीद कर आगे बेच दे रहे हैं। आज बाजार में आयुर्वेद के नाम पर बिकने वाली अधिकांश दवाएं या अन्य उपभोक्ता वस्तुएं जरूरी नहीं कि आयुर्वेदिक ही हों।

कुछ संस्थाओं और लोगों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली का व्यवसायीकरण और बाजारीकरण कर दिया है। आज बाजार आयुर्वेदिक दवाओं एवं अन्य उत्पादों से भरे पड़े हैं। संबंधित दवा या उत्पाद में जिस जड़ी-बूटी के होने का दावा किया गया है, इतनी अधिक मात्रा में वो जड़ी-बूटियां किस जंगल या खेत से आती हैं। उनकी गुणवत्ता वही है, जो आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में बताई गई है। यह बड़ा सवाल है। विचारणीय भी। संभव है कि आयुर्वेद के नाम पर अधिकांश उत्पादों में आयुर्वेदिक ग्रन्थों में सुझाई गईं जड़ी-बूटियां नहीं, बल्कि आयुर्वेद की प्राचीनतम एवं समृद्ध धरोहर को बेचा जा रहा हो। आज आयुर्वेद को कारगर इलाज पद्धति बनाने के लिए बड़ी-बड़ी दवा निर्माता कंपनियों की नहीं, वैद्यों की जरूरत है। अन्यथा लोगों का लंबे अरसे तक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पर भरोसा कायम रख पाना संभव नहीं होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# औद्योगिक अशांति, दिल्ली-एनसीआर के कई राज्यों में फैली

*डॉ. ज्ञान पाठक*

जैसे-जैसे भारत सरकार धीरे-धीरे नयी श्रम संहिताओं के नियमों को लागू कर रही है, भारतीय कामगारों में तनाव बढ़ता जा रहा है। सरकार ने 1 अप्रैल, 2026 से इसे पूरी तरह लागू करने के अपने इरादे की घोषणा की थी, और अब 13 अप्रैल, 2026 को उत्तर प्रदेश के नोएडा में औद्योगिक अशांति शुरू हो गई, जो शीघ्र ही दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में फैल गई, जिसमें हरियाणा के फरीदाबाद और मानेसर (गुरुग्राम), राजस्थान के भिवाड़ी, दिल्ली और कई दूसरी जगहें शामिल हैं। औद्योगिक इलाकों में न सिर्फ न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे मजदूरों ने सड़कें जाम कीं, बल्कि हिंसा, गाड़ियों में आग लगाना, पुलिस के साथ झड़प, पत्थरबाजी, फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ की। उसके बाद भारी पुलिस बल की तैनाती भी हुई, जिन्होंने कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों को काबू करने के लिए लाठीचार्ज और बल का भी इस्तेमाल किया। पुलिस ने कहा कि वह स्थिति को काबू में रखने के लिए कम से कम बल का इस्तेमाल कर रही है। नोएडा में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को मजदूरों को भड़काने की कोशिश कर रहे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सचेत किया है कि लोगों को श्लगभग खत्म हो चुके नक्सलवाद को फिर से जिंदा करने की साजिश से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा, मजदूरों के नाम पर उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और औद्योगिक इलाकों में सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए। राज्य के श्रम विभाग को स्थानीय अधिकारियों और औद्योगिक इकाइयों से बातचीत करने के लिए कहा गया है। हालांकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा है कि हर मजदूर को सम्मानजनक वेतन, काम करने का सुरक्षित माहौल और मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों से श्रम कानूनों का पालन करने और मजदूरों द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुलझाने के लिए कहा। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि पुलिस उन लोगों की पहचान कर रही है जिन्होंने नोएडा में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर हिंसा भड़काई थी, और चेतावनी दी कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अशांति में शामिल भड़काऊ तत्वों और बाहरी तत्वों का पता लगाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश एटीएस ने फैक्टरी कामगारों के विरोध प्रदर्शन से संभावित घुसपैठ के सूत्रों की जांच शुरू कर दी है। एटीएस यह जांच कर रही है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान आगजनी का तरीका, खासकर जिस तरह से गाड़ियों में आग लगाई गई, क्या पाकिस्तानी आकाओं के इशारे पर अशांति भड़काने के लिए इस्तेमाल किए गए तरीकों से मेल खाता है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नोएडा में कामगारों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के लिए भाजपा सरकार की एकतरफा नीतिश को जिम्मेदार ठहराया है, और आरोप लगाया है कि सरकार पूंजीपतियों का पक्ष लेती है जबकि वेतन भोगी कर्मचारियों और मजदूरों को नजरअंदाज करती है। उन्होंने कहा कि वेतन बढ़ाने को लेकर आंदोलन उन नीतियों की वजह से उग्र हो गया है जो पूंजीपतियों को बढ़ावा देती हैं लेकिन कामगारों का शोषण करती हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए सरकार की आलोचना की और कहा कि नोएडा में मदरसन कंपनी के बाहर के विजुअल परेशान करने वाले थे। अपने एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा, जब महंगाई लोगों की कमर तोड़ रही है और वेतन के नाम पर कामगारों का शोषण हो रहा है, तो युवा सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उन्होंने यह भी कहा, विज्ञापनों से खाली पेट नहीं भर सकते। आंसू गैस के गोले भूख मिटा नहीं सकते। वर्कर्स की जायज मांगों को नजरअंदाज करना बंद करें और दमन का सहारा लेने के बजाय हल निकालें। ध्यान देने वाली बात यह है कि बेहतर वेतन के लिए आन्दोलन कर रहे मदरसन के सैंकड़ों कामगार फैक्टरी के अंदर घुस गए और वरिष्ठ अधिकारियों को वहां से बाहर नहीं



जाने दे रहे थे। नोएडा के फेज-2 में प्रदर्शन हिंसक हो गया, और एक पुलिस वैन और दूसरी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई, जहां कई औद्योगिक इकाइयों के कामगार दोपहर के आसपास वेतन बढ़ाने और दूसरे फायदों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद विरोध प्रदर्शन नोएडा के दूसरे हिस्सों में फैल गये। प्रदर्शन की वजह से सुबह से ही ट्रैफिक पर असर पड़ा है। कामगर पिछले कई दिनों से वेतन बढ़ाने और काम करने के बेहतर हालात की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहे थे, और उन्हें जो भरोसा दिया गया था, उसे पूरा नहीं किया गया।
12 अप्रैल को, अधिकारियों ने साप्ताहिक छुट्टी, ओवरटाइम के लिए दोगुना पारिश्रमिक, बोनस और बेहतर कार्यस्थल सुरक्षा जैसे उपायों की घोषणा की थी। इससे पहले, नोएडा की जिला दंडाधिकारी मेधा रूपम ने कामगारों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की थी। उन्होंने एक अपील जारी की थी, सभी मजदूर भाई-बहन, कृपया शांति से अपने काम की जगह पर पहुंचें और अपना काम करें, और जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने मजदूरों की मदद के लिए कंट्रोल रूम नंबर भी जारी किए हैं। नोएडा में विरोध प्रदर्शन हरियाणा सरकार द्वारा 9 अप्रैल को न्यूनतम मजदूरी में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा के बाद शुरू हुआ है, जो 1 अप्रैल से लागू होगी। घोषणा से पहले हरियाणा के गुरुग्राम के मानेसर में मजदूरों ने न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर 3 अप्रैल को अपना आंदोलन शुरू कर दिया था। मानेसर के बाद, नोएडा के मजदूरों ने उत्तर प्रदेश सरकार से अपनी न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की मांग करते हुए अपना आन्दोलन शुरू कर दिया था। नोएडा विरोध प्रदर्शन के असर से जल्द ही दिल्ली में स्थिति तनावपूर्ण हो गई और ट्रैफिक में रुकावट आई। दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया और सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व मजदूरों की आड़ में दिल्ली में घुस न सके। सड़कों पर बैरिकेडिंग की गई और गाड़ियों की चेकिंग की गयी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि वह पूरी तरह से चौकस है, और सभी अहम जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। विरोध प्रदर्शन जल्द ही और तेज हो गया और नोएडा के सेक्टर 62 स्थित चिल्ला बॉर्डर पर स्थिति गंभीर हो गई, जहां मजदूरों ने सुबह के व्यस्त समय में सड़क जाम कर दी। इससे चिल्ला बॉर्डर (दिल्ली) से आने वाली नोएडा लिंक रोड पर ट्रैफिक बाधित हो गया। उत्तर प्रदेश के मजदूर संगठन दिल्ली-नोएडा सीमा के पास एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया, जिससे सड़क के कई हिस्से जाम हो गए और गाड़ियों की आवाजाही में रुकावट आई। विरोध प्रदर्शन पड़ोसी शहर फरीदाबाद तक भी फैल गया, जिससे कई मुख्य रास्तों पर ट्रैफिक बुरी तरह प्रभावित हुआ। नोएडा में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। राजस्थान के भिवाड़ी में, सुप्राजित इंजीनियरिंग लिमिटेड के मजदूरों का धरना-प्रदर्शन हिंसक हो गया और उन्होंने सड़क जाम करना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस ने कई मजदूरों को हिरासत में ले लिया है।

साहित्य



## उत्पत्ति स्थान से खिलवाड़?

**संजय एम तराणेकर**

खामोश थीं दीवारें, पर दर्द चीख रहा था,
ये इंसान ही इंसान को नीचे गिरा रहा था।

क्यों? स्त्री जननांग से कुत्सित खिलवाड़,
उत्पत्ति स्थान, यौन हिंसा की लें रहें आड़।

जिसे अपना माना था, वही ज़ख्म दे गया,
विश्वास की नींव एक पल में ही तोड़ गया।

आँखों में थे खूब सवाल पर होंठ सिल गए,
दर्द के अंधेरे में सारे सपने ख़ाक मिल गए।

हर रात के बाद एक सुहानी सुबह आती है,
जो टूटी हुई हिम्मत फिर रोशनी जगाती है।

खामोशी नहीं, बुलन्द आवाज़ उठानी होगी,
अब अन्याय के खिलाफ जंग लड़नी होगी।

हर एक आँसू का हिसाब तो होगा एक दिन,
सत्य, हिम्मत से ही मिलेगा न्याय एक दिन।

*(संदर्भ - लुधियाना में पति की हैवानियत, कैमरे में दरिंदगी कैद)*



## राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनाएं।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# बीबीएन प्रदूषण की मार झेलने को अभिशप्त

*कुलभूषण उपमन्यु*

हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास की रीढ़ माना जाने वाला बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र बहुत से नकारात्मक कारणों से भी चर्चा में रहता आया है। वर्तमान में यह क्षेत्र प्लास्दा में किण्वन उद्योग लिमिटेड के एपीआई (सक्रिय भेषजीय सामग्री) संयंत्र के कारण चर्चा में है। इस प्लांट के कारण आसपास के 4-5 किलोमीटर क्षेत्र में जनता का दुर्गन्ध के कारण सांस लेना दूभर हो गया है और प्लांट का प्रदूषित जल नदी-नालों में छोड़ने के कारण जल भी प्रदूषित हो गया है। अत्यधिक भूजल दोहन के कारण आसपास के क्षेत्रों में हैंडपंप सूखने लग पड़े हैं। इस संयंत्र को प्रतिदिन 6.7 किलो लीटर पानी उपयोग की स्वीकृति है। लोगों का कहना है कि यह संयंत्र काफी ज्यादा भूजल दोहन कर रहा है, जिसके कारण पहले से लगे हैंडपंप सूखने लगे हैं।

संयंत्र के दुष्प्रभावों को बारीकी से समझने से पहले बीबीएन की ऐतिहासिक लापरवाह संस्कृति पर नजर डाल लेते हैं। 2025 तक कार्यरत 2919 इकाइयों में से 87 पर्यावर्णीय प्रदूषण रोकने के लिए जरूरी प्रावधानों का उलंघन करते हुए पकड़ी गईं और उनसे 3.2 करोड़ रुपये प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वसूला। 27 इकाइयों और चार स्टोन क्रशरों की बिजली काटी गई। प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगाए गए उपकरणों का समय-समय पर सुधार करना पड़ता है, जो नहीं किया गया और सामयिक रखरखाव के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नवीकरण करवाना पड़ता है, जो नहीं करवाया गया। बीबीएन में 308 इकाइयां लाल श्रेणी की हैं, जिनमें ये उल्लंघन ज्यादा पाए गए। प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का सुधार या रखरखाव पैसा बचाने के लिए ही ये लोग नहीं करते हैं और इससे कई बार भ्रष्टाचार भी जुड़ा रहता है। कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के एक अध्ययन में यह सामने आया की भूजल में सल्फेट, तांबा, लोहा, स्वीकृत स्तर से ज्यदा पाया गया। अम्लीयता भी अधिक पाई गई। वायु सूचकांक खतरनाक स्तर 324 मापा गया।

जाहिर है कि जहां उद्योग विकास के लिए लगाये जाते हैं वहां औद्योगिक प्रदूषण को व्यापारिक हितों को मुख्यता देने वाले उद्योगपति, कोई महत्व नहीं देते हैं और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने में घोर लापरवाही बरतते हैं। इससे एक ओर कुआं और दूसरी ओर खाई वाली स्थिति बन जाति है। उद्योग न लगाएं तो बेरोजगारी और लगाएं तो प्रदूषण जनित लापरवाहियों से जीवन दुखी और असंभव। इसलिए हिमालय को प्रदूषणकारी लाल श्रेणी की औद्योगिक गतिविधियों से दूर रखने की हिमालय नीति अभियान और सहयोगी सामाजिक जन आन्दोलन की वकालत करते रहे हैं ताकि यह क्षेत्र पर्यटन और मैदानी प्रदूषण से थके हारे लोगों के लिए सामयिक विश्राम स्थल के रूप में बचा रहे। अगर हिमालय भी धूल, धुएं और अशुद्ध जल का घर बन जाएगा तो मानवता को विश्रांति कहां मिलेगी। सवाल है कि देश के लिए हिमालय द्वारा दी जा रही पर्यावरणीय सेवाओं को होने वाली अपूरणीय हानि की भरपाई कैसे होगी। स्थानीय समुदायों को प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य, आजीविका और असुविधा का गुनहगार कौन होगा। ये सवाल अनुत्तरित ही रह जाते हैं। अब सक्रिय भेषज सामग्री को समझने का प्रयास करते हैं। ये वह सामग्रियां हैं जो किसी दवाई में वांछित असर या गुण प्रदान करती हैं। ये रोगी को देने के लिए तैयार दवाई का लगभग आधा हिस्सा हैं और दूसरा आधा है एक्ससेपिएंट्स या सहायक तत्व। ये रासायनिक स्तर पर निष्क्रिय होते हैं, जबकि इनसे मिल कर रासायनिक तौर पर सक्रिय भेषज सामग्रियां या घटक ही दवाई को वांछित गुण प्रदान करती हैं। इन सक्रिय भेषज सामग्रियों को बनाने की प्रक्रिया भी काफी पेचीदा होती है जिसमें अनेक रासायनिक पदार्थों का प्रयोग होता है, जिससे इन रसायनों से प्रदूषण फैलने का भी खतरा बना रहता है। अतः रसायन मार्ग आधारित सक्रिय भेषज घटकों के निर्माण के बजाय अब कई दवा कंपनियां बैक्टिरिया या खमीर आधारित किण्वन मार्ग को अधिमान दे रही हैं।

इसमें विभिन्न भेषजीय तत्वों को विभिन्न सूक्ष्म जीवियों के माध्यम से उपचारित करके किण्वन (खमीरीकरण) से विभिन्न रासायनिक यौगिक प्राप्त कर लिए जाते हैं, जिन्हें एपीआई या सक्रिय भेषजीय घटक कहा जाता है। यह तो ठीक है कि रासायनिक मार्ग के मुकाबले किण्वन ( खमीरीकरण) मार्ग से कम प्रदूषण होता है किन्तु यह मार्ग भी कदाचित निरापद नहीं है। खमीरीकरण में दुर्गन्ध पैदा होती है जिसका सही उपचार न किया जाए तो आसपास के निवासियों का जीना दूभर हो जाता है। इस प्रक्रिया में काफी मात्रा में अपशिष्ट पैदा होता है, जिसके निपटान के लिए निर्धारित मानदंडों का प्रयोग न करके अपशिष्ट उपचार संयंत्र लगा कर भी उनको पैसा बचाने के लिए संचालित ही नहीं किया जाता। आक्सीकरण द्वारा अपघटनीय और केवल जैवीय रूप से अपघटनीय कार्बनिक पदार्थ भी बिना यह तय किए कि इनके अपघटन के लिए कौन सी विधि प्रयोग में लाई जाएगी, बिना संशोधित किए ही खुले छोड़ दिए जाते हैं, जो एपीआई एकत्रित करने योग्य नहीं बचते और एंटीबायोटिक अपशिष्ट भी बिना संशोधित किए जल, और मिट्टी प्रदूषण द्वारा पर्यावरण और मानव एवं अन्य पशु जगत के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।

बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के नाम पर बहुत सी जानकारियों को छुपाया जाता है इसके कारण अपशिष्ट प्रबन्धन पर निगरानी रखना कठिन हो जाता है। इन सबका एकत्रित विषाक्त प्रभाव कितना पड़ रहा है, इसका अभी तक पूर्ण आकलन ही नहीं किया गया है। अतः ठोस और तरल या अर्ध तरल अपशिष्ट पदार्थों का संशोधन, उनके खतरनाक विषाक्त स्तर के आकलन के अनुसार कुशलता पूर्वक किया जाना चाहिए वरना यह लापरवाही पर्यावरण, मानव और जीव स्वास्थ्य के लिए बड़ा हानिकारक साबित हो सकता है। एक सदइच्छा से किया गया प्रयास स्थानीय समाज के लिए घातक साबित हो सकता है। अतः उद्योगपतियों को तमाम सुविधाएं देने के बाद भी उनकी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए शीघ्र ही कार्रवाई की जानी चाहिए।

***(लेखक, हिमालय नीति अभियान के अध्यक्ष और पर्यावरणविद् हैं।)***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रा सम्मानित



**शाहाबाद हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला बाजार सम्भा निवासी छात्रा द्वारा दून इंटरनेशनल स्कूल शाहजहांपुर में सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में 89% अंक पाने पर गुरुवार को शाहजहांपुर के अधिवक्ताओं ने सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया। कस्बे के मोहल्ला बाजार संभा निवासी बिलकीस विद्यालय के प्रबंधक शाहिद खां छात्र नेता की पुत्री रुशदा खां ने दून इंटरनेशनल स्कूल शाहजहांपुर में सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल में 89% अंक पाकर स्कूल में टॉप किया। गुरुवार को बार एसोसिएशन शाहजहांपुर के अध्यक्ष सरनाम सिंह ने अधिवक्ताओं के साथ छात्रा को सम्मानित कर उसका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर अधिवक्ता नासिर खां, शबील खां, सहित कई अधिवक्ता और छात्रा के माता पिता उपस्थित रहे।

### पुलिस ने तमंचे सहित युवक को किया गिरफ्तार



**शाहाबाद हरदोई।** मझिला पुलिस ने तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण/बिक्री/ परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उपनिरीक्षक विवेक कुमार द्वारा सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल करने कज सूचना पर अतुल कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बिजगवा को एक तमंचा 315 बोर व 1 कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

### सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी प्लेट लगाना अनिवार्य

**हरदोई।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ने जनपद के समस्त वाहन स्वामियो को सूचित किया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) का लगाया जाना अनिवार्य है। जिसके अंतर्गत दिनांक 15 अप्रैल, 2026 के पश्चात् HSRP युक्त वाहनों का प्रदूषण अवमुक्त प्रमाण-पत्र PUC निर्गत नहीं किया जाएगा। अतः सभी वाहन स्वामियों से अपेक्षा की जाती है वे अपने वाहनों पर आज ही दिनांक 15.04.2026 तक HSRP स्थापित करा लें, जिससे भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



**बेनीगंज/हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज अंतर्गत 16 अप्रैल 26 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम / एंटीरोमियो टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कस्बा- बेनीगंज मे जाकर छात्राओं को लघु फिल्म दिखाकर कर जागरूक किया गया व छात्राओं को पंपलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबरों 112,1090,1930,181, 108,102, आदि की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे मे बताया गया। बालिकाओं को साइबर आपराध के बारे मे जानकारी देकर बचाव के उपाय भी बताये गये व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे मे भी जानकारी दी गया। बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय भी बताये गये। इस दौरान मानव श्रंखला बनवाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल की समस्त शिक्षिकाएं , स्कूल वर्डन व म.आ. पूजा त्यागी, म.आ. पुष्पा यादव मौजूद रही।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में छात्राओं का उत्साह, जालौन में चला व्यापक हस्ताक्षर अभियान



**जालौन (उरई)।** सेठ वीरेन्द्र कुमार महाविद्यालय, गुढ़ान्यामतपुर (उरगांव रोड, जालौन) में गुरुवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अधिनियम के समर्थन में अपने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने शासन द्वारा जारी मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल कर भी अपना समर्थन दर्ज कराया, जिससे उनके भीतर जागरूकता और सहभागिता का उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को केवल अधिकार प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित करने का मजबूत आधार देता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियां, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही हैं, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक नारा न रह जाए, बल्कि इसे व्यवहारिक रूप में लागू करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में भूमि ऐंगर, सलोनी शिवहरे, अंशिका सोनी, निशा बुधौलिया, सरस्वती, वंशिका, सोना, अमृता, सोनाली, स्फूर्ति, नूर अल्मा, जोया सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता बढ़ाना तथा नारी सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

### सेंट जेवियर्स के अंबर शुक्ला 98.8% अंक पाकर बने जिला टॉपर



**फतेहपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट में एक बार फिर कक्षा 10 के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षिक गुणवत्ता का परचम लहरा दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की। छात्र अंबर शुक्ला ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय के 15 से अधिक छात्र एवं छात्राओं ने 95% से अधिक अंक अर्जित किया 52 छात्र छात्राओं ने 90% से अधिक अंक अर्जित किया। साथी साथ विद्यार्थियों ने आईटी में 100 में से 100 अंक अर्जित कर राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठता सूची में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर प्रियंका गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। प्रबंधक नितीश कुमार ने छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर बधाई दिया।

# बंद भंडारण कक्ष में जहरीली गैस से दो की मौत, युवक गंभीर

- घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर गांव में मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां गेहूं भंडारण कक्ष की सफाई के दौरान जहरीली गैस के संपर्क में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से बीमार हो गया।

मृतकों की पहचान ग्राम प्रधान विद्यावती के पति सुरेंद्र (65) पुत्र सीताराम और गांव निवासी कैलाश (35) पुत्र देवीसाय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गांव में बने बंद गेहूं भंडारण कक्ष (बखारी) की सफाई के लिए पहले एक युवक अंदर उतरा। कुछ ही देर में वह जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए सुरेंद्र और कैलाश भी अंदर पहुंचे, लेकिन वे भी गैस के प्रभाव से अचेत हो गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत तीनों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलग्राम पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने सुरेंद्र और कैलाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे युवक का इलाज जारी है। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रवि प्रकाश सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में बंद कक्ष में बनी जहरीली गैस को हादसे का कारण माना जा रहा है। एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम ने बताया कि सफाई के दौरान घुटन (सफोकेशन) के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## हरदोई पुलिस का मिशन मोड- स्कूल में पहुंचकर बच्चों को किया अलर्ट



**सवायजपुर/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

थाना सवायजपुर क्षेत्र के खमरिया स्थित महात्मा गौतम बुद्ध विद्यालय में आज दिनांक 16 अप्रैल 2026 को मिशन शक्ति योजना फेज 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही आपातकालीन टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 112, 1930, 1076 एवं 181 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर इनका सही उपयोग किया जा सके।इसके अलावा छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच÷ के बारे में सरल भाषा में समझाकर जागरूक किया गया। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पम्पलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में म.उ.नि. क्षमता देवी एवं महिला आरक्षी नाजमा, थाना सवायजपुर द्वारा उपस्थित रहकर अभियान को सफल बनाया गया।

### जन सुनवाई में डीएम ने सुनीं 68 शिकायतें



**हरदोई।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 68 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहै।

## कृषि विज्ञान केंद्र के सौजन्य से मखाना विकास पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



विज्ञान केंद्र, हरदोई द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, सीतापुर-II के सहयोग से मखाना विकास पर जागरूकता कार्यक्रम/कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

दिनांक 15 अप्रैल 2026 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II द्वारा, कृषि विज्ञान केंद्र, सीतापुर-II के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम/कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों एवं विकास खंडों से लगभग 140 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र, हरदोई-II के अध्यक्ष डॉ पंकज नौटियाल द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों को भारत में मखाना उत्पादन की बढ़ती संभावनाओं एवं इसके आर्थिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा किसानों को इसे एक लाभकारी फसल के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र, सीतापुर-II के अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर श्रीवास्तव ने किसानों को उन्नत बीज उत्पादन की तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान कैसे एफपीओ के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने मखाना के पोषण मूल्य एवं इसके प्रसंस्करण के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. शैलेंद्र सिंह (प्रसार वैज्ञानिक के.वि.के सीतापुर) ने मखाना विकास योजना के बारे में जानकारी दी तथा किसानों को बाजार से जोड़ने के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की। मृदा वैज्ञानिक डॉ. टी. एन. राय ने मृदा परीक्षण के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि उचित मृदा परीक्षण से फसल की उत्पादकता में वृद्धि संभव है। वहीं डॉ. शुभम राठोर (के.वि.के सीतापुर) ने वैज्ञानिक मखाना उत्पादन की विस्तृत जानकारी किसानों को प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहित सिंह द्वारा अत्यंत प्रभावी एवं सराहनीय ढंग से किया गया। इस अवसर पर डॉ. रत्नेश, डॉ. अंजलि साहू, डॉ. त्रलोकी सिंह, थंगा अनुस्या, सरवात फातिमा, सिद्धांत सिंह, रामा महेश तिवारी, आदर्श सक्सेना, गौरव सिंह भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में सभी किसानों ने इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए मखाना उत्पादन को अपनाने में रुचि दिखाई।

## सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट में एसआर पब्लिक स्कूल का दबदबा बरकरार

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल परीक्षा में एस आर पब्लिक स्कूल, कालपी रोड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

हाईस्कूल परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष हाई स्कूल के 316 सम्मिलित हुए जिसमे हाईस्कूल की नित्या यादव ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणाम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में नित्या यादव (92.8), सारांश अग्रवाल (92.6), अन्वी गुप्ता (92.2), भविष्य गुप्ता (91.8), सत्यम प्रजापति (91.4) विकाश यादव (90.6), शिवांश गुप्ता (89.8) सम्भवी (88.8), रिया कुशवाहा (88.4), रचित यादव (88.2), रिया (87.6), जफर अहमद (87.4), हर्षित कुमार (86.8), आयुष (86.4), अभय प्रताप सिंह (86.4), रूद्र प्रताप कुशवाहा (85.4) अंक प्राप्त किये। वाइस चेयरमैन रमाकान्त द्विवेदी ने सभी मेधावी छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार राठौर ने सभी मेधावियों एवं उनके अभिभावकों को इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए सराहना करते हुए कहा कि सदैव कठिन परिश्रम से मीठे फल की प्राप्ति होती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शुक्ला ने सभी छात्रों को मंगल तिलक करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राघव गुप्ता, कोआर्डीनेटर विकास पटैरिया राहुल गुप्ता रमेश सर, अर्चना गुप्ता कार्तिक गौतम, पंकज कुशवाहा, राघवेन्द्र सिंह, रमाकान्त विश्वकर्मा कुंजबिहारी आदि उपस्थित शिक्षक गणों ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

### कटाई के दौरान हार्वेस्टर में लगी भीषण आग, चालक ने कूद कर बचाई जान

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू में गुरुवार को गेहूं की कटाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खेत में चल रही हार्वेस्टर मशीन में अचानक भीषण आग लग गई, जिसने कुछ ही पलों में विकराल रूप ले लिया। इस आग की चपेट में आकर किसान रोहित सेंगर की लगभग 5 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना के समय हार्वेस्टर चला रहे चालक सौरभ परिहार ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत मशीन से कूदकर अपनी जान बचा ली। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि मौके पर मौजूद किसानों और मजदूरों में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू न पाने पर दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के खेतों में खड़ी फसल को जलने से बचा लिया।


### सूचना

मैं रामजी पुत्र विश्राम, निवासी ग्राम सहदेवा, तहसील मोहम्मदी, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.), सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में लवी अंकित है, जबकि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार नाम ऑस्कर तथा जन्मतिथि 19/12/2016 है, जो कि सही है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को ऑस्कर नाम व उक्त जन्मतिथि से ही जाना जाएगा।

### नाम संशोधन

THIS IS TO CERTIFY THAT DAKSH SHAKYA S/O MR. VIMAL KUMAR SHAKYA UNIQUE ID 8218036. MODERN PUBLIC SCHOOL, FARRUKHABAD (U.P). HIS FATHER'S NAME WAS MISTAKLY ENTERD AS VIMAL SHAKYA. HIS ACTUAL NAME IS "VIMAL KUMAR SHAKYA"

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र सत्य प्रकाश सिंह व बहू गुड़िया सिंह निवासिनी बदरका के चाल चलन एवं कृत्यों से आहत होकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज से मेरे पुत्र सत्य प्रकाश सिंह वह मेरी बहू गुड़िया सिंह का मेरी चल अचल संपत्ति में किसी भी प्रकार का कोई हक हिस्सा व अधिकार नहीं होगा न ही इन दोनों के किसी भी कृत्य, पेशी मुकदमे से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई वास्ता सरकार होगा ।

**गोविंद सिंह भदोरिया**
**ग्राम नकाही पूरेदिलदार सिंह**
**थाना हरदी जनपद बहराइच**
**मो.7800041082**


## सेंट मैरीज स्कूल में मेधावियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**फतेहपुर।** सेंट मैरीज स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के हाई स्कूल के रिजल्ट में मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किया। जिसमें अर्पित गुप्ता 95.8 प्रतिशत, उदबा अब्दुर रहमान 95.8 प्रतिशत, आकृति गुप्ता 95.6 प्रतिशत, अनुष्का 95.6 प्रतिशत एवं कनिष्क गुप्ता 95.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस वर्ष कुल 41 विद्यार्थियों ने 90: से अधिक अंक प्राप्त कर विशिष्ट उपलब्धि दर्ज की। वही विद्यालय के प्रधानाचार्या सिस्टर अरोकिया मैरी थॉमस एवं प्रबंधक फादर थॉमस प्रफुल्ल ने छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने सभी आवभकों के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग विश्वास एवं प्रेरणा की सराहना किया।

## जयपुरिया की अर्पिता सिंह 99% अंक के साथ बनीं जिला टॉपर

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**




हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षा परिणाम में सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय की छात्रा अर्पिता सिंह ने 99% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया और जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। विद्यालय के टॉप-10 छात्रों में शामिल विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है। अर्पिता सिंह (99%), अनुभव सिंह (98.2%), वत्सल रस्तोगी (98.2%), सूर्य दुबे (97.8%), दिव्यांशु रंजन (97.6%), मोहम्मद अरबाब (97.4%), हिमांशु प्रसाद (97.2%), प्रखर गुप्ता (97%), सारा नदीम (95.8%) एवं मिहिका बाजपेई (95.6%) विद्यालय का परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जो संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को दर्शाता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक रंजना सिंह ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रधानाचार्य जी.पी. मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें भविष्य में इसी प्रकार निरंतर परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में इस उपलब्धि पर हर्षोल्लास का वातावरण रहा तथा विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया।

# उरई विकास प्राधिकरण की कथित वसूली का खेल! कोई पास कोई फेल?

- आठ साल बाद नींद से जागा ओडीए महकमा, जड़ा ताला

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

उरई विकास प्राधिकरण (ओडीए) एक बार फिर विवादों के घेरे में है। विकास या विकास के नाम पर कार्रवाई और वसूली के आरोपों के बीच आज सुबह हुई एक घटना ने आम जनता के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

सुबह-सुबह ओडीए की टीम, जिसमें सचिव परमानंद यादव और वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी भरी पुलिस बल के साथ, मंशापूर्ण मंदिर के पास शहर के एक प्रमुख शोरूम 'एलेन सॉली' जो कि बजरंग होटल में स्थित है पहुंची और वहां ताला डाल दिया। इसके ठीक सामने स्थित चंद्रकांत विला पर भी इसी तरह की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने कारण बताया कि संबंधित निर्माण का नक्शा पास नहीं है। हालांकि इस कार्रवाई ने व्यापारियों और आम लोगों को चौंका दिया। सवाल यह उठ रहा है कि यदि नक्शा पास नहीं था, तो निर्माण कार्य को पहले ही क्यों नहीं रोका गया? जब भवन पूरी तरह बन गया, दुकानें 8 साल से संचालित हो रही है, तब अचानक ताला डालने की कार्रवाई क्या दर्शाती है? सोता हुआ विभाग जाग गया या खेल कुछ और है। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। शहर में कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां पहले नोटिस दिया जाता है, फिर अचानक सीलिंग की कार्रवाई होती है, और बाद में किसी न किसी तरीके से मामला शांत



हो जाता है। इससे यह धारणा बन रही है कि विकास प्राधिकरण की कार्रवाई पारदर्शी नहीं है। हाईवे किनारे चल रहे कई निर्माण कार्य भी इसी कारण रुक गए हैं। उद्योग व्यापार मंडल ने इस कार्रवाई का विरोध जताया और इसे मनमानी बताया। घटना उस समय और नाटकीय हो गई जब शोरूम के मालिक अंजनी दुबे उर्फ बबलू दुबे विरोध स्वरूप सड़क पर बैठ गए। उन्होंने कपड़े फाड़कर पेट्रेल डालने तक की कोशिश की, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति बिगड़ती देख प्रशासन हरकत में आया और आनन-फानन में दुकान का ताला खुलवा दिया गया। यह पूरी घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है क्या ओडीए की कार्रवाई नियमों के तहत हो रही है या चयनात्मक रूप से? क्या नोटिस केवल दबाव बनाने का माध्यम बन चुके हैं? और सबसे अहम, क्या बिना लेन-देन के किसी भी मामले का समाधान संभव नहीं रह गया है? सूत्रों के अनुसार, शहर के कई अन्य प्रतिष्ठान चाहे वह संजय बुक डिपो वालों का होटल हो, रूसिया फर्नीचर शोरूम या दिवौलिया पेट्रोल पंप एवं अन्य व्यावसायिक संस्थान भी इसी तरह के नोटिसों और दबाव का सामना कर रहे हैं। आरोप यह भी है कि कई मामलों में वर्षों तक नोटिस लंबित रहते हैं, लेकिन कार्रवाई केवल उन्हीं पर होती है जो कथित तौर पर सहयोग नहीं करते।

### कैसे होता है नोटिस का खेल

उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 की उप धारा (1) के अधीन उरई विकास प्राधिकरण पहले कारण बताओं नोटिस जारी करता है जिसमें धमकाने के लिए लिखा रहता है कि उत्तर प्रदेश नगरी योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 14 एवं धारा 15 के आदेश अनुसार विकास प्राधिकरण की अनुज्ञा प्राप्त किए बिना उक्त निर्माण कार्य किया गया है और एक तारीख निहित कर दी जाती है जिसमें आपको उरई विकास प्राधिकरण में जाकर अपना पक्ष रखना होता है और नोटिस में यह भी लिखा होता है कि क्यों न आपका पूर्व में किया गया निर्माण गिरा देने का आदेश पारित कर दिया जाए जिससे आदमी घबरा जाता है और सीधा विकास प्राधिकरण पहुंच जाता है वहां शुरू होता है वसूली का खेल अगर आप वहां के वरिष्ठ अधिकारियों को संतुष्ट कर देते हैं तो वह नोटिस वहीं दब जाता है नहीं तो तीन-चार महीने के अंदर ही आपकी बिल्डिंग सीलिंग की कार्रवाई पक्की समझो।

### ओडीए के एरिया को सात जौन में किया गया विभाजित

उरई विकास प्राधिकरण ने विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंदर आने वाले 32 गांव एवं उरई शहर को 7 जोन में बांटा गया है जिसमें शहर के मुख्य दो जोन वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष त्रिवेदी के पास है जबकि ओडीए के पांच क्षेत्र ओडीए के सचिव परमानंद यादव के पास है। ओडीए को सात जौन में विभाजित कर दिया गया है। जिसमें यदि किसी जौन में कोई भी कार्यवाही या फिर नोटिस ओडीए द्वारा जारी किये जाते हैं उनमें संबंधित दो अधिकारियों से ही संपर्क कर उसका समाधान किया जा सकता है।


### कार्यालय ग्रा0पं0 जहांगीरपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/राज्य वित/15वां वित योजनान्तर्गत/ 2026-27 दिनांक 16/04/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जहांगीरपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 17/04/2026 से 23/04/2026 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23/04/2026 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17/04/2026 से 23/04/2026 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | भुट्टे मुखिया के घर से शाहनवाज के प्लाट तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.52 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-मतीन खान ग्राम पंचायत जहांगीरपुर वि0ख0 कमालगंज सचिव- अभय राज

### कार्यालय ग्रा0पं0 हुसैनपुर नौखंडा वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/राज्य वित/15वां वित योजनान्तर्गत/ 2026-27 दिनांक 16/04/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर नौखंडा विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 17/04/2026 से 23/04/2026 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23/04/2026 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17/04/2026 से 23/04/2026 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | विभिन्न स्थानों पर सोलर लाइट लगवाई कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 497300 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-सीमा कुशवाहा ग्राम पंचायत हुसैनपुर नौखंडा वि0ख0 कमालगंज सचिव- बरखा राजपूत

# मानदेय न मिलने पर ग्राम रोजगार सेवकों की कलमबंद हड़ताल, 25 अप्रैल तक काम ठप रहने की चेतावनी

समृद्धि न्यूज़



**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** प्रांतीय संगठन के आह्वान पर विकास खंड बनीकोडर के सभी ग्राम रोजगार सेवक (मनरेगा कर्मचारी) गुरुवार से कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। कई महीनों से मानदेय न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है, जिससे उनके सामने परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। यह हड़ताल 16 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 25 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी।

हड़ताल के चलते मनरेगा से जुड़े कार्यों पर व्यापक असर पड़ने की आशंका है। ग्राम रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्रा को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि यह निर्णय उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर लिया गया है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी लंबित मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे और किसी भी प्रकार का शासकीय कार्य नहीं करेंगे। उनका कहना है कि लंबे समय से उनकी विभिन्न मांगें लंबित हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे वे आक्रोशित हैं। हड़ताल के कारण मनरेगा योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्य, जॉब कार्ड से संबंधित प्रक्रियाएं और मजदूरों के भुगतान पर असर पड़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की रफ्तार थमने की भी आशंका जताई जा रही है।

पंचायत मित्रों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर शासन स्तर पर निर्णय नहीं लिया गया, तो 25 अप्रैल के बाद प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन, जिसमें विधानसभा घेराव भी शामिल हो सकता है, की रणनीति अपनाई जाएगी। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो हड़ताल का असर और गहराने की संभावना है।

## एम्बुलेंस सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं को प्रतिबंध से छूट

**रामनगर बाराबंकी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 28 सी पर बने सरयू नदी के संजय सेतु में ज्वाइंटरो की मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य शुरू होने के चलते छोटे बड़े लोडेड वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से दो माह के लिये रोक लगा दी गई है। इस दौरान एम्बुलेंस सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं को प्रतिबंध से छूट प्रदान की गई है।बाराबंकी से गोंडा और बहराइच, बलरामपुर, बस्ती आदि जनपदो को जाने आने वाले सभी भारी वाहनो को सीतापुर (चहलारी घाट) अथवा अयोध्या मार्ग के रास्ते डायवर्जन किया गया है।जिससे मरम्मतीकरण के कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रुप से बनी रहे।

## सीबीएसई बोर्ड के मेधावियों का हुआ स्वागत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को घोषित सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम्यांचल पब्लिक स्कूल की अंशिका पटेल 95% अभिनव शुक्ला 94% शादाब शेख 90% के अलावा अन्य मेधावियों का विद्यालय परिवार द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख शरद अवस्थी, सिद्धार्थ अवस्थी, प्रधानाचार्य रेनू मिश्रा व प्रबंधक रेनू अवस्थी एवं स्कूल के सभी शिक्षक व कर्मचारियों ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर बच्चों को शुभकामनाएं दी तथा आगे और अच्छा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## डॉ. अम्बेडकर जयंती पर निकली 61 किमी की शोभायात्रा



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयन्ती पर जेजे आरबी मेमोरियल सेवा संस्थान बबुरिहा, बाराबंकी द्वारा विशाल धम्म एवं शोभायात्रा निकाली गई। सुबह 08:00 बजे शुरू हुई यह शोभायात्रा गोपालपुर से करिमाबाद, गौरिहया पुरवा, शेखपुर, करन्धा, उजवारा, साढेमऊ बाजार, बुधियापुर, लाला पुरवा, अम्बेडकर नगर (फतेहपुर), फतेहपुर, इसरौली, जगदीशपुर, बिलौली, दौलतपुर, मजगवां शरीफ, गंगौली, सिहाली, प्यारेपुर, तिलोकपुर, बंजरिया, चुरलिया शाहपुर होते हुए करीब 61 किलोमीटर की यात्रा करके फतेहपुर के नहरवल में सम्पन्न हुई। धम्म यात्रा का नेतृत्व संस्थान के अध्यक्ष श्रीमती किरन भारती एवं सचिव आयुष भारती ने किया। डॉ अम्बेडकर एवं तथागत गौतम बुद्ध जी की झाकियों से सजी यह शोभायात्रा जिस गांव से गुजरी वहाँ स्थापित डॉ अम्बेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर लोगों को बाबा साहब के जीवन संघर्षो का स्मरण कराया गया वहीं ग्रामीणों महिलाओं के लिए आकर्षण के विन्दु बन गई और शोभायात्रा में साथ जुड़ते गए।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम आधारित सीतापुर विधानसभा सम्मेलन आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा घोषित अभियानों पर जोर-जोर से कार्य कर रही है इसी क्रम में सीतापुर विधानसभा के खैराबाद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु एवं अध्यक्ष के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक /मंत्री राकेश राठौर गुरु ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार नारी शक्ति को मजबूत करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आई है जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण मिलेगा निश्चित तौर से इस अधिनियम से महिला शक्ति मजबूत होगी और नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर में केंद्र सरकार की इस योजना का धन्यवाद ज्ञापित



करते हुए विकसित भारत बनाने में महिला जगत को मिले अवसर को सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच है कि भारत में नारी शक्ति को उसके संपूर्ण अधिकार प्राप्त हो वह केवल मतदाता नहीं बल्कि भारत की भाग्य विधाता बने भारत के संसदीय कानून बनाने में उसका महत्वपूर्ण योगदान हो जहां अन्य सरकारों ने इस मुद्दे पर केवल राजनीति की है भाजपा ने इस धरातल पर उतार कर मातृशक्ति को शक्तिशाली बनाया है। कार्यक्रम को जिला महामंत्री पटेल रेखा वर्मा महिला मोर्चा की अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे, इंदू सिंह कुसुम सिंह आदि ने भी संबोधित किया

वही महोली विधानसभा में अंबेडकर जयंती के उपरांत बाबा साहब के विचारों पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री हरगांव विधायक सुरेश राही उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके संघर्षो और सफल जीवन के मूल्यों के विषय में भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को बताया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के आदर्शो पर आज हमारी सरकार चल रही है और उनके सपनों को पूरा कर रहीहै। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा तरुण शुक्ला विपुल प्रताप सिंह आदि ने अपने विचार भी रखें।

वही बिसवा विधानसभा में भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निर्मल वर्मा जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री सुधाकर शुक्ला द्वारा की गई एवं कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष जया सिंह द्वारा किया गया।। अपने उद्बोधन में विधायक निर्मल वर्मा ने बताया की बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संपूर्ण भारत वर्ष के लिए सम्मानित है और पूज्य है उनके गौरवपूर्ण योगदान से आज हमारा संविधान दुनिया का सबसे सुंदर एवं न्यायपूर्ण व समतायुक्त संविधान बना है आज उनके तमाम सपनों पर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकारें कार्य कर रही हैं और सब को शिक्षा एवं सामानता प्रदान करने का कार्य कर रही। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहब के सम्मान में बनाए गए पंच तीर्थ का विस्तार से वर्णन किया उन्होंने आए हुए सभी लोगों से बाबा साहब को अपने आदर्शो में बसाने का आवाहन भी किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में बृहस्पतिवार को एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है। प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल पहुंची महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। अत्यधिक पीड़ा होने पर परिजन महिला को लेकर पं. केपी त्रिपाठी हॉस्पिट रानीगंज पहुंचे जहां डॉ. प्रज्ञा वाजपेयी द्वारा सफल ऑपरेशन कर महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। जिनमें एक बेटे व 2 बेटियों शामिल हैं। अस्पताल में सभी नवजात, जच्चा-बच्चा पूरी तरह सुरक्षित हैं। परिजनों ने डॉक्टरों की टीम की सराहना की वहीं तीन बच्चों के जन्म से परिजनों में भी खुशी की लहर देखी गई। परिजनों ने अस्पताल रानीगंज स्टाफ को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। महिला पड़ोसी जिले अयोध्या के मिल्कीपुर तेंधा बाजार की रहने वाली है।



### स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को वितरित की गई निःशुल्क पाठ्यपुस्तक




**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल से 15 अप्रैल के मध्य स्कूल चलो अभियान एवं निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। विकास खंड डीह कार्यालय में आयोजित स्कूल चलो अभियान समारोह के मुख्य अतिथि मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार ने न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम, प्राथमिक विद्यालय डीह द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय शादीपुर कोटवा, राजकीय इंटर कॉलेज डीह के बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण कर बच्चो को शिक्षित बनने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मा0 विधायक ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में पहले से अधिक परिवर्तन आ चुका है, यह अभियान मात्र अभियान नहीं है इस अभियान से आप सब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का चरित्र निर्माण का पुनीत कार्य करते हैं ताकि आने वाली पीढ़ी राष्ट्र सेवा के लिए तैयार हो सके। दस साल पहले सरकारी स्कूलों की स्थिति बदतर थी, कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों में बदलाव आया है। बच्चों के भविष्य संवारने के लिए यह कार्य किया जा रहा है। अगर शिक्षक न हो तो विद्यार्थी को सफल बनाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

### न्यायालय के आदेश पर भी उपभोक्ता को नहीं मिला बिजली कनेक्शन

समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली। न्यायालय के आदेश के बावजूद एक उपभोक्ता घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है आरोप है कि नए कनेक्शन के लिए अवर अभियंता पैसे की मांग कर रहे है। कटघर उपकेंद्र के वजीरगंज नरसवां निवासी बसंत लाल ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप लगाया आप है पिता के नाम घरेलू कनेक्शन था अब उनकी मृत्यु हो चुकी है जिसका पीडी कराने के लिए उन्होंने आवेदन किया था जब नहीं हुआ तो उन्होंने न्यायालय की शरण ली कोर्ट ने उपभोक्ता को 20000 भुगतान करने के बाद नया विद्युत कनेक्शन करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया बसंत लाल ने न्यायालय के

## रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षान्त परेड का किया गया पूर्वाभ्यास



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज के परेड ग्राउंड में आगामी दीक्षांत परेड समारोह के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के नेतृत्व में भव्य पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) आयोजित किया गया । प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया। सलामी के उपरान्त मार्च पास्ट में रिक्रूट्स ने बैंड की धुन पर कदम से कदम मिलाकर शानदार तालमेल का प्रदर्शन किया। निरीक्षण के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया। समारोह को त्रुटिहीन बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को परेड ग्राउंड की व्यवस्था, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि मुख्य आयोजन भव्य और गरिमामयी हो सके।

## समीक्षा बैठक में डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने में तेजी लाने के दिए निर्देश

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने विकासखंड वार प्रगति की समीक्षा की, जिसमें शुकुल बाजार, गौरीगंज एवं तिलोई विकासखंडों की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष प्रयास कर शीघ्र प्रगति में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी प्राथमिकता के आधार पर बनाई जाए। साथ ही ऐसे किसानों की भी पहचान कर उनकी रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाए, जो अभी तक इस योजना का लाभ नहीं प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन किसानों का डाटा मिस मैच है, उसे तत्काल सही कराते हुए उनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार सहित समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फोन पर बात करने के शक से नाराज प्रेम-दीवाने ने कर दी युवती की हत्या

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज अंतर्गत चतुरीपुर मजरे मऊ निवासी अमिता उम्र 22 वर्ष पुत्री अवधेश दुबे की मंगलवार रात्रि को धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। बुधवार की सुबह उसका शव गांव किनारे नहर की पटरी पर मिला। पुलिस ने अमिता के भाई ओमप्रकाश दुबे की तहरीर पर गांव के ही सनोज पुत्र रामकिशोर कोरी के खिलाफ नामजद केश दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूंछ तांछ में सनोज ने बताया कि अमिता पहले उससे बात किया करती थी लेकिन इस बीच किसी और से बात करने लगी थी, जिसके कारण मैने बहाने से अमिता को नहर किनारे बुलाया और गांव निवासी अपने एक और दोस्त दुर्गेश्वरी गुप्ता पुत्र राममिलन गुप्ता के साथ मिलकर उसकी चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। युवती के परिजनों ने प्रेम प्रसंग की बात को सिरे से खारिज किया है जबकि पुलिस पूंछ तांछ में सनोज ने एक दूसरे से फोन पर बातचीत करना स्वीकार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक


फाइल फोटो

ने बताया गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है तथा अंतिम संस्कार पुलिस निगरानी में करवाया जाएगा। वहीं अमिता के परिजन दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# नारी शक्ति वंदन पर अपर्णा यादव ने महिलाओं को किया जागरूक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील सभागार गौरीगंज में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर आयोजित एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम में महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित किया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। अपर्णा यादव ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब उसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हो। महिलाओं के दृष्टिकोण से समाज के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य,



पोषण और सुरक्षा से जुड़ी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राजनीति, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा और आत्मनिर्भरता को महिला सशक्तिकरण की कुंजी बताया। इसके उपरांत उन्होंने जनपद में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित पोषण जागरूकता रैली को तहसील परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## अग्निकांड से फसलों को बचाने के लिए आपदा मित्रों ने संभाली कमान

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जनपद में गर्मी के बढ़ते प्रकोप और तेज हवाओं के चलते फसलों में आग लगने की घटनाओं को शून्य करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कुशल निर्देशन में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील सदर के आपदा मित्रों ने ग्रामीण क्षेत्रों में मोर्चा संभालते हुए किसानों को जागरूक करने का कार्य तेज कर दिया है। उपजिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के अनुपालन में आपदा मित्रों की टीम निरंतर संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है। तहसील सदर के ग्राम रखौना में उस समय प्रशासन की मुस्तैदी का सकारात्मक परिणाम



देखने को मिला, जब आपदा मित्र मनोहर लाल, महेंद्र कुमार और रवि कुमार की टीम ने किसान रघुनाथ पुत्र पुताई के खेत का निरीक्षण किया। किसान के खेत में गेहूँ की तैयार फसल खड़ी थी, जिसके ठीक ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। वर्तमान में चल रही तेज पछुआ हवाओं के कारण शॉर्ट सर्किट से फसल जलने का गंभीर खतरा बना हुआ था। आपदा मित्रों ने तत्काल किसान को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और संभावित आर्थिक नुकसान के प्रति सचेत किया। प्रशासन की इस सक्रियता का सम्मान करते हुए किसान ने प्राथमिकता के आधार पर तत्काल फसल की कटाई सुनिश्चित की, जिससे एक संभावित अग्निकांड टल गया। जनपद का प्रत्येक किसान हमारी प्राथमिकता है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि मेहनत से तैयार फसल का एक दाना भी अग्नि की भेंट न चढ़े।

आपदा मित्र गांव-गांव जाकर अर्ली वार्निंग (पूर्व चेतावनी) तंत्र के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परिणाम से विद्यालय का नाम किया रोशन

**समृद्धि न्यूज़, लालगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज के विद्यार्थियों ने CBSE बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10) के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने माता -पिता का नाम रोशन किया है। संस्था के छात्र राजवीर सिंह ने 96.80% अंक प्राप्त कर विद्यालय प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं राजीव दीक्षित ने 96.60% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिवांश सिंह, शक्ति वर्धन सिंह एवं सूर्यांशी सिंह ने 96.20% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त निहारिका त्रिवेदी, शशांक त्रिपाठी, राघव मिश्रा, सुवर्णा तिवारी, यशश्वी, अवनीश त्रिपाठी, प्रीति गौतम, दिशा जैन, अक्षय सोनी एवं मयंक भूषण सहित लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने सभी छात्रों व उनके अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर फूल-माला पहना कर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबन्धक डॉ शशिकांत शर्मा ने बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा तथा सभी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## ट्रक बोलेरो भिड़ंत में साइकिल सवार की मौत, 5 अन्य घायल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे पटी स्थित नेशनल हाईवे के पास गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बुलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की चपेट में एक साइकिल सवार भी आ गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपुर लोकराय गांव निवासी जगनारायण के रूप में हुई है। वहीं बुलेरो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सभी कोतवाली क्षेत्र निवासी सकीना बानो गौहर का पुरवा, आसिया मझगवां, सियाराम भद्दौर और राजा लाला का पुरवा शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार ट्रक और बुलेरो की टक्कर के बाद यह हादसा हुआ, जिसमें साइकिल सवार की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।


### बेदखली सूचना

मैंने अपनी लड़की श्यामा पुत्री राम खेलावन की 8-10 वर्ष पूर्व शादी कर दिया था, जो विवाह के कुछ ही साल बाद विवाह विच्छेद कर मायका में आ गई और पिछ्ले 4 साल से मेरे पास रहती है, किंतु उसके आचरण-व्यवहार ठीक न होने और लड़ाई-झगड़ा करने के कारण उससे अपने सारे संबंध खत्म करते हुए उसे अपनी अचल- संपत्ति से बेदखल भी करती हूं। अब उससे मेरा कोई वास्ता वो सरोकार नहीं है। उसके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचनार्थिनी**
**देवकली पत्नी राम खेलावन**
**निवासी ग्राम-ज्ञानचंद्रपुर, माजरा-महसौ, परगना/तहसील/जनपद-अमेठी**

# ईओ ने पर्यवेक्षक प्रगणक के नियुक्त आदेश किये जारी

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनगणना 2027 मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के लिए प्रगणक पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति एवं प्रशिक्षण हेतु अधिशासी अधिकारी ने आदेश निर्गत कर संस्था प्रधान को सूचना प्रेषित की है प्रथम बैच का प्रशिक्षण 20 अप्रैल से नगर पालिका परिषद कार्यालय में प्रशिक्षण शुरू होगा यह प्रशिक्षण दो बैच में संपन्न कराया जाएगा।

यह जानकारी अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने दी उन्होंने बताया कि गुरुवार को जनगणना 27 मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के लिए प्रगणक पर्यवेक्षक के नियुक्त पत्र जारी कर दिए गए हैं उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद सभागार में दो बैच लगाकर प्रशिक्षण का कार्य कराया जाएगा जिसमें पहले प्रशिक्षण 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक तथा दूसरा प्रशिक्षण 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा पर्यवेक्षक और प्रगणक को ट्रेनिंग दी जाएगी उन्होंने बताया कि तालिका नंबर बैच संख्या दो में 46 लोगों को नियुक्ति पत्र जारी किया गया है जिसमें माध्यमिक शिक्षा से पांच शिक्षकों को तथा बेसिक शिक्षा से 31 शिक्षकों को नियुक्त पत्र जारी किए गए हैं माध्यमिक शिक्षा में पुष्पेंद्र कुमार सिंह सहायक अध्यापक मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज अभिषेक कुमार वर्मा दुर्ग विजय अमीर हम्ज़ा तथा सहायक अध्यापक विजय शंकर पाठक को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है जबकि 31 बेसिक शिक्षा के शिक्षकों को प्रगणक नियुक्त किया गया है उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद में बनाए गए नोडल अधिकारी जनार्दन मिश्रा जनगणना प्रशिक्षण को संपादित कराएंगे तथा फील्ड ट्रेनर के साथ समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व समय से प्रतिदिन प्रशिक्षण स्थल पर सभी पर्यवेक्षक तथा प्रगणक उपस्थित होना अनिवार्य है प्रशिक्षण के लिए नोडल अधिकारी जिनका मोबाइल नंबर जारी किया गया है उनसे संपर्क स्थापित किया जा सकता है उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण भत्ता रुपया 400 प्रतिदिन दे होगा तथा प्रथम चरण के लिए कार्य के लिए मानदेय ?9000 निर्धारित किया गया है प्रशिक्षण भत्ता एवं मानदेय प्रगणक और पर्यवेक्षक द्वारा एचएलओ का सफल संपादन के बाद दे होगा। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि आदेश की सूचना संबंधित संस्था के प्रधान को पत्र भेज कर दी गई है।



- 20 अप्रैल से शुरू होगा पालिका सभागार में प्रशिक्षण कार्य

**प्रोजेक्टर लगाकर दिया जाएगा पर्यवेक्षक प्रगणक को प्रशिक्षण**

फील्ड ट्रेनर सुनील सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल से होने वाले प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करी की गई है नगर पालिका परिषद कार्यालय के सभागार में दो बैच में प्रशिक्षण का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा सभागार मैं प्रोजेक्टर लगाकर पर्यवेक्षक तथा प्रगणक को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसकी तैयारियां नगर पालिका परिषद द्वारा पूर्ण कर ली गई है उन्होंने बताया कि गुरुवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया है और अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार से मुलाकात करके कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति भी तय की है उन्होंने बताया कि सभागार में दो मास्टर ट्रेनर तीन दिवसीय प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक और प्रगणक को प्रशिक्षण देंगे। प्रत्येक पर्यवेक्षक को समय से सभागार में पहुंचना आवश्यक है।

# सेंट पॉल स्कूल में सीबीएसई 10वीं में दो छात्र-छात्रा रहे टॉपर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




नगर के प्रतिष्ठित सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लालकपुर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित होने पर हर्ष का माहौल है। नगर के दो प्रतिभावान छात्र अरुश गुप्ता और ऐशान्या श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से सर्वोच्च 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया है।

इसके अलावा यशश्री चतुर्वेदी तथा प्रांजलि प्रजापति ने 96.40 प्रतिशत, ऋषभ सिंह ने 95.40 प्रतिशत, शिवम यादव व आरुषी गुप्ता ने 94 प्रतिशत, हेमंत सिंह ने 92 प्रतिशत, वरुण कुमार ने 91.40 प्रतिशत, शुभ यादव ने 91.20 प्रतिशत, शगुन ने 91 प्रतिशत, दुष्यंत पाल ने 90.40 प्रतिशत तथा अंश गुप्ता ने 90.20 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य संतोष सेलेस्टिन ने छात्रों की उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा अरुश और ऐशान्या समेत सभी मेधावी छात्रों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम प्राप्त किया है। यह स्कूल के लिए गौरव का क्षण है। मैं पूरे स्टाफ और अभिभावकों को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया। भविष्य में भी ऐसे ही उज्ज्वल परिणाम की उम्मीद है। छात्रों को सलाह है कि वे अपनी पढ़ाई जारी रखें और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनें।

## जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शत प्रतिशत रहा परीक्षाफल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई 10वीं में कुल 90 छात्र छात्राएं एपियर हुए जिसमें 1 छात्रा अनुपस्थित रही व अन्य सभी 89 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए तथा विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 15 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक और3 छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। हर्ष ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान, शौर्य ने 91 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व जैद अंसारी ने 90 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अच्छे मार्क्स से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को प्रिंसिपल डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्रा तथा प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने माला पहनाकर और मिठाई खिला कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय टीचर्स तथा अभिभावकों को देते हुए प्रिंसिपल डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने छात्र छात्राओं की हौसला अफजाई की।

# शिक्षा ही उन्नति का मार्ग है: अमिता त्रिपाठी

- समीक्षा अधिकारी आशुतोष द्विवेदी का जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला दीक्षितान स्थित आवास पर नवनियुक्त समीक्षा अधिकारी आशुतोष द्विवेदी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अमिता उर्फ नेहा त्रिपाठी ने कहा जीवन में उन्नति के लिए शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। विनोद दुबे एवं रेखा दुबे के पुत्र आशुतोष ने शिक्षा के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया और समीक्षा अधिकारी बनकर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया। अजय दुबे ने कहा कि आशुतोष की मेहनत और लगन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने आशुतोष को भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने की शुभकामनाएं दीं। राजीव अग्निहोत्री ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी व्यक्ति सफलता के शिखर पर नहीं पहुंच सकता। आशुतोष द्विवेदी ने इसे साबित कर दिखाया है। आसाराम यादव ने कहा कि आशुतोष जैसे युवा अधिकारी जिले के लिए गौरव की बात हैं। उनकी उपलब्धि ग्रामीण युवाओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में सुरेश तोमर, रामू तिवारी, मुकेश दुबे, प्रदीप दुबे, दिनेश पांडे, अनुज दुबे एवं कुलदीप सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी ने आशुतोष द्विवेदी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ट्रेनों में अनाधिकृत वेंडरों पर सख्ती, अवैध पानी की बोतलें जब्त

**कन्नौज।** रेल यात्रियों को स्वच्छ खाद्य सामग्री और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा के निर्देशन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के नेतृत्व में अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के तहत ट्रेन संख्या 15084 में जांच के दौरान 'ऐलविश' ब्रांड की 1000 एमएल की 48 अवैध पानी की बोतलें ड्रम सहित बरामद की गईं। इनकी कीमत 14 रुपये प्रति बोतल बताई गई। जब्त सामग्री को वाणिज्य अधीक्षक कन्नौज को सौंपा गया है। काठगोदाम स्टेशन पर ट्रेन संख्या 15044 के एम–1 कोच से 25 पेटी अनअप्रूव्ड पानी की बोतलें जब्त की गईं। वहीं बरेली सिटी स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12036 में एक अनाधिकृत वेंडर को पकड़कर आरपीएफ के सुपुर्द किया गया।



## वीरेंद्र पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10 वीं बोर्ड परीक्षा में वीरेंद्र पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। अनेक वि?द्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक विमलेश कुमार दुबे ने अपने संदेश में कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय आगे भी इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता बनाए रखेगा। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। अभिभावकों ने भी बच्चों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## खबरें एक नजर में

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत किया जागरूक



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू महाविद्यालय में महिला आरक्षण अधिनियम–2023 (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के अंतर्गत छेराओं को जागरूकता किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत नारी शक्ति दीवार एवं हस्ताक्षर अभियान, मानव श्रृंखला निर्माण तथा नगर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला अधिकारों एवं समान भागीदारी के महत्व को जन–जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए सभी छात्राओं, कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर बबिता यादव एवं सहयोगी आयोजकों, शिक्षको एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सराहना की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### स्कॉर्पियो का टायर फटा, दो महिलाएं घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नवीन मंडी फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार का अगला टायर फट गया। अचानक असंतुलित हुई कार की खिड़कियां खुल गईं और उसमें बैठी दो युवतियां बाहर निकलकर सड़क पर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ निवासी 22 वर्षीय रौनक जायसवाल पुत्री प्रद्युमन जयसवाल और 21 वर्षीय मुस्कान जायसवाल पुत्री राकेश जयसवाल अपने परिजनों के साथ चंडीगढ़ से स्कॉर्पियो से गोरखपुर जा रही थीं। तभी नवीन मंडी फ्लाईओवर पर अचानक उनकी कार का टायर फटने से कार अनियंत्रित हो कर खिड़कियां खुल गई और किनारे बैठी दोनों युवतियां सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम महमूदपुर जागीर में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित नमरा सिंह पुत्र धनपत ने कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित नमरा सिंह पुत्र धनपत की तहरीर के अनुसार गांव के एक दबंग परिवार ने एक राय होकर उनके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी–डंडों और लात–घूंसों से बुरी तरह पीटा। सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। जब परिवार वाले मदद के लिए पहुंचे तो दबंगों ने उन्हें और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### अचानक लगी आग से किसान की खड़ी फसल स्वाहा, हड़कंप

**तिर्वा,कन्नौज।** विगत दिनों मौसम में हुए परिवर्तन से पानी ने तो अब आग के कहर से जिले में कहीं ना कहीं आग की घटनाएं घटित होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रभावित किसान जहां अपने नुकसान को लेकर शासन प्रशासन से प्राकृतिक आपदा के तहत मिलने वाली मदद को लेकर उम्मीदें संजोए नजर आ रहे हैं वहीं संबंधित अधिकारी भी घटनाओं में हुए नुकसान का आंकलन करवाने के बाद पीढ़ितो को मदद को जल्द राहत देने की बात कहते हुए नजर आते हैं। गुरुवार को भी आग की घटना में एक किसान की खेत में खड़ी गेहूं की फसल आग लगने से नष्ट हो गई। जानकारी के मुताबिक इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के चौकी उमर्दा के हरेईपुर गांव निवासी शिव सिंह के खेत में किसी प्रकार अचानक आग लग गई। खेत में खड़ी गेहूं की करीब 6 बीघा फसल में आग लगने की शुरुआत हुई तो आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में खेत स्वामी और फायर टीम को सूचना दी गई।

# छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज-5 द्वितीय चरण के अंतर्गत छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार अभियान के अन्तर्गत स्लोगन कार्यक्रम, लोकगीत एवं पद यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के डॉ राकेश चन्द्र, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने छात्राओं को नारी शक्ति अधिनियम 2023 के विषय में विस्तृत जानकारी दी एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया। कार्यकमों का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ अनुपम मिश्र ने किया।

इन कार्यक्रमों में प्राचार्य डॉक्टर पवन चौहान समस्त अध्यापको, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रमिभाग किया।

## रेलवे संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य पर कन्नौज के योगेश को मिला प्रमाण पत्र

**कन्नौज।** इज्जतनगर मंडल में रेल संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने 'कार्यकुशलता प्रमाण पत्र' देकर सम्मानित किया। यह सम्मान मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। सम्मान पाने वालों में शैलेन्द्र कुमार सुमन (लोको पायलट, बरेली सिटी), योगेश कुमार (ट्रैक मेंटेनर, कन्नौज), यादराम और रामवीर (ट्रैक मेंटेनर, बदायूं), महादेव प्रसाद (लोको पायलट, कासगंज), अनूप कुमार (सहायक लोको पायलट, कासगंज), शोभित मिश्रा (स्टेशन मास्टर, गंजडुंडवारा), मनीश कुमार और नागेन्द्र कुमार यादव (लोको पायलट, बरेली सिटी) शामिल रहे। इस मौके पर वीणा सिन्हा ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे कर्मियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# केजीबीवी वार्डनों के सशक्तीकरण हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा नई दिल्ली स्थित संस्था नीपा द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीबीवी) की वार्डनों के सशक्तीकरण के लिए देशव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश में यह कार्यक्रम राज्य परियोजना बालिका शिक्षा, लखनऊ के समन्वय से संचालित हो रहा है। ब्लॉक छिबरामऊ स्थित प्राथमिक विद्यालय मुरली नगला के शिक्षक सुमित कुमार गुप्ता इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि केजीबीवी ऐसे क्षेत्रों में स्थापित हैं, जहां की बालिकाएं सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े परिवेश से आती हैं। इनमें कई छात्राएं भावनात्मक चुनौतियों, पारिवारिक दूरी और शैक्षणिक असमानताओं से जूझती हैं, जिससे वार्डनों की भूमिका अत्यंत जिम्मेदार और चुनौतीपूर्ण हो जाती है। प्रशिक्षण के दौरान वार्डनों को किशोरावस्था से जुड़े शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों की समझ, छात्राओं के समुचित मार्गदर्शन, वित्तीय प्रबंधन तथा तकनीकी दक्षता जैसे माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल व ईमेल संचालन की जानकारी दी जा रही है। यह प्रशिक्षण मॉड्यूल शिक्षा मंत्रालय के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत गाजियाबाद स्थित क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में विभिन्न जनपदों की वार्डनों को प्रशिक्षित किया गया।

इस दौरान शिक्षा मंत्रालय के अवर सचिव रामनिवास, प्रोजेक्ट लीडर कुमार गौरव सहित नीपा की विशेषज्ञ टीम ने मार्गदर्शन दिया। वहीं, बालिका शिक्षा इकाई के अधिकारियों का भी विशेष सहयोग रहा। इस प्रशिक्षण से केजीबीवी की छात्राओं के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# न.प. की खुली पोल, 23 लाख की सड़क महीनों में उखड़ी



- मंत्री असीम अरुण के निरीक्षण में गड़बड़ी उजागर, लागत में भी बताई गई गलत जानकारी कार्रवाई के निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका में नवनियुक्त सभासदों ने बुधवार को शपथ ली। इस दौरान नगर के विकास कार्यों को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। साथ ही कन्नौज कमांड सेंटर 1077 को नगर पालिका से जोड़ने और शिकायत निस्तारण व्यवस्था मजबूत करने का निर्णय लिया गया। सभासदों की रुचि और अनुभव के आधार पर उन्हें अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी देने की भी बात कही गई।

इसी बीच मंत्री असीम अरुण के निरीक्षण में नगर पालिका के कार्यों की पोल खुल गई। सदर क्षेत्र के बड़ा बाजार में करीब 23 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क कुछ ही महीनों में उखड़ गई। निरीक्षण के दौरान ईओ श्यामेन्द्र चौधरी ने सड़क की लागत 16 लाख रुपये बताई, जिस पर सवाल उठे।

बताया गया कि आरसीसी सड़क पर डामर की परत डाल दी गई थी, जिससे सड़क जल्दी खराब हो गई। मामले में लापरवाही और गड़बड़ी सामने आने पर मंत्री ने नाराजगी जताई और सड़क को दुरुस्त कराने के साथ ही संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए।

# शिविर में बने 45 लोगों के आयुष्मान कार्ड



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर पूरे जनपद में चलाए जा रहे आयुष्मान कार्ड बनाए जाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर के हर्ष नगर में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में आए नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाएं गुरुवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वदेश गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में वार्ड नंबर 09 हर्ष नगर में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने कैंप आयोजन किया गया जिसमें 45 लाभार्थियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। इस कैंप में वार्ड सभासद निर्मल कुमार, अभिषेक कुमार, जैनुल, एवं मनोज तिवारी गौरव मिश्रा आरपी सिंह जनार्दन मिश्रा पालिका कर्मचारी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा रोड की स्वास्थ्य टीम के कर्मी उपस्थित रहे।

## कक्षा 8 पास छात्राओं की टैंक पोर्टल पर करें एंट्री

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को सूचना देने के बाद भी शैक्षिक सत्र 2026 27 में कक्षा 8 पास छात्र एवं छात्राओं के प्रवेश कक्षा 9 में किए जा रहे हैं ऐसे छात्रों की एंट्री मत 10 विद्यालयों द्वारा टैंक शिक्षा पोर्टल पर की गई है अन्य विद्यालयों द्वारा अभी तक टैंक शिक्षा पोर्टल पर छात्रों की एंट्री नहीं हुई है ऐसे विद्यालयों के प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा वित्तविहीन विद्यालयों को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया जाएगा। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने दी। गुरुवार को उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों को भेजे गए पत्र में बताया है कि शैक्षिक सत्र 2026–27 मे कक्षा 8 पास छात्र–छात्राओं के प्रवेश कक्षा–9 मे लिये जा रहे है उन छात्रों की एंट्री मात्र 10 विद्यालयो द्वारा टैक शिक्षा पोर्टल पर की जा रही अन्य विद्यालयो द्वारा नही की जा रही है जो स्थिति अत्यन्त खेदजनक है, जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयो के प्रधानाचार्यो को पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपने–अपने विद्यालय के कक्षा–8 पास छात्रो की इंट्री टैक शिक्षा पोर्टल पर करना सुनिश्चित करे, अन्यथा राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयो के प्रधानाचार्यो व लिपिक का माह अप्रैल 2026 का वेतन वाधित कर दिया जायेगा।

## संचारी रोगों पर वार,गांव-गांव दस्तक देकर जागरूक कर रही टीमें : स्वदेश गुप्ता

- लार्वा निस्तारण, फॉगिंग और सफाई पर जोर
- कई विभाग मिलकर चला रहे अभियान



**कन्नौज।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता और रोकथाम के कार्य किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी स्वदेश गुप्ता ने बताया कि विकास खंड सौरिख के ग्राम बेहटा अलहदादपुर में पशुपालन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सूकर बाड़ों की साफ–सफाई, कचरा निस्तारण, कीटनाशक छिड़काव और उन्हें आबादी से दूर रखने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही जूनोटिक बीमारियों से बचाव की जानकारी भी दी गई। नगर पालिका छिबरामऊ, गुरसहायगंज और कन्नौज में सफाई अभियान चलाकर फॉगिंग कराई गई। वहीं कृषि विभाग ने जलालाबाद क्षेत्र में किसानों को जागरूक किया। मलेरिया टीम ने रुदौली गांव में लार्वा निस्तारण कराया और लोगों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव के उपाय बताए। इसके अलावा उगर्दा, हसेरन और जलालाबाद के कई गांवों में दस्तक अभियान के तहत घर–घर जाकर मच्छरों के लार्वा नष्ट किए गए और ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# तिर्वा मंडी के गेहूं क्रय केंद्र में लापरवाही पर डीएम सख्त

- डिस्प्ले बोर्ड व अभिलेखों में कमी, किसानों के भुगतान में देरी पर नाराज़गी

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



कन्नौज के तिर्वा स्थित गेहूं क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाएं मिलने पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने उमर्दा ब्लॉक के बलनपुर सहकारी समिति और मंडी समिति तिर्वा का औचक निरीक्षण किया, जहां पारदर्शिता और अभिलेखों के रख-रखाव में गंभीर खामियां मिलीं।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में खाद्यान्न दरों और गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य का डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगा था। आवश्यक रजिस्टर भी अपडेट नहीं थे और वारदाना की प्रविष्टियां पोर्टल पर दर्ज नहीं थीं। इस पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

मौके पर 105 बोरी बिक्री दर्ज थी, जबकि 245 बोरी यूरिया स्टॉक में मिली। डीएम ने उर्वरक वितरण की नियमित ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा। तीन किसानों से 176.50 कुंतल गेहूं खरीद के बावजूद भुगतान लंबित मिला, जिस पर तत्काल भुगतान के निर्देश दिए गए। किसान सुनील कुमार की खरीद न होने की शिकायत पर भी डीएम ने सख्ती दिखाई।

उन्होंने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# संदेहास्पद परिस्थितियों में मिला किसान का शव, मचा कोहराम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

घर पर खाना खाकर सोने गए एक ग्रामीण किसान का शव मिलने की खबर पर हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के बेहरिन गांव निवासी रामबाबू पुत्र घासीराम किसान हैं और खेतीबारी करते थे। बीते बुधवार को अपना कार्य निपटाने के बाद गांव स्थित घर पर शाम को खाना खाने भी गए थे। खाना खाने के बाद किसान वापस गांव के निकट मुख्य सड़क से कुछ ही दूरी पर मार्केट के निकट स्थित पड़ी चारपाई पर सोने चले गए। सुबह रोजमर्रा की तरह अपने घरों से निकले ग्रामीणों को किसान का शव चारपाई पर पड़ा मिला तो हड़कंप मच गया। परिजनों को मामले की सूचना दी गई तो मौके पर पहुंचे परिजनों में भी चीख पुकार मच गई। किसान के परिवार में पत्नी मूला देवी, पुत्र शोभित, बीती सुनीता, बहू पूजा, भतीजे अरविंद आदि परिजनों का किसान की मौत पर रोने बिलखने का सिलसिला जारी था। आनन फानन में किसान को तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया यहां डाक्टरों ने किसान की मौत की पुष्टि कर दी। मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने किसान की मौत संदेहास्पद परिस्थित में होने की बात कही है।

## सूचना

मैंने अपने छोटे पुत्र आसुतोष सिंह का आचरण अच्छा नहीं होने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए विधिक या अविधिक किसी भी कार्य या लेन देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सत्यपाल सिंह पुत्र अंगद सिंह निवासी ग्राम दीनपुर पोस्ट प्रेमपुर, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अमृतपुर में हनुमान प्रतिमा के पास देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी।



मृतक का फाइल फोटो

जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार उधरनपुर लीलापुर निवासी चमन पुत्र वीरेंद्र और पृथ्वीराज पुत्र रामसिंह बाइक से गुजरपुर गहलवार निवासी धनपाल की बेटी में शामिल होने आये थे। बारात में कुछ सामान कम पड़ जाने पर दोनों युवक बाइक से अमृतपुर कस्बा सामान लेने गए थे। वापस लौटते समय कस्बे के हनुमान मंदिर के पास देर शाम किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया गया। जहां



रोते बिलखते परिजन

चिकित्सकों ने चमन को मृत घोषित कर दिया। वहीं पृथ्वीराज का पैर टूट गया है और उसका इलाज जारी है। बताया गया है कि मृतक चमन बुलंदशहर में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था, जबकि उसके पिता खेती करते हैं। वह पांच भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था तथा अविवाहित था। उसकी एक बहन की शादी अभी नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मां सुनीता देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनास्थल पर स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेत और सख्त यातायात व्यवस्था लागू की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा का लटका मिला शव



रोते बिलखते मृतका के परिजन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हरदेव नगर नई बस्ती में 22 वर्षीय ज्योति पुत्री जगदीश का संदिग्ध परिस्थितियों में शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार जब काफी देर तक घर का मुख्य गेट नहीं खुला तो मृतका की चाची सीमा देवी की 16 वर्षीय बेटी लक्ष्मी जो रिश्ते में ज्योति की चचेरी बहन लगती है ने सबसे पहले देखा कि घर का गेट नहीं खुल रहा है। उसने तुरन्त पड़ोसियों को इसकी सूचना दी। पड़ोसियों ने मौके पर पहुंचकर जीने का दरवाजा तोड़ा तो अंदर ज्योति का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। घटना की सूचना 112 पुलिस और कमालगंज थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ललित कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।

पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार घटना समय ज्योति घर में अकेली थी। उसकी मां रमा अपने भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने कन्नौज गई हुई थीं। ज्योति के पिता जगदीश और भाई संदीप व सुदीप दिल्ली में काम करते हैं। ज्योति अपनी मां के साथ रहती थी और उसने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार चालक की मौत, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात अपनी शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतक के चाचा ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।



घटना स्थल पर खड़ा ट्रैक्टर

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम निनौरा श्रृंखलापुर पोस्ट कधरापुर निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र पूसेलाल ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया कि 15 अप्रैल को मेरा भतीजा सचिन जाटव 19 वर्ष अपनी शादी के कार्ड बांटने साथियो के साथ मोटर साइकिल यूपी 76एडब्लू/8924 से जहानगंज गया था। लौटते समय नारायणपुर गढ़िया ठेका देशी शराब के सामने समय लगभग सांय काल 7 बजे घर वापस आते समय पीछे से मैसी ट्रैक्टर 246 मालिक हर्षित कटियार उर्फ हैप्पी कटियार पुत्र राजेश कटियार निवासी नारायणपुर गढ़िया पोस्ट कधरापुर के ड्राइवर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मेरा भतीजा सचिन गिरकर ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया। जिससे दब कर घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी तथा उनके दोनों साथी दूर जाके गिरे, जिससे उनके भी चोटे आयी। सूचना पर मैं अपने परिजनों व प्रधान के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु तैयारी बैठक सम्पन्न



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी 9 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक के दृष्टिगत लघु आपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से सम्बन्धित में तैयारी बैठक नीरज कुमार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में लघु आपराधिक मामले एवं धारा 138 एआई एक्ट से सम्बन्धित तैयारी बैठक राजय कुमार अपर जिला जज नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एडीआर भवन में सम्पन्न की गयी। इस बैठक का संचालन गुगल शम्भू सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। लघु आपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से सम्बन्धित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये तथा चिन्हित मामलों का विवरण प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया है। धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित अबतक कुल 06 मामले चिन्हित एवं लघु आपराधिक मामलों से सम्बन्धित अबतक कुल 134 मामले चिन्ति किये जा चुके है। बैठक में न्यायिक अधिकारी प्रीतिमाला चतुर्वेदी, प्रियंका गांधी, जयवीर सिंह, स्वेता तिवारी, ओम चौरसिया, ज्योति सागर, अनामिका यादव, गुलफ्शा, सुबुक मुस्कान, शिवानी, प्रशान्त कौशिक हिमान्शू नौटियाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जीएसटी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी फर्मे बनाकर टैक्स चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर रामअवतार की टीम ने कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालबाग निवासी मो0 बिलाल खान पुत्र एहतिशाम को उसके आवास के पास से गिरफ्तार किया। बिलाल उस सिंडिकेट का हिस्सा है, जिस पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी फर्मे बनाकर सरकार को टैक्स का भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप है। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान अभियुक्त बिलाल ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि लालबाग स्थित अपनी तंबाकू गोदाम से वह दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और गाजियाबाद जैसे राज्यों में कच्ची तंबाकू की सप्लाई करता था। भारी टैक्स से बचने के लिए उसने अन्य साथियों जुबैर और सुखबीर के साथ मिलकर बिना बिल के माल भेजना शुरू किया। इस अवैध कारोबार को वैध दिखाने के लिए फर्जी दस्तावेजों के जरिए बोगस फर्मे तैयार की गई और उन्हीं के नाम पर ई-वे बिल जारी किए जाते थे। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही और जामा तलाशी



पुलिस हिरासत में आरोपी

के दौरान 6 लाख16 हजार 810 रुपये, और 22,010, एक बुलेट मोटरसाइकिल और एक मोबाइल बरामद किया। बताते कि इस बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश 21 मार्च को हुआ था। जब तत्कालीन कस्बा इंचार्ज सोमवीर सिंह ने जांच के बाद धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में कुल 25 आरोपियों को नामजद किया था। जिसमें बिलाल भी शामिल था। कोतवाली पुलिस के अनुसारए बिलाल के विरुद्ध कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### छोटे भाई ने दंपत्ति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव नगला चंदेला में पारिवारिक विवाद के चलते छोटे भाई ने अपने बड़े भाई और भाभी के साथ मारपीट कर दी। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे पीड़ित रेखा देवी पत्नी प्रेम सिंह के अनुसार, उनके देवर ब्रजेश गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने आपा खोते हुए प्रेम सिंह और रेखा देवी के साथ मारपीट कर दी। जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए दंपत्ति का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित बाइक से गिरे मां-बेटा घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह से बेटे के साथ बाइक से लौट रही महिला बाइक गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे महिला व उसका घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नगर भटपुरा निवासी अन्नपूर्णा अपने पुत्र अजीत के साथ छिबरामऊ में एक शादी में शामिल होकर घर वापस जा रही थीं। जरारी के पास सड़क पर बने एक गहरे गड्ढे में अचानक उनकी बाइक चली गई। जिससे अन्नपूर्णा असंतुलित होकर सड़क पर गिर गईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने परिजनों की मदद से घायल अन्नपूर्णा को तत्काल कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक डॉ0 विकास पटेल ने उन्हें लोहिया रेफर कर दिया।

### अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** छत के सहारे सीढ़ियों से घर में घुसे चोर लाखों रुपए के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव त्योरखास निवासी अनिल कठेरिया के घर चार दिन पूर्व चोर सीढ़ियों के सहारे घर में घुसकर लाखों रुपए के जेवर चोरी कर ले गए। शौच के लिए जागे पीड़ित के भाई राजेश को घटना के संबंध में जानकारी हुई। स्वजनों ने फोन के माध्यम से अनिल को घटना की जानकारी दी। चोरों ने गांव निवासी महिपाल शाक्य व पड़ोसी श्यामवीर कश्यप के बंद घरों के मुख्य दरवाजे के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कोर्ट के आदेश पर उपनिरीक्षक व आठ नामदर्ज तथा आठ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर मारपीट कर लूटपाट करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उपनिरीक्षक सहित आठ नामदर्ज व आठ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। विशेष न्यायालय डकैती शैलेन्द्र सचान ने कायमगंज कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह, कांस्टेबल धरमेंद्र, कास्टेवल सचिन, कास्टेबल विजय गूर्जर सहित 8 नामजद व 8 अज्ञात के विरुद्ध लूटपाट और मारपीट के मामले मे मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव कला खेल मऊरसीदावाद निवासी शयदा वेगम की याचिका पर न्यायालय ने यह कदम उठाया, क्योंकि पुलिस ने उनके घर में घुसकर 90 हजार रुपये और लाखों के जेवरात लूट लिए थे। पुलिस ने इस दौरान एक नाबालिग सहित चार लोगों को हिरासत में लिया था और बाद में तीन को जेल भेज दिया। 15 अप्रैल को न्यायालय के निर्देश पर कोतवाली कायमगंज में बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### विवाहिता के साथ मारपीट में ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** विवाहिता के साथ मारपीट करने के मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार साक्षी पत्नी अवनीश यादव निवासी कुण्डपुरा थाना कमालगंज ने दर्ज कराये मुकदम में दर्शाया कि अपने पति अवनीश यादव पुत्र मान सिंह के साथ दिल्ली में रहती है। पति अवनीश यादव शराब पीकर मारपीट करता है। करीब 8 दिन पूर्व अवनीश यादव प्रार्थनी को दिल्ली में छोड़कर प्रार्थनी के पुत्र युवी उम्र 5 वर्ष को लेकर गांव कुंडपुरा आ गया। मैं अपने मायके ग्राम अनीभोज कोतवाली गुरसहायगंज जिला कन्नौज चली गयी आई। फिर 2 दिन पूर्व प्रार्थनी का पति प्रार्थनी के पुत्र युवी को छोड़कर वापस दिल्ली चला गया। 14 अप्रैल को शाम लगभग 4:30 बजे मैं व मेरे पुत्र युवी को लेने अपनी ससुराल गांव कुंडपुरा गई थी, तभी देवर राहुल, सरोज पुत्रगण मान सिंह, बउआ पुत्र फन्नू, बुआ सास दन्नी पुत्री नामालूम, चचिया ससुर हकुम सिंह ने प्रार्थनी के साथ गाली गलौज व लाठी-डण्डों से मारपीट की। मारपीट के साथ व पिता यशवीर सिंह फोन से वीडियो बना ली। मारपीट में प्रार्थिनी के व माँ पूजा यादव व पिता यशवीर सिंह के शरीर मे चोटे आई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

### तमंचे के साथ फोटो का विरोध करने पर दबंग ने ग्रामीणों को धमकाया

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक का कुछ दिन पूर्व से तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो प्रचलित हो रहा है। ग्रामीणों ने युवक को सोशल मीडिया से फोटो हटाने के लिए कहा। युवक ग्रामीणों से गाली-गलौज करने लगा। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जानकारी नहीं है।

# प्रा. विद्यालय हजरतपुर में वार्षिक उत्सव संपन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर में वार्षिक उत्सव, नवीन नामांकन एवं कक्षा 5 विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। सत्र 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियाँ प्रस्तुत की गई। जिनमें भरतनाट्यम में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में छात्राओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मान, विद्यालय को निपुण विद्यालय का प्रशस्ति पत्र, तथा सहायक अध्यापक सुमित कुमार को विधायक डा0 सुरभि द्वारा सम्मानित किया जाना शामिल रहा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ग्लेन टर्नर से संवाद, भारतीय हॉकी टीम की ऑटोग्राफ टी-शर्ट एवं खिलाड़ी सूरज करकेरा द्वारा बेंच



सम्मानित बच्चे व मौजूद शिक्षक

व्यवस्था ने बच्चों को विशेष प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम में भरतनाट्यम, देशभक्ति गीत एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए। जिनमें कक्षा 4 के छात्र मयंक का भाषण विशेष आकर्षण रहा। कक्षा 1 के नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कक्षा 5 के विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम के आधार पर सम्मानित किया। प्रथम सावन, द्वितीय आयुष, तृतीय अवी कुमारी रही। संचालन कक्षा 5 के छात्र चंद्रसेन द्वारा किया गया। यह आयोजन छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति द्वारा सहायक अध्यापक सुमित कुमार के संरक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पति की डांट से क्षुब्ध महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। तहसील क्षेत्र के गाँव नसरूल्लापुर निवासी पूजा उम्र 26 वर्ष का किसी बात को लेकर उसके पति रिंकू से विवाद हो गया था। पति ने पत्नी को डॉट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर पूजा ने जहरीला कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# हर्ष फायरिंग में चलाई गई गोली दूल्हे के भाई को लगी, घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तिलकोत्सव के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में गोली दूल्हे के भाई विपिन कुमार राजपूत को लग गयी। जिससे वह घायल हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

थाना राजेपुर के ग्राम चाचूपुर जटपुरा में बीती रात आदित्य राजपूत का तिलकोत्सव कार्यक्रम था। जब ग्रामीण खाना खा रहे थे, उसी समय तमंचे से हर्ष फायरिंग की गई। जिसकी गोली विपिन कुमार राजपूत के सीने में लग गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विपिन को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर नवनीत ने विपिन का प्राथमिक उपचार उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं इसी मामले में दरोगा श्याम बाबू ने फायरिंग करने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा कि ग्राम चाचूपुर भटपुरा में रामसनेही पुत्र नल्हू लाल के यहां बीती रात्रि में तिलकोत्सव समारोह था। भोला उर्फ सुदीप पुत्र रामसनेही द्वारा नाजायज तमंचे से हर्ष कायर किया गया। तमंचे से चलाई गई गोली पास में खड़े हुए 36 वर्षीय विपिन के सीने में गोली लग गई। गोली लगने से विपिन गम्भीर रूप से घायल हो गया।

### कार की टक्कर से चरवाह की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** भैंस चराने जा रहे अधेड़ को कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। क्षेत्र के गांव हजरतगंज निवासी 52 वर्षीय रामदास गुरुवार शाम लगभग चार बजे भैंस को चराने के लिए खेतों की तरफजा रहे थे। उसी समय गांव कमरुद्दीन नगर निवासी एक कार ने कंपिल सिवारा मार्ग पर उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन इलाज के लिए आनन फानन में उन्हें सीएचसी कायमगंज ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर सैफई ले जाते समय देर शाम उनकी रास्ते में मौत हो गई। स्वजन शव लेकर वापस आ रहे हैं। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क किनारे घायलावस्था में मिले युवक की उपचार के दौरान मौत

परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर दी तहरीर

**कंपिल,समृद्धि न्यूज।** घर से निकला युवक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। स्वजन उसे इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। हालत गंभीर रोने पर लोहिया से कानपुर रेफर किया गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया। स्वजनों ने गांव निवासी एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगा तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव नुनेरा निवासी वीरेश ने दी तहरीर में बताया कि तीन सप्ताह पूर्व 24 मार्च को उसका भाई अवनीश घर से कंपित जाने के लिए निकला था। देर रात तक घर वापस न लौटने पर स्वजनों ने खोजबीन शुरू की। 25 मार्च सुबह स्वजनों को अवनीश घायल अवस्था में कंपिल अटैना मार्ग पर टेड़ा पुलिया के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। स्वजन आनन फानन में युवक को सीएचसी ले गए। प्रथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर स्वजन युवक को कानपुर ले जा रहे थे। जहां रास्ते में युवक की मौत हो गई। स्वजन शव फर्रुखाबाद ले आए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम के लिए भेज दिया। दो सप्ताह बाद मृतक के भाई ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव निवासी एक व्यक्ति ने उसे फोन कर बुलाया था। रुपए के लेनदेन को लेकर उक्त व्यक्ति ने भाई की हत्या कर दी। उक्त व्यक्ति घटना के बाद से फरार चल रहा है। स्वजनों के अनुसार कुछ दिन पूर्व पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर छोड़ दिया। पुलिस द्वारा कार्रवाई में देरी होने से स्वजनों ने रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मानदेय न मिलने से रोजगार सेवकों को फूटा गुस्सा, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर विकासखंड के समस्त रोजगार सेवकों ने विकास खंड अधिकारी को कलम बंद हड़ताल करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। विकासखंड क्षेत्र के समस्त रोजगार सेवकों ने काफी दिनों से मानदेय न मिलने तथा भूखमरी की कगार पर पहुंचे रोजगार सेवकों ने प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर अपने मांगों को लेकर अपना मांग पत्र ज्ञापन विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान को सौंपा। सभी रोजगार सेवक 25 अप्रैल तक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे। रोजगार सेवकों ने बताया कि अब वह कलम बंद हड़ताल पर अपने प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर हड़ताल करेंगे। इस मौके पर रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सरजू यादव, कर्मवीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, विनोद कुमार, गोविंद बाबू, सुनील कुमार, कुंवर पाल, जेवरखन लाल समस्त रोजगार सेवक मौजूद रहे।

25 अप्रैल तक करेंगे कलमबंद हड़ताल



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक

# घर में रह रही महिला जेवरात व नगदी लेकर फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

घर में रह रही महिला मकान मालिक के जेवरात व नगदी लेकर अपने गांव चली आयी। जब पीड़ित अपने जेवरात व नगदी लेने गांव पहुंचा तो आरोपी महिला के घरवालों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे युवक घायल हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। जनपद एटा के थाना नया गांव के गांव उगई असद नगर निवासी बंटू सिंह के घर थाना नवाबगंज के गांव दनियापुर निवासी एक महिला रिश्तेदार अपनी पुत्री के साथ लगभग 10 दिन से रह रही थी। बुधवार शाम करीब 7 बजे महिला घर में किसी को न देख घर से 4 जोड़ी पायल, एक कमर गुच्छा, एक जोड़ी कुंडल, एक मांग टीका, एक अंगूठी, दो नाक वाली, 23 हजार रुपए व एक मोबाइल फोन लेकर घर से चली गई। शाम घर लौटे बंटू सिंह को घर में रखे जेवरात व नगदी गायब मिले। गुरुवार सुबह लगभग 5 बंटू सिंह गांव दनियापुर पहुंचे और महिला के परिजनों से शिकायत कर अपने जेवरात व नगदी वापस मांगी, तो महिला के परिजनो में गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर बंटू सिंह को मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान बंटू सिंह की बाइक क्षतिग्रस्त कर मोबाइल भी तोड़ दिया। गांव से बचकर भाग कर थाने पहुंचे बंटू सिंह ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# वेद-पुराण-श्रुति-स्मृति ज्ञाता-क्रोध रूप तुम जग विख्याता॥



परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव जो वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) 19 अप्रैल को मनाया जायेगा। भगवान विष्णु के छठे अवतार की जन्मोत्सव है। त्रेतायुग में मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित जानापाव पर्वत पर ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र के रूप में जन्मे परशुराम को चिरंजीवी (अमर) माना जाता है। भगवान शिव से प्राप्त फरसे (परशु) के कारण वे परशुराम कहलाए।



वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय

**वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय** ने बताया कि भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। पौराणिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, इसलिए उनकी शक्तियां अक्षत मानी जाती है। माना जाता है कि पृथ्वी पर साधु-संतो और ऋषि-मुनियों की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था।



पंकज औदिच्य

**लिपिक पंकज औदिच्य** ने बताया कि भगवान परशुराम को सात चिरंजीवियों (शाश्वत प्राणियों) में से एक माना जाता है जो आज भी विद्यमान हैं। परशुराम ने भ्रष्ट राजाओं और योद्धाओं का 21 बार पृथ्वी से नाश किया। उन्होंने केवल भ्रष्ट, दुष्ट और अत्याचारी क्षत्रियों को ही नष्ट किया। अच्छे और न्यायप्रिय शासकों को बख्श दिया गया। युद्धकला के अलावा, परशुराम को एक भौगोलिक चमत्कार का श्रेय भी दिया जाता है।



अर्चना द्विवेदी

**अर्चना द्विवेदी एड.** ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। भगवान परशुराम ने बुराई और अधर्म को खत्म करने के लिए धरती पर जन्म लिया था। उन्होंने अत्याचारी और गलत काम करने वाले राजाओं का नाश किया और धर्म व सत्य का मार्ग फिर से स्थापित किया। परशुराम के पास देवताओं की दैवीय शक्तियां, सैन्य कौशल और अमरता का वरदान प्राप्त था। परशुराम ने संन्यासी जीवन व्यतीत करना शुरू कर दिया था।

# मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मॉक ड्रिल कर प्रशिक्षु चिकित्सकों को किया गया जागरुक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अग्निशमन सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक व्यापक अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित अस्पताल, सुरक्षित कॉलेज एवं सुरक्षित हास्टल की अवधारणा को सुदृढ़ करना तथा छात्रों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रांशु अवस्थी एफएसएसओ ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती तकनीकी सुविधाओं के साथ-साथ अग्नि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को फायर सेफ्टी के नियमों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अस्पताल, कॉलेज एवं छात्रावास जैसे स्थानों पर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है, क्योंकि यहां एक साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहते हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने की अधिकांश घटनाएं लापरवाही के कारण होती हैं, जिन्हें थोड़ी सी सतर्कता से रोका जा सकता है। उन्होंने विस्तार से बताया कि विद्युत उपकरणों का सही उपयोग, वायरिंग की नियमित जांच, गैस सिलेंडर का सुरक्षित रख-रखाव, ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित स्थान पर रखना तथा फायर एक्सटिंग्विशर का सही तरीके से उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखने, तुरंत अलार्म बजाने, सुरक्षित निकास मार्ग का उपयोग करने और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि छोटी-छोटी सावधानियां जैसे बिजली के स्विच बंद करना, ओवरलोडिंग से बचना और आग लगने की स्थिति में सही प्रतिक्रिया देना, बड़े हादसों को टाल सकता है। फायर ब्रिगेड विभाग के अन्य अधिकारियों विनोद सिंह, वीरेश कुमार, जितेंद्र सिंह एवं राहुल ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने आग बुझाने के विभिन्न उपकरणों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि फायर एक्सटिंग्विशर के विभिन्न प्रकार होते हैं और प्रत्येक का उपयोग अलग अलग प्रकार की आग को बुझाने के लिए किया जाता है। छात्रों को मॉक ड्रिल के माध्यम से यह भी सिखाया गया कि आग लगने की स्थिति में कैसे सुरक्षित रूप से भवन से बाहर निकला जाए, कैसे धुएं से बचाव किया जाए तथा कैसे प्राथमिक स्तर पर आग को नियंत्रित किया जा सकता है। संचालन स्वास्थवृत्त एवं योग विभाग के डॉ. अरुण कुमार पांडेय लेक्चरर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए।



मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन अधिकारी व छात्रा



जागरुकता कार्यकम में मौजूद अधिकारी व विद्यालय स्टाफ

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती, भाकियू 21 अप्रैल को बिजली घर का करेगी घेराव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बिजली घर से जुड़े गांवो में बार-बार बिजली कटौती से परेशान किसानों के व्यवधान में भारतीय किसान यूनियन स्वराज के द्वारा 21 अप्रैल दिन मंगलवार को बिजली घर नवाबगंज का घेराव किया जाएगा तथा किसान विरोधी नीतियों के कारण एसडीओ नवाबगंज का पुतला भी फूंका जाएगा। धरना 10 बजे से प्रारंभ होगा तथा दोपहर के 1 एसडीओ नवाबगंज का पुतला फूंका जाएगा और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन किसी भी सक्षम अधिकारी को दिया जाएगा। जानकारी भाकियू स्वराज के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने दी है।

## नारी वंदन अधिनियम के तहत रैली निकालकर किया गया जागरुक



रैली में भाग लेती छात्रायें मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में महिला आरक्षण अधिनियम 2023 के अंतर्गत नारी वन्दन अधिनियम के तहत कराये गये कार्यक्रमों की श्रंखला में गुरुवार को छात्र/छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्कूटी यात्रा, पदयात्रा एवं मिस्ड कॉल अभियान 966717333 आदि कार्यक्रम कराकर नारी शक्ति अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह के संरक्षण में हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के साथ छात्र/छात्राएं अंकिता, मुस्कान, प्रज्ञा, अमित, बबली आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में कार्मिकों को फार्मर रजिस्ट्री बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**डीएम ने बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अरुण कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अरविन्द मोहन मिश्र उप कृषि निदेशक, अजय पालीवाल सहायक निबन्धक सहकारी समितियां, रोली सिंह वरिष्ठ विपणन अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (को-ऑपरेटिव), पी.सी.एफ. संस्था के क्रय केन्द्र प्रभारी, विपणन निरीक्षक एवं विपणन सहायक उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक ने बताया कि वर्तमान में गेहूँ की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु जनपद में विभिन्न क्रय केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं, जिन पर केवल फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने वाले कृषक ही अपना गेहूँ विक्रय कर सकेंगे। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवाह्न किया कि समितियों से जुड़े सभी कृषकों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपस्थित कार्मिकों को फार्मर रजिस्ट्री बनाने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

सभी के मोबाइल में फार्मर सहायक एप इंस्टॉल कराया गया तथा मौके पर ही फार्मर रजिस्ट्री बनाकर प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। यह भी अवगत कराया गया कि किसान स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा फार्मर सहायक एप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। इसके लिए आधार से लिंक मोबाइल नंबर, आधार संख्या एवं खतौनी की आवश्यकता होती है। डीएम ने निर्देशित किया कि यदि किसी गेहूँ क्रय केन्द्र पर ऐसा कृषक आता है जिसकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनी है, तो तत्काल उसकी रजिस्ट्री कराते हुए ही गेहूँ की खरीद सुनिश्चित की जाए।



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

## आर्मी पब्लिक स्कूल कक्षा 10 का शत-प्रतिशत रहा परिणाम



मेधावी छात्र सूर्यांश सिसोदिया व तेजस मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट का केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दशमी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 238 बच्चे सम्मिलित हुए और सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि 29 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के छात्र तेजस मिश्रा और सूर्यांश सिसोदिया ने 96.6 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 96.2 प्रतिशत अंक के साथ अर्पित राजपूत दूसरे स्थान पर रहे। 95.8 प्रतिशत अंक के साथ तृषा राठौर और काजल तीसरे स्थान पर रहे। अवन्तिका यादव ने 95.6 प्रतिशत अंक पाकर चौथा स्थान तथा 95.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम दुबे और कुणाल शुक्ल पांचवें स्थान पर रहे।

## प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने बच्चों को अग्नि से सुरक्षा के बताये उपाय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशानुसार अग्नि एवं आपात सेवा फतेहगढ़ द्वारा गुरुवार को गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी प्रांशु अवस्थी द्वारा बच्चों को अग्नि से सुरक्षा के उपाय व विभाग द्वारा शहर के विद्यालयों में निबंध व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों को प्राइज व सर्टिफिकेट भी विभाग द्वारा दिया जाएगा व पूरे सप्ताह जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को आग से सुरक्षा के उपाय व जरूरी दिशा-निर्देश दिए जा रहे है। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी प्रांशु अवस्थी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती तकनीकी सुविधाओं के साथ-साथ अग्नि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को फायर सेफ्टी के नियमों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आग लगने की अधिकांश घटनाएं लापरवाही के कारण होती हैं, जिन्हें थोड़ी सी सतर्कता से रोका जा सकता है। उन्होंने विस्तार से बताया कि विद्युत उपकरणों का सही उपयोग, वायरिंग की नियमित जांच, गैस सिलेंडर का सुरक्षित रख-रखाव, ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित स्थान पर रखना तथा फायर एक्सटिंग्विशर का सही तरीके से उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखने, तुरंत अलार्म बजाने, सुरक्षित निकास मार्ग का उपयोग करने और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्रायें मौजूद रही।




कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व विद्यालय स्टाफ

## डॉ. भीमराव जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भोजपुर, कायमगंज, सदर विधानसभा में गोष्ठियां सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद की तीन विधानसभाओं में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया।

भोजपुर विधानसभा का सम्मेलन जहानगंज के रामाधार कोल्ड स्टोरेज में आयोजित हुआ। क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, आलू विपणन संघ के सभापति विमल कटियार, वीरेंद्र सिंह राठौर, गोपाल राठौर, अभिषेक बाथम, शिव मोहन सिंह ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुई। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा डॉ. अंबेडकर ने संविधान का निर्माण करके भारत के गरीब दलित पिछड़े आदिवासी एवं वंचित वर्ग के लोगों को अधिकार दिलाने का काम किया। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा भाजपा की सरकार लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

विमल कटियार, गोपाल राठौर, अभिषेक बाथम, शिव मोहन सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये। संचालन अरविंद कटियार ने किया। इस अवसर पर खिमसेपुर पंचायत के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, राजेश प्रताप सिंह, अनुज कटियार, राम प्रकाश सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत, आशीष दुबे उर्फ छोटू आदि लोग मौजूद रहे। वहीं कायमगंज विधानसभा का सम्मेलन सीपी गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने डॉ आंबेडकर पर विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता कृष्ण गौतम ने की। संचालन देवेंद्र दुबे ने किया। शिव महेश दुबे ने कहा भाजपा संगठन डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम, संगोष्ठियां और सम्मान अभियान आयोजित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार ने डॉ. आंबेडकर के नाम पर पंचतीर्थ स्थापित किया। महिला सशक्तिकरण के तहत नारी वंदन अधिनियम लाकर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के सपनों को पूरा करने का कार्य किया। वीरेंद्र कठेरिया ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमरदीप दीक्षित, रश्मि दुबे, ऋषिपाल सिंह सिसोदिया, सुनील कुमार चक, कुणेंद्र गंगवार, निर्मल कश्यप, महेंद्र राजपूत, आदेश शाक्य, जय गंगवार, विजय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। वहीं सदर में गुड़गांव देवी मंदिर स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ।

इटावा जनपद के पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य मुख्य वक्ता के रूप में रहे। संचालन आदित्य मिश्रा ने किया। रघुराज सिंह शाक्य ने कहा कि भाजपा विचारधारा पर आधारित पार्टी है। इस अवसर पर भूदेव सिंह राजपूत, जितेंद्र सिंह, अनुराग दुबे, श्वेता दुबे, पंकज पाल, रामनरेश गौतम, सुजीत कठेरिया, वीर बहादुर पाल, संतोष राजपूत, अजय कटियार, आरके दीक्षित, प्रमोद मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता

## सेंट एंथोनी स्कूल में 97 प्रतिशत अंक लाकर तेजस त्रिपाठी ने किया टॉप

**विद्यालय में प्रधानाचार्य फादर जोबी जोजफ ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेन्ट एन्थोनी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल कैण्ट फतेहगढ़ में सीबीएसई कक्षा-10 की परीक्षा में 90 प्रतिश या उससे अधिक अंक प्राप्त करने बाले विद्यार्थियों तथा उनके माता-पिता को विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जोबी जोजफ द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के 166 विद्यार्थियों द्वारा सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा लिखी गयी। जिसमें से 30 विद्यार्थियों द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे छात्र तेजस त्रिपाठी 97.20 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर सुमेधा तिवारी 96 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर अर्जित यादव, दिव्यांशी गंगवार तथा सिद्धांत श्रीवास्तव 95.8 प्रतिशत चतुर्थ स्थान पर, मान्या यादव 95.6 प्रतिशत तथा पाँचवे स्थान पर शौर्य प्रताप भदौरिया व श्रेयस यादव 95 प्रतिशत अंक प्राप्त रहे। इसी प्रकार 90 प्रतिशत क्लब में अन्य विद्यार्थी रितीकेश माथुर, अनवी रावत, रूदशि दीक्षित, राधिका सिंह, ओम कुमार, मो. तल्हा, सूर्य प्रताप, शिखर प्रताप, आदेश सक्सेना, अनन्त कुमार, अग्मया भारद्वाज, प्रियांश दुबे, आध्या राजपूत, अमभ्या द्विवेदी, अनुपम यादव, दिव्यांशी चौहान, आहना दीक्षित, वंशिका, अनुष्का राठौर, अनवी यादव, अभिन्तव मौर्य, अश्वनी प्रभाकर रहे। प्रधानाचार्य फादर जोबी ने विद्यार्थियों को टाइम मेनेजमेन्ट तथा अनुशासन की महत्वता पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि अगर अनुशासन में रहते हुए टाइम मेनेजमेन्ट को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की तैयारी करे तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने बाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। शिक्षक सोजन जोजफ द्वारा उपस्थित समस्त अभिभावकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सोनी, एन्टो, कल्पना, विन्सी, लक्ष्मी, सीजो, प्रीमा, जेम्स, पेरी, विना मौजूद रहे। ठंडी सड़क निवासी अमरीश त्रिपाठी के पुत्र तेजस त्रिपाठी ने 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टाप किया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके चाचा अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बधाई दी और कहा कि भतीजे ने जो विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।




शिक्षकों के साथ मेधावी छात्र-छात्रायें

## नारी शक्ति वंदन के तहत छात्राओं को किया जागरुक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास संसाधन केंद्र कायमगंज पर नारी शक्ति वंदन के अंतर्गत नारी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी कर्मठ एवं नियमित शिक्षा के प्रति जागरूक रहने वाली परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओमप्रकाश पाल (खंड शिक्षा अधिकारी कायमगंज) एवं साहसी बालिका संस्था के सदस्यों शिल्पी मिश्रा, खुशबू मिश्रा, जिज्ञासा एवं संजना द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं के बीच खंड शिक्षा अधिकारी कायमगंज का संवाद हुआ। जिसके अंतर्गत शिक्षा एवं आत्मरक्षा के विषय पर चर्चा की गई। अनुराग पाठक एआरपी द्वारा वर्तमान समय में नारी सशक्तिकरण के प्रति शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं को विस्तार पूर्वक बताया गया जिसमें सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आपकी बेटी योजना, श्रेष्ठ योजना, सीबीएसई उड़ान स्कीम आदि पर चर्चा की। रेनू एवं हेमा महिला पुलिसकर्मी द्वारा बालिकाओं के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए शिक्षा के महत्व को बताया।

कार्यक्रम में सुनीत सिद्धार्थ, अश्विनी चतुर्वेदी, ज्योतिश्याम गौड़, मुकेश कुमार, विक्रांत पाठक आदि मौजूद रहे।




कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व शिक्षक

## भीषण गर्मी में परिषदीय स्कूलों का समय बदलने की मांग

**बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किया जाये परिवर्तन राजकिशोर शुक्ल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए परिषदीय स्कूलों के समय में परिवतर्न करने की मांग की गई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने मौसम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में संसाधन विहीन परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्कूलों का समय पूर्व की तरह प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाये।

उन्होंने कहा कि अधिकांश स्कूलों में बिजली नहीं है और जिन स्कूलों में बिजली कनेक्शन भी हैं, वहां स्कूल समय में बिजली नहीं आती। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन को स्कूल समय में बिजली सप्लाई देना सुनिश्चित करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि बताया कि शाहजहांपुर समेत कई जिलों में स्कूलों का समय बदला जा चुका है। जिला प्रशासन को अपने जनपद में भी परिषदीय स्कूलों का समय 7 से 12 बजे तक कर देना चाहिए।

## सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**मेधावियों के साथ अभिभावक भी हुए सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विगत वर्षों के साथ इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय में इस वर्ष भी एक महत्वपूर्ण एवं गर्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ है। विद्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विद्यालय के निदेशक, प्रबंधिका एवं प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्रा अनामिका सक्सेना ने 96 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। सृष्टि सुनैरिया 94 प्रतिशत एवं यश कुमार 94 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आकांक्षा चौहान 91 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शौर्य प्रताप एवं निहाल 90.6 ने संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त किया। आस्था 89.4 ने पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए उत्कृष्टता का एक सशक्त मानक भी स्थापित किया है। निदेशक रोजीशन विश्वासी ने कहा यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है और हम उन्हें निरंतर नई ऊँचाइयों तक पहुँचते देखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी ने कहा विद्यार्थियों की यह सफलता हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है। उनके अनुशासन, परिश्रम एवं लगन ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण के साथ किया गया प्रयास सदैव सफलता दिलाता है। प्रधानाचार्य डॉ. अवधेश यादव ने कहा विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम हमारे लिए अत्यंत संतोष, गर्व एवं हर्ष का विषय है। यह उपलब्धि केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का जीवंत उदाहरण है। हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक सफलता तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों एवं आत्मविश्वास का निर्माण करना है। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी इसी समर्पण और लगन के साथ नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। शिक्षकों ज्योति मिश्रा, वैशाली पीटर, विजय यादव, विनय राजपूत, अभिषेक सिंह, संजीव सिंह, बिंदु द्विवेदी एवं अतुल कुमार पाठक ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




मेधावी विद्यार्थी

## विद्यालय ने बच्चे की पढ़ाई पर लगायी रोक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** छात्र को बिना कारण बताये विद्यालय मैनेजमेंट द्वारा निकाल देने के मामले में छात्र की मां ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी है।

कमालगंज क्षेत्र की रहने वाली गुंजन सिंह ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर अवगत कराया कि उनका बेटा अर्धवन प्रताप सिंह जो कक्षा-8 का ज्ञानफोर्ट स्कूल का विद्यार्थी है। इस वर्ष विद्यालय ने बिना कारण बताये मेरे बच्चे को पढ़ाने से रोक लगा दी है। पूछने पर कोई कारण भी नहीं बताया।बच्चे के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय को आपे बच्चे को पढ़ाने के लिए आदेशित कर न्याय दिलाने की कृपा करें।

## शेर-ओ-शायरी के बीच देर रात तक जमे रहे श्रोता

# छोटी काशी में गूंजा मुशायरे का रंग, कौमी एकता का दिया संदेश

▸ 'उग्रवाद को जिहाद कहने वाले मुसलमान नहीं' : कुंवर जावेद

समृद्धि न्यूज़



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ऐतिहासिक मेला चैती 2026 के उन्नीसवें दिन छोटी काशी का सांस्कृतिक मंच शेर-ओ-शायरी की महफिल से गुलजार हो उठा। कुल हिन्द मुशायरे में देश के विभिन्न हिस्सों से आए शायरों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा जफर उल्ला खां, अध्यक्ष बीए खान तथा नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने शमा रोशन कर किया। मुख्य अतिथि राजा जफर उल्ला खां ने कहा कि चेयरमैन सभी धर्मों का समान सम्मान करते हैं और हर धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वहीं अध्यक्ष बीए खान ने नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वे काम को टालने में विश्वास नहीं रखते। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि गोला नगर उनके लिए परिवार की तरह है और सभी को साथ लेकर चलना ही उनकी प्राथमिकता है।

मुशायरे में शायरों ने सामाजिक सरोकार, प्रेम, व्यंग्य और कौमी एकता पर बेहतरीन अशआर पेश किए। कोटा राजस्थान के कुंवर जावेद ने उग्रवाद पर करारा प्रहार करते हुए कहा–

'जो उग्रवाद को यारों जिहाद कहते हैं,
वह और कुछ हैं मुसलमान हो नहीं सकते।'

**मुजफ्फरनगर के खुर्शीद हैदर ने हौसले की उड़ान को शब्द देते हुए कहा—**

'अम्बर पर तो वही उड़ेंगे जिनके अपने पर होंगे,
गैर परों पर उड़ सकते हो हद से हद दीवारों तक।'

सीतापुर की अलीशा मेराज ने बेटियों के सम्मान और आत्मनिर्भरता पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जबकि मुमताज नसीम, सबा बलरामपुरी और मंजर भोपाली ने भी अपने अशआर से खूब तालियां बटोरीं। हास्य का तड़का ज्हाज देवबंदी ने अपने व्यंग्य से लगाया, जिससे माहौल में हल्कापन भी बना रहा। कार्यक्रम संयोजक मधुकर शैदाई के कुशल संचालन में आयोजित इस मुशायरे में बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे। अंत में सभी अतिथियों और शायरों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुशायरे ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश भी दिया।

## वैश्य व्यापारी सम्मेलन को लेकर बनी रणनीति, संगठन विस्तार पर जोर



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** नगर के अमन गेस्ट हाउस में आज वैश्य समाज उत्तर प्रदेश संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनपद खीरी के जिलाध्यक्ष युवा आदित्य गुप्ता ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी और व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। बैठक में विशिष्ट अतिथि एवं जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने आगामी 22 अप्रैल 2026 को जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित वैश्य व्यापारी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान संगठन विस्तार को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए। जिलाध्यक्ष युवा आदित्य गुप्ता ने गोला नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सुमित गुप्ता को नगर अध्यक्ष युवा, सुमित कुमार गुप्ता को नगर महामंत्री, सुधीर गुप्ता को नगर कोषाध्यक्ष, रामजी गुप्ता को नगर संगठन मंत्री, प्रमोद गुप्ता को नगर मीडिया प्रभारी, अखिलेश जायसवाल, शिवम गुप्ता एवं संतोष गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी।

## खबरें एक नजर में

### चीनी मिल कुम्भी ने किया समस्त भुगतान कृषकों में खुशी की लहर

**समृद्धि न्यूज़, अमीरनगर खीरी।** चीनी मिल कुम्भी के इकाई प्रमुख/अध्यासी डॉ0 सुनील कुमार यादव ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में कृषकों से खरीदे गये गन्ने का सम्पूर्ण भुगतान कृषकों को कर दिया गया है। इकाई प्रमुख द्वारा बताया गया कि चीनी मिल सदैव कृषकों के हितो में कार्य करती है तथा पेराई सत्र के दौरान भी चीनी मिल द्वारा कृषकों को गन्ना मूल्य का त्वरित भुगतान किया जाता रहा है। इकाई प्रमुख द्वारा बताया गया कि इस वर्ष चीनी मिल द्वारा 162.17 लाख कु0 गन्ना की पेराई की गई है तथा चीनी मिल द्वारा इस वर्ष कृषकों को कुल 622 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। इकाई प्रमुख द्वारा यह अवगत कराया गया कि चीनी मिल के कुशल संचालन मे सबसे महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक सहयोग गन्ना कृषकों का रहा है। इकाई प्रमुख द्वारा क्षेत्र के सभी किसान भाईयों से अपील की गई है अधिक से अधिक क्षेत्र में गन्ना बुवाई करे ताकि आपकी चीनी मिल को उसकी पेराई क्षमता के अनुसार गन्ना उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त कृषक भाईयों से अपील की गई कि पेड़ी गन्ने की अच्छी पैदावार लेने के लिए गैप फीलिंग, निराई-गुड़ाई एवं समय से उर्वरकों का प्रयोग करें।

### सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट घोषित: सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेधावियों का माल्यार्पण कर सम्मान



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों में सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला गोकर्णनाथ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल बन गया। मेरिट सूची के अनुसार दक्षवीर सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अनमोल गुप्ता 95.0 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शुभता पेरीवाल 92.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। परिधि गुप्ता और श्रजल कटियार ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चौथा स्थान हासिल किया। अक्षत स्वर्णकार, अर्पिता सिंह एवं अभय वर्मा ने 92.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। अंश कुमार वर्मा 91.8 प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर रहे, जबकि दर्शिका सिंह ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया। आर्यांश वर्मा ने 90.0 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान, आयुष चौरसिया ने 89.4 प्रतिशत के साथ नौवां स्थान तथा मृणालिका वर्मा ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फादर अनूप तिर्की ने सभी मेधावी विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन के माध्यम से छात्रों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करता रहेगा। सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष भी शानदार परीक्षा परिणाम देकर क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है, जिससे अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

### क्षेत्र के पेट्रोल पंपो पर डीजल-पेट्रोल का स्टॉक खत्म, ग्राहक परेशान

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** खाड़ी देशो में चल रहे युद्ध का असर क्षेत्र के पेट्रोल पंपो पर पड़ा है इंडियन आयल भारत पेट्रोल पंप की पेट्रोल पंपो पर डीजल पेट्रोल नहीं मिलने पर ग्राहकों को परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। वंही इस संबंध में पेट्रोल पंप संचालको का कहना है की डिपो से पेट्रोल डीजल नहीं मिलने से समस्या हो रही है क्षेत्र के बरी गांव स्थित इंडियन आयल के पेट्रोल पंप पर गुरुवार को डीजल पेट्रोल का स्टॉक खत्म होने से पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल के लिए पहुंचे ग्राहकों को बिना डीजल पेट्रोल के वापस लौटना पड़ा। इसी प्रकार बसुहरा गांव स्थित भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर भी डीजल पेट्रोल का स्टॉक नहीं होने से ग्राहकों को डीजल पेट्रोल के लिए मायूस होना पड़ा है। मवई कला गांव स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल का सीमित स्टॉक होने से ग्राहकों को सौ पचास रूपये का पेट्रोल दिया गया है। वही डीजल का स्टॉक खत्म होने से ग्राहकों को बिना डीजल के वापस लौटना पड़ा है। देवरी बाजार स्थित इंडियन आयल के पेट्रोल पंप पर स्टॉक समिति होने से ग्राहकों को थोड़ा थोड़ा डीजल पेट्रोल दिया गया है। रतेह चौराहा स्थित भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप के मैनेजर अखंड सिंह ने बताया की पंप पर पेट्रोल का स्टॉक थोड़ा उपलब्ध है डीजल का स्टॉक उपलब्ध नहीं है। पेट्रोल पंपो से डीजल पेट्रोल नहीं मिलने पर ग्राहकों को बिना डीजल पेट्रोल के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । वही पेट्रोल पम्प के संचालको का कहना है की डिपो से डीजल पेट्रोल नहीं मिलने से स्टॉक खत्म हो गया है डिमांड भेजा गया है डिपो से डीजल पेट्रोल मिलने पर ग्राहकों को दिया जायेगा।

### गैस गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओ की लम्बी भीड़

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया स्थित विंध्य भारत गैस एजेंसी पर गैस रिफिल कराने के लिए गैस बुकिंग करा चुके उपभोक्ताओ द्वारा गैस सिलेंडर के लिए विंध्य भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर के लिए गुरुवार की सुबह से ही गोदाम पर पहुंचकर कतार में लग गया सैकड़ो की संख्या में पहुँचे गैस उपभोक्ताओ की लम्बी कतार गोदाम के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लग गई। और गैस सिलेंडर के लिए अपनी बारी का इंतजार करने लगे गैस गोदाम पर भारी संख्या में उपभोक्ताओ की भीड़ पहुंचने की सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा एसआई घनश्याम सिंह, महेंद्र प्रताप यादव सहित पुलिसकर्मियों की डियूटी लगाई है जिससे गोदाम पर सिलेंडर लेने के लिए पहुँचे उपभोक्ताओ को सिलेंडर लेने में किसी भी प्रकार की परेशानी ना होने पाए । गैस उपभोक्ताओ को पहले गैस बुकिंग कराने के लिए एजेंसी के बाहर कतार लगाना पड़ा अब गैस सिलेंडर के लिए गोदाम के बाहर कतार लगाना पड़ रहा है गैस एजेंसी कर्मियों द्वारा गैस की बुकिंग करने के बाद गैस सिलेंडर के लिए तारीख दिया जा रहा है की इस तारीख को गोदाम से सिलेंडर मिलेगा लेकिन उपभोक्ता गैस बुकिंग कराने के बाद सीधे गैस लेने के लिए गोदाम पर पहुंच रहे है।

# निघासन सिविल कोर्ट के न्यायिक अधिकारियों को भावभीनी विदाई

▸ मऊ तबादले पर प्रीति यादव व रजत यादव का सम्मान, अधिवक्ताओं ने सराहा कार्यकाल

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** सिविल कोर्ट निघासन में तैनात रहीं न्यायिक अधिकारी प्रीति यादव व रजत यादव के मऊ जिले में स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेंट्रल बार एसोसिएशन निघासन के तत्वावधान में लखीमपुर खीरी में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, मंत्री उमाकान्त जायसवाल तथा वरिष्ठ अधिवक्ता दीपचंद गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी। प्रीति यादव को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि रजत यादव को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर विदाई दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दोनों न्यायिक अधिकारियों का कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा। उन्होंने निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ न्यायिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिवक्ताओं व वादकारियों के बीच विश्वास कायम किया। समारोह में उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य और नए कार्यस्थल पर सफलता की कामना की। इस दौरान बार एसोसिएशन के अन्य सदस्य, अधिवक्ता व न्यायालय स्टाफ भी मौजूद रहा।

# अंबेडकर जयंती विवाद में गरमाई सियासत, निर्दोषों पर कार्रवाई के विरोध में ज्ञापन

▸ महिलाओं के उत्पीड़न का आरोप, निष्पक्ष जांच की उठी मांग

समृद्धि न्यूज़



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।** तहसील गोला के ग्राम मोतीपुर, बांकेगंज (ग्रंट नंबर 10), थाना मैलानी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के दौरान हुए विवाद को लेकर अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को 'मिशन सामाजिक परिवर्तन - एक नई दिशा' संगठन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को संबोधित था, जिसे उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार, तहसील गोला को सौंपा गया। संगठन ने ज्ञापन में बताया कि 14 अप्रैल 2026 को आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के मैकूपुर निवासी चंदा देवी और पुलिस चौकी बांकेगंज के इंचार्ज के बीच बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा हटाने को लेकर विवाद हुआ, जो बाद में गंभीर रूप ले गया।

घटना की निंदा करते हुए संगठन ने आरोप लगाया कि इसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा बिना समुचित जांच के निर्दोष लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि दूर-दराज के गांवों के छात्रों पर भी मुकदमे दर्ज किए गए हैं और कुछ स्थानों पर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार व प्रताड़ना की शिकायतें सामने आई हैं।

**ज्ञापन में संगठन की प्रमुख मांगें—** प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने पर किसी भी पक्ष के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। बिना पूर्ण जांच के किसी निर्दोष के विरुद्ध कार्रवाई न हो। महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की प्रताड़ना पर तत्काल रोक लगाई जाए। संगठन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्षता बरतते हुए उचित कदम उठाएगा, जिससे दोषियों को सजा और निर्दोषों को न्याय मिल सके।

इस दौरान संगठन के अध्यक्ष रमाकांत चौधरी एडवोकेट, सचिव विवेक कुमार गौतम एडवोकेट, सरजीत कुमार एडवोकेट, मनोज कुमार एडवोकेट, विक्रम सिंह एडवोकेट, अनुज कुमार एडवोकेट, सूरज प्रसाद एडवोकेट, राजेश कुमार गौतम, सचिन चौधरी, सुभाष चंद्र प्रजापति सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# निघासन में ग्राम रोजगार सेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, 10 माह से मानदेय लंबित

▸ मनरेगा मजदूरों को भी 5 माह से नहीं मिला भुगतान, गांवों में काम ठप, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** तहसील क्षेत्र में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों/पंचायत मित्रों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। बुधवार को रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

रोजगार सेवकों ने साफ कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि वे पिछले करीब 20 वर्षों से संविदा के आधार पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन सेवा शर्तों में अब तक कोई ठोस सुधार नहीं किया गया है।

**10 महीने से मानदेय नहीं, आर्थिक संकट गहराया**

रोजगार सेवकों के अनुसार बीते 10 महीनों से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं मिला है। ऐसे में उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई कर्मचारियों ने बताया कि परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है और कर्ज लेने की नौबत आ रही है।

**मनरेगा मजदूर भी परेशान, 5 महीने से अटका भुगतान**

सिर्फ रोजगार सेवक ही नहीं, बल्कि मनरेगा मजदूर भी भुगतान न मिलने से जूझ रहे हैं। गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत कराए गए कार्यों की मजदूरी पिछले करीब 5 महीनों से लंबित है। इससे मजदूरों में आक्रोश बढ़ रहा है और वे भी काम करने से पीछे हट रहे हैं। भुगतान न होने के चलते अधिकांश गांवों में मनरेगा के कार्य ठप हो चुके हैं। न नए कार्य शुरू हो पा रहे हैं और न ही पुराने कार्यों में प्रगति हो रही है। इससे ग्रामीण विकास की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं और आम लोगों में चिंता का माहौल है। ज्ञापन के माध्यम से रोजगार सेवकों ने मानदेय का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने और मनरेगा मजदूरों को समय पर मजदूरी दिलाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगी।

इस दौरान ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमर प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में आशीष कनौजिया, संजय गुप्ता, तिलकराम, इमरान खान, सुरजीत सिंह, आनंद कुमार, दुर्गेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार मौर्य, अनिल कुमार, मोहन यादव, पिंटू वर्मा और श्रीराम सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।

## उद्घाटन से पहले ही उखड़ने लगी निघासन उपमंडी की सड़क, गुणवत्ता पर उठे सवाल



**निघासन-खीरी।** निघासन के पलिया रोड स्थित नवीन उपमंडी परिसर का उद्घाटन भले ही अभी न हुआ हो, लेकिन उससे पहले ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। करोड़ रुपये की लागत से बनी इस उपमंडी की सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है, जिससे पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

जानकारी के अनुसार निघासन व लुधौरी ग्राम समाज की 1.546 हेक्टेयर भूमि पर तैयार किए गए इस उपमंडी परिसर में डामर से बनी सड़क की हालत बेहद खराब बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क इतनी कमजोर है कि पैर की हल्की ठोकर से ही डामर उखड़ जा रहा है और नीचे की गिट्टी बाहर निकल रही है। ग्रामीणों और व्यापारियों का आरोप है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि सड़क उद्घाटन से पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगे, तो यह निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री के उपयोग की आशंका जताई है। मंडी परिसर में रोजाना किसानों और व्यापारियों का आवागमन होना है, ऐसे में सड़क की खराब स्थिति भविष्य में बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मडहे में लगी आग खाद्यान सामान व गृहस्थी जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर )।** हलिया थाना क्षेत्र के मवई कला गांव में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मडहे में लगी आग से मडहे में रखी दो मोटर साइकिल सहित दो मोबाइल फोन खाद्यान सामग्री व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है ।



हलिया थाना क्षेत्र के मवई कला गांव निवासी रामबाबू मौर्य के कच्चे मकान में बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से अफरा तफरी मच गयी ।ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई आगजनी से मडहे में रखा दो मोटर साइकिल, दो मोबाइल फोन, चार चारपाई, दस पाइप, एक टुल्लू पम्प, गेंहू, चावल, व तीस हजार रूपये नगदी जलकर राख हो गया परिजनों और ग्रामीणों ने बाल्टी व मोटर के जरिए आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन तब तक आग ने पूरा मडहा को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते मडहे में रखा सामान जलकर राख हो गया आगजनी की घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मवई कला महेंद्र कुमार ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को देते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को आगजनी से हुई क्षति की सहायता दिलाने की मांग की है।

# डीजल संकट से हाहाकारः बिजुआ में किसानों की बेबसी पंप पर अफरा-तफरी, प्रशासन बना मूकदर्शक

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ (खीरी)।** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र इन दिनों डीजल संकट की गंभीर मार झेल रहा है। पिछले कई दिनों से डीजल की किल्लत ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि किसान, वाहन चालक और आमजन सभी त्रस्त हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि खेती के सबसे महत्वपूर्ण समय–बुवाई और जुताई–के दौरान यह संकट गहराया है, जिससे किसानों में चिंता के साथ-साथ आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को जैसे ही यह सूचना फैली कि गोला रोड, बस्तौला स्थित कृष्णा एजेंसी पेट्रोल पंप पर डीजल उपलब्ध है, पूरे क्षेत्र में मानो हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में पंप पर सैकड़ों वाहनों की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रैक्टर-ट्रॉली, बाइक, कार और अन्य वाहनों की लंबी कतारें सड़क तक फैल गईं। हालात ऐसे हो गए कि पंप परिसर में अफरा-तफरी और अव्यवस्था का माहौल बन गया, जिससे आमजन को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किसानों का कहना है कि डीजल के अभाव में उनकी खेती का काम पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि समय पर डीजल न मिलने से बुवाई में देरी हो रही है, जिससे फसल पर सीधा असर पड़ेगा और आर्थिक नुकसान तय है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी, तो आने वाले दिनों में हालात और विकट हो सकते हैं। पंप कर्मियों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से मांग के मुकाबले डीजल की आपूर्ति कम हो रही थी, जिसके चलते यह संकट गहराया। बुधवार रात टैंकर पहुंचा और गुरुवार सुबह से बिक्री शुरू हुई, लेकिन सूचना मिलते ही भीड़ बेकाबू हो गई। स्थिति को संभालना पंप कर्मचारियों के लिए बड़ी चुनौती बन गया। डीजल की बिक्री दोपहर करीब तीन बजे तक जारी रही, जिसके बाद स्टॉक खत्म हो गया। इसके बावजूद लंबी कतारों में लगे लोग निराश होकर लौटते नजर आए। वहीं, जब इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी (डीसीओ) अंजनी कुमार को फोन किया गया, तो उन्होंने पूरी बात सुन लेने के बाद कॉल काट दी और पुनः फोन रिसीव नहीं किया।



# जिला प्रशासन व आपूर्ति विभाग की गंभीर लापरवाही

▸ एक तरफ भीषण गर्मी की चपेट दूसरी तरफ गैस सिलेंडर की मारामारी से हैरान हैं लोग

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज तहसील क्षेत्र प्रशिक्षु आईएएस महेंद्र सिंह उपजिलाधिकारी लालगंज के आँख के नीचे विन्ध्य भारत गैस एजेंसी पतार कलां के द्वारा गैस सिलेंडर वितरण में लाईन लगवाने के बाद भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था नहीं किया गया है। एक तरफ लाईन में लगे गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में पेयजल की तड़प दूसरी तरफ गैस सिलेंडर दस दस घंटे तक लाईन लगवाने के बावजूद समय समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाना मारामारी की नौबत आ रही है। मौके पर पतार कलां पुलिस चौकी के उप निरीक्षक एवं लालगंज पुलिस प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह द्वारा गस्त करके कानून व्यवस्था तो कायम है लेकिन सम्बन्धित ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत लालगंज द्वारा अपना दायित्व निर्वहन नहीं किया जा रहा है। जबकि सबको स्वच्छ पेयजल मुहैया कराया जाना ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत लालगंज का पहला कर्तव्य है। उस पर खरा नहीं उतर रहे हैं। गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की भारी संख्या में में मौजूदगी के बाद पेयजल मुहैया कराया जाना सम्बंधित ग्राम पंचायत का पहला कर्तव्य है लेकिन आसानी से देखा जा सकता है कि भारी संख्या में आवागमन के चलते पेयजल मुहैया नहीं कराई जा रही है। जबकि गैस सिलेंडर की अभाव को देखते हुए जिला प्रशासन एलर्ट है लेकिन उसका कोई प्रभाव लालगंज तहसील क्षेत्र में देखने को नहीं मिल रहा है। लगातार लाईन लगने की दुर्व्यवस्था से गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं में भारी रोष है। लालगंज बाजार से दस किमी दूर पतार कलां विन्ध्य भारत गैस एजेंसी गोदाम में लम्बी लाईन के शिकार जागरूक नागरिक प्रेम चंद जायसवाल भी हुए उन्होंने ने बताया की गैस सिलेंडर वितरण की दुर्व्यवस्था मौके पर भारी संख्या में गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं की लाईन एवं पेयजल मुहैया नदारद पर सवाल खड़ा किया है। प्रेम चंद जायसवाल बताते हैं कि लम्बी लाईन की एक तरफ मार दूसरी तरफ एवं भीषण गर्मी की चपेट तीसरे तरफ पेयजल का संकट से मारामारी मची हुई है। उन्होंने कहा कि वितरण करने का तरीका गलत है। जिसके चलते मारामारी मची हुई है। गौरतलब बात यह है कि गैस एजेंसी डीलर को चाहिए कि गैस सिलेंडर वितरण का काऊण्टर बढ़ाया जाना चाहिए और गैस उपभोक्ताओं को पेयजल मुहैया कराया जाना चाहिए ऐसा नहीं करने पर सवाल खड़ा होना स्वाभाविक है। और मौके पर आपूर्ति विभाग एवं सम्बंधित नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक लेखपाल स्थानीय उप निरीक्षक की टीम भी मौजूद होकर गैस सिलेंडर वितरण कराया जाये तो गैस सिलेंडर वितरण में पक्षपात एवं मारामारी को रोका जा सकता है।

## राज्य सूचना आयुक्त ने की लम्बित प्रकरणों की समीक्षा, निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करने का दिया निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त श्रीमती शकुन्तला गौतम (सेवानिवृत्त आई0ए0एस0) ने आज जनपद मीरजापुर भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जन सूचना अधिकारियोंध्प्रथम अपीलीय जन सूचना अधिकारियो के साथ बैठक कर सूचना के लिए भटक रहे लोगो को ससमय सूचना उपलब्ध कराने के दृष्टिगत विभागवार लम्बित मामलो की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियो को निर्देशित किया कि किसी व्यक्ति के द्वारा जन सूचना अधिकार के तहत सूचना मांगे जाने पर तीस दिवस के अन्दर मांगी गई सूचना का उत्तर प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि सूचना सम्बन्धित विभाग से सम्बन्धित न हो तो ऐसी दशा में पांच दिवस के अन्दर शिकायतकर्ता को यह बताते हुए कि मांगी गई इस विभाग से सम्बन्धित नही है तथा जिस विभाग से है उस विभाग से सूचना मांगने हेतु शिकायतकर्ता को वापस कर दिया जाए।